आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* भगवान बिरसा मुण्डा शहीदी दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 144 | उज्जैन, मंगलवार 09 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 9 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश


### टीएमसी नेता जहांगीर खान नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को टीएमसी नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से हुई। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 एफआईआर की गई थीं। वह नेपाल भागने की फिराक में था। अभी बंगाल पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस जहांगीर को कोलकाता ला रही है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक जहांगीर को अवैध वसूली करने के आरोप में पकड़ा गया है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पहले यह दावा किया गया था कि जहांगीर के समर्थकों ने महिलाओं को गैंगरेप की धमकी दी थी।

### होर्मुज में जलते जहाज से 24 भारतीयों का किया रेस्क्यू

**तेल अवीव।** होर्मुज स्ट्रेट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को इंडियन नेवी ने बचा लिया है। शुरूआती रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने फिलहाल इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोक दी है। हालांकि उसने चेतावनी दी कि अगर इजराइल ने फिर से लेबनान या अन्य जगहों पर हमला किया तो उसे पहले से ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा। दूसरी ओर अमेरिका युद्धविराम और शांति समझौते की कोशिशों में जुटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि इजराइल और ईरान दोनों संघर्ष रोकना चाहते हैं और अंतिम समझौते को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है।

### राकेश रोशन बोले
### फिल्म कृष-4 को लेकर कोई समस्या नहीं



**मुंबई।** बॉलीवुड के चर्चित प्रोजेक्ट्स में शामिल कृष-4 एक बार फिर सुर्खियों में है। पिछले कुछ महीनों से खबरें थीं कि फिल्म के बजट और निर्माण को लेकर ऋतिक रोशन और यशराज फिल्म्स के बीच मतभेद चल रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ऋतिक अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कृष-4 के लिए करीब 500 करोड़ रुपए का बजट चाहते हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसे 350 करोड़ रुपए के भीतर रखना चाहते हैं। अब इन अटकलों पर फिल्ममेकर राकेश रोशन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ऋतिक द्वारा 500 करोड़ रुपए की मांग किए जाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। राकेश रोशन के मुताबिक, ऋतिक और आदित्य चोपड़ा के बीच किसी तरह का विवाद नहीं है। राकेश रोशन के मुताबिक, ऋतिक और आदित्य चोपड़ा के बीच किसी तरह का विवाद नहीं है। मिड-डे को दिए इंटरव्यू में राकेश रोशन ने कहा कि यह कहना गलत है कि ऋतिक ने फिल्म के लिए 500 करोड़ रुपए का बजट मांगा है। उन्होंने इन खबरों को नॉनसेंस यानी बकवास बताया। राकेश के मुताबिक, बड़ी और दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरने वाली फिल्म बनाने में समय लगता है।

### फिलीपींस में 7.8 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद सुनामी का अलर्ट

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से मिंडानाओ में सोमवार 8 जून की सुबह तेज भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.8 दर्ज की गई है, जिसके बाद कई तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। भूकंप के बाद बिजली आपूर्ति बाधित होने और लोगों के घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने की खबरें सामने आई हैं। हालांकि अब तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप पर जनरल सैंटोस शहर से लगभग 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था। इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम सोरेन की जमानत याचिका हुई खारिज

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 8.86 एकड़ जमीन के कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा झटका लगा है। स्पेशल पीएमएलए यानी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट ने उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और अब आदेश सुना दिया है। इस फैसले से आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया का रास्ता साफ हो गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत करीब 18 लोगों को आरोपी बनाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 5 दिसंबर 2025 को स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में डिस्चार्ज याचिका दायर की थी। याचिका में उन्होंने खुद को बेगुनाह बताया और मामले से बरी किए जाने की मांग की।

### शेयर मार्केट में गिरावट का सिलसिला जारी, सेंसेक्स 650 अंक टूटा

**मुंबई।** सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर वैश्विक संकेतों और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण निवेशकों ने जमकर बिकवाली की। सुबह करीब 10.20 बजे बीएसई सेंसेक्स लगभग 600 अंक टूटकर 73,645 के स्तर पर आ गया जबकि एनएसई निफ्टी 23,200 के स्तर से नीचे फिसल गया। बाजार में चारों तरफ कमजोरी का माहौल रहा जिसमें बैंकिंग, फाइनेंशियल और आईटी सेक्टर के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। इसके साथ ही छोटे और मझोले शेयरों पर भी भारी दबाव देखा गया। बाजार में गिरावट की सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल के दामों में अचानक आई तेजी है।


पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों ने खूनी खेल खेला

## पाकिस्तानी सेना ने जनाजे में जुटे लोगों पर बरसाई गोलियां, 27 की मौत

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों ने खूनी खेल खेला है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई हैं, जिसमें 27 लोग मारे गए हैं। इस घटना के बाद से पीओके में तनाव बढ़ गया है। पीओके में प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों ने रावलकोट में एक अंतिम संस्कार में जमा हुए लोगों पर फायरिंग की। हिंसा की घटना ऐसे समय में हुई है, जब पाकिस्तान ने कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान में 7 जून को चुनाव कराए हैं।

- लोग 100 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की बात कर रहे।
- अस्पताल परिसर से लगभग 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया।




### जनाजे की प्रार्थना के लिए जुटे थे लोग

जॉइंट अवामी ऐक्शन कमेटी के अनुसार, शाहजेब हबीब नाम के प्रदर्शनकारी को शुक्रवार को पाकिस्तानी रेंजर्स ने मार दिया था। ऐक्शन कमेटी के नेताओं का कहना है कि रावलकोट के कंबाइंट मिलिट्री हॉस्पिटल के बाहर शाहजेब की अंतिम संस्कार की प्रार्थना के लिए लोग जुटे थे। इसमें अवामी ऐक्शन कमेटी के नेता भी शामिल थे। इस दौरान लोग पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तान की सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे, तभी सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, कमेटी ने आरोप लगाया है कि सुरक्षाबलों की गोलीबारी में कम से कम 27 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं। कुछ स्थानीय लोग 100 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की बात कर रहे हैं। हालांकि, मारे जाने वाले लोगों के बारे में पुष्टि नहीं हो पाई है। अवामी ऐक्शन कमेटी ने दावा किया है कि अस्पताल परिसर से लगभग 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं, सुरक्षा कार्रवाई के बाद कई लोग लापता हैं। कमेटी ने यह भी आरोप लगाया है कि सुरक्षाबलों ने मारे गए प्रदर्शनकारियों के शवों को अपने कब्जे में ले लिया है।

### हिंसा की चपेट में पीओके

- पीओके में हिंसा की घटना ऐसे समय में हुई है जब यह इलाका पिछले कुछ हफ्तों से अशांति की चपेट में है। पीओके के लोग अपने राजनीतिक अधिकारियों और सुरक्षाबलों की ज्यादतियों के खिलाफ लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। आरोप है कि पाकिस्तानी सुरक्षाबल लोगों पर अपनी मनमानी करते रहे हैं और इस इलाके को खुली जेल में बदल दिया गया है।
- इसके खिलाफ पीओके के लोगों का गुस्सा फूट रहा है। हाल में हुए प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़पें हुई हैं। ऐक्टिविस्टों का कहना है कि पाकिस्तान से जुड़े सुरक्षाबलों के 7 सदस्य मारे गए हैं। इनमें पीओके की पुलिस के 4 जवान और रेंजर्स व फ्रंटियर कॉर्प्स के तीन सदस्य शामिल हैं।

धार जिले के मनावर में लोकायुक्त इंदौर ने की भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई

## पटवारी को दस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

धार जिले के मनावर में सोमवार को लोकायुक्त इंदौर ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को दस हजार कि रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त निर्देश से की गई। लोकायुक्त ट्रैप दल के कार्यवाहक निरीक्षक सचिन पटेरिया ने बताया कि आवेदन अरुण कुमार तिवारी ने ग्राम पंचायत कस्थली में अंकुश सोनी को दो प्लाट बेचे थे इन प्लाटों के नामांकन के लिए आरोपी पटवारी प्रवीण पाटीदार ने प्रति प्लाट 10 हजार के हिसाब से कुल 20 हजार की रिश्वत मांगी थी आवेदक अरुण कुमार तिवारी ने इसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय इंदौर की गई थी।



- लोकायुक्त कार्यालय इंदौर के पुलिस अधीक्षक राजेश सहायक से की शिकायत के सत्यापन में सही पाए जाने के बाद लोकायुक्त टीम ने ट्रैप दल का गठन किया। लोकायुक्त ने पहली किस्त लेते हुए आवेदन कर्ता अरूण तिवारी से आरोपी प्रवीण पाटीदार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा।
- आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 18 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख और उप पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में की गई। ट्रैप दल में कार्यवाहक रंणजीत द्विवेदी, आरक्षक विजय कुमार, सतीश यादव, कमलेश परिहार, मनीष माथुर और कृष्ण अहिरवार शामिल थे।

### खाद्य तेलों के लिए मानक पैकिंग लागू की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कानूनी माप प्रणाली के अंतर्गत खाद्य तेलों के लिए मानक पैकिंग लागू की है। इससे बाजार में अधिक पारदर्शिता और एकरूपता आएगी। उपभोक्ता कार्य विभाग ने खाद्य तेलों और घी की शुद्ध मात्रा तथा मानक पैक आकार निर्धारित करने संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया में संशोधन किया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि संशोधित नियमों के अंतर्गत, ताड़ का तेल, पामोलिन, सोयाबीन तेल, सूरजमुखी तेल, सरसों का तेल, मूंगफली का तेल, तिल का तेल, चावल की भूसी का तेल, कपास के बीज का तेल और मक्का के तेल सहित प्रमुख खाद्य तेलों के लिए मानक पैक आकार निर्धारित किए गए हैं।

### विजयवर्गीय का दावा- बीजेपी के साथ रहेंगी निर्मला सप्रे

**कांग्रेस की राज्यसभा कैंडिडेट मीनाक्षी बोलीं- हम एकजुट**
**दिग्विजय समर्थक ज्ञानचंदानी का पार्टी से इस्तीफा**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल




मध्य प्रदेश कोटे की तीसरी राज्यसभा सीट के लिए बीजेपी कैंडिडेट महेश केवट ने नामांकन भर दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय जनता पार्टी अपने तीसरे प्रत्याशी को भी विजय मार्ग पर लेकर चलेगी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दावा किया- बीना विधायक निर्मला सप्रे बीजेपी के साथ रहेंगी।

इससे पहले, कांग्रेस कैंडिडेट मीनाक्षी नटराजन पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और विधायकों के साथ विधानसभा पहुंचीं। यहां राज्यसभा चुनाव के लिए नॉमिनेशन दाखिल किया। नटराजन ने कहा- हम सब एकजुटता से लड़ेंगे और जीतेंगे।

दूसरी तरफ, भोपाल की हुजूर सीट से दो बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके नरेश ज्ञानचंदानी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। वे मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने से नाराज हैं। एक अन्य घटनाक्रम में बीना विधायक निर्मला सप्रे आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने सीएम हाउस गई थीं। हालांकि, यहां क्या चर्चा हुई, इसका पता नहीं चल सका है।

### कॉकरोच जनता पार्टी देशभर में प्रदर्शन करेगी: अभिजीत दीपके

- खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में जाऊंगा
- 13 जून तक शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। उन्होंने रविवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा- अगर 13 जून तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो मैं खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में प्रदर्शन के लिए जाऊंगा।

उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर के छात्र फिर से दिल्ली जाएंगे और शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। सीजेपी ने 6 जून को जंतर-मंतर पर भी प्रदर्शन किया था और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की थी। अभिजीत 6 जून को प्रदर्शन के लिए अमेरिका से भारत आए हैं। वे रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित अपने घर पहुंचे। उन्होंने शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- पिछले 10-12 साल में देश की राजनीति हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर केंद्रित रही है।

### ट्रम्प ने भारत में बाइक चलाने का एआई-वीडियो शेयर किया

शेर की सवारी करते दिखे, चांद पर झंडा भी लगाया



एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड वीडियो शेयर किया। करीब एक मिनट के इस वीडियो में ट्रम्प कभी भारत की सड़कों पर बाइक चलाते दिखते हैं, तो कभी शेर की सवारी करते नजर आते हैं।

वीडियो में ट्रम्प के कई अलग-अलग अवतार दिखाए गए हैं। उन्हें रेगिस्तान में ऊंट पर बैठे, पैराग्लाइडिंग करते और स्पेससूट पहनकर चांद पर अमेरिकी झंडा लगाते हुए भी दिखाया गया है। इतना ही नहीं, उनका चेहरा पिज्जा, बस, होर्डिंग, माउंट रशमोर और नॉर्दर्न लाइट्स पर भी नजर आता है। वीडियो के बैकग्राउंड में एक गाना चलता है, जिसके बोल ट्रम्प की तारीफ पर केंद्रित हैं। इसमें बार-बार कहा जाता है कि दुनिया भर के लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं और उनका समर्थन करते हैं।

इंडिया ब्लॉक की 2 साल बाद हुई 7वीं बैठक में 25 दलों के नेता शामिल हुए

## देश के युवाओं के साथ धोखा हुआ : खड़गे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडिया ब्लॉक की 2 साल बाद हुई 7वीं बैठक में सोमवार को 25 दलों के नेता शामिल हुए। दिल्ली में हुई बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, सुप्रिया सुले, कपिल सिब्बल समेत कई नेता मौजूद रहे। वहीं उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन वर्चुअली जुड़े।




मीटिंग के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- 2 घंटे से ज्यादा चली बैठक में 5 मुद्दों पर सहमति बनी है। नीट में देश के युवाओं के साथ धोखा हुआ है। नीटी और सीबीएसई की गड़बड़ी के लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं, वह तुरंत इस्तीफा दें। खड़गे ने कहा कि एसआईआर में करोड़ों वोटर के नाम कटे। एसआईआर और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर सीजेआई को लेटर लिखेंगे। सरकार को महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। गठबंधन हर 2 महीने में और मानसून सत्र के दौरान भी बैठक करेगा। अगली बैठक 8 अगस्त को हैदराबाद में होगी।

राजस्थान में ओलावृष्टि, दिल्ली एयरपोर्ट पर तेज आंधी-बारिश से एअर इंडिया के 3 विमान डैमेज

## मानसून 12 राज्यों में पहुंचा: मप्र-यूपी में बारिश

एजेंसी ▸▸ जयपुर/पटना

देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार तक मानसून 12 राज्यों तक पहुंच गया। इसने पूरे केरलम, कर्नाटक, मणिपुर, नगालैंड और मिजोरम को कवर कर लिया है।

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में प्री-मानसून बारिश हो रही है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में रविवार को बारिश के साथ ओले गिरे। मध्य प्रदेश के इंदौर-खंडवा हाईवे पर आंधी से ऑटो पलट गया।

दिल्ली एयरपोर्ट पर तेज आंधी और बारिश के दौरान ग्राउंड सपोर्ट उपकरणों की टक्कर से एअर इंडिया के तीन नैरो बॉडी विमान क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद तीनों विमानों को ऑपरेशन से बाहर कर दिया गया है।



दिल्ली-एनसीआर में सोमवार से मौसम में बदलाव आया है, यहां दोबारा गर्मी बढ़ेगी। आने वाले दिनों में तापमान 45 डिग्री तक पहुंचने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार अगले हफ्ते हीटवेव जैसी परिस्थितियां बन सकती हैं।

- केरलम में इस बार मानसून तीन दिन की देरी से, 4 जून को पहुंचा था। 4 दिन के अंदर इसने 12 राज्यों को कवर कर लिया। रविवार को मानसून ने पूर्वोतर के त्रिपुरा, असम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में एंट्री ले ली है।
- इससे पहले शनिवार को आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर में पहुंचा था। आईएमडी के मुताबिक, 7 से 9 जून के बीच केरलम में कई जगह भारी बारिश हो सकती है। लक्षद्वीप में 7 और 8 जून को भारी बारिश हो सकती है।
- मौसम विभाग के मुताबिक, 3-4 दिनों में मॉनसून महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ सकता है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## विकृति ने विस्तार लिया

दर्शन,आरती,पूजा के नाम पर श्रद्धालुओं से धोखाधडी के मामले अब धर्मनगरी तक ही उससे आगे तक निकलते जा रहे हैं। धर्मनगरी से ये मामले अब संभाग के अन्य धर्मस्थलों की और भी रूख कर चुके हैं। हाल ही में संभाग के पूर्वी छोर के लाल माटी के जिले में स्थित एक प्रसिद्ध माता मंदिर में हवन के नाम पर श्रद्धालुओं के साथ ठगी एवं धोखाधडी का मामला हुआ है। माता के जगराते एवं गरबों के लिए प्रसिद्ध प्रदेश के रहने वाले श्रद्धालु ने गुगल से लिंक तलाश कर उससे नंबर तलाशा और नंबर पर काल कर जानकारी ली थी। उसके बाद संबंधित श्रद्धालु के साथ हवन के नाम पर धोखाधडी एवं ठगी को अंजाम दिया गया। जैसा कि धर्मनगरी के मंदिर में आए दिनों मामले हो रहे हैं। श्रद्धालु के मंदिर पहुंचने एवं समिति से जानकारी लेने पर तह खुली और उसे जानकारी लगी कि उसके साथ बडा धोखा हुआ है। इसे लेकर उसने मंदिर के वर्दी केंन्द्र पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई । वर्दी केंद्र ने भी मामले में प्रकरण दर्ज कर इस विकृति पर नियंत्रण का प्रयास किया है । विकृति के विस्तार की स्थिति बराबर सामने आ रही है। इससे पूर्व भी माता मंदिर के इस तहसील में बाहर की वर्दी ने आकर कुछ लोगों को दबोचा था और उन्हें साथ लेकर गए थे। उस मामले में भी वहां के नाम का उपयोग कर यहां से धोखाधडी की जा रही थी। खुसूर झफुसूर है कि श्रद्धालुओं के साथ धर्म के नाम पर बढते धोखाधडी के मामलों को लेकर कोई पुख्ता एवं सक्षम व्यवस्था सामने नहीं आ रही है। बाहरी वर्दी केंद्र ही ऐसे मामलों को देख रहे हैं। पूर्व में धर्मनगरी के मंदिर के लिए उसके नाम से घोषित वर्दी केंद्र अब तक अस्तित्व में नहीं आया है। सामान्य वर्दी केंद्रों की बजाय अगर संबंधित मंदिर के वर्दी केंद्रों को ही ऐसे मामलों में सक्षमता एवं अधिकार मिलेंगे तो इससे जांच भी सहीं होगी और बाहरी श्रद्धालुओं को समय पर और उचित न्याय की प्राप्ति हो सकेगी। इसके लिए तत्काल ही ऐसी किसी योजना पर काम करते हुए इस विकृति को विस्तारित होने से पहले ही नियंत्रित किया जाना बहुत ही आवश्यक हो चला है।

## न्यूज कॉलम

### भारत विकास परिषद् त्रिवेणी शाखा का शपथ विधि कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** शहर के प्रतिष्ठित रिसॉर्ट में भारत विकास परिषद् त्रिवेणी शाखा के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण मंदसौर से पधारे प्रांत अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल द्वारा कराया गया। त्रिवेणी शाखा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता मुकेश दिसावल, संयोजक सामाजिक समरसता मालवा प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम परिषद् की त्रिवेणी शाखा के सदस्य एवम भारत विकास परिषद् की राष्ट्रीय सेवा गतिविधि सदस्य रविन्द्र सोनी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। संचालन हरीश तिवारी ने किया। आभार शाखा सचिव धर्मेंद्र भटनागर ने माना।

### पुरुषोत्तम सागर में नौका विहार करेंगे भगवान श्री लीला पुरुषोत्तम

**उज्जैन।** अधिकमास के पुनीत अवसर पर मंगलवार 9 जून को इंदिरा नगर स्थित शास्त्र वर्णित श्री पुरुषोत्तम सागर में भगवान श्री पुरुषोत्तम नारायण का भव्य नौका विहार आयोजित किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन ब्रह्मलीन ज्योतिर्विद पंडित श्याम नारायण व्यास की पावन स्मृति में संपन्न होगा।बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी के गादीपति ज्योतिर्विद पं. चंदनश्यामनारायण व्यास ने बताया कि शाम 6 बजे सर्वप्रथम तीर्थ का पंचामृत से पूजन कर पीतांबर अर्पण किया जाएगा। इसके पश्चात



भगवान श्री लीला पुरुषोत्तम नौका विहार करेंगे। इस अलौकिक दृश्य के दर्शन और पुण्य लाभ के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

## ट्रेंडिंग




श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के बाहर एवं अंदर दोनों ओर बाधा ही बाधा

# श्रद्धालु दर्शन में बाधक बने मांगने वाले और सुरक्षाकर्मी







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रवेश को लेकर मंदिर परिसर के बाहर एवं अंदर दोनों और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिसर के बाहर मांगने वालों के कारण श्रद्धालु परेशान है। ये मांगने वाले श्रद्धालुओं के कपड़े तक खींचने से बाज नहीं आ रहे हैं। अंदर शाम 6 बजे बाद श्रद्धालुओं को सुरक्षाकर्मी जूना महाकाल एवं बाबा बाल हनुमान क्षेत्र में नहीं जाने दे रहे हैं। मंदिर में एक बार फिर विवादित विडियो का मामला सामने आया है। एक युवक ने पुष्पा के ड्रेसअप में भगवान के दर्शन किए हैं और उसे वीआईपी ट्रीटमेंट मिला है।

भगवान के मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं का मन मंदिर के बाहर ही आहत हो रहा है। दान के लिए श्रद्धालुओं के साथ जबरदस्ती की जा रही है। यहां तक की उनके कपडे तक खींचे जा रहे हैं और नहीं देने पर बद्दुआएं दी जा रही है। परिसर के अंदर श्रद्धालुओं को जूना महाकाल क्षेत्र में जाने से रोका जा रहा है। शाम होते ही यह व्यवस्था किसके आदेश से पालन की जा रही है कोई बताने वाला नहीं है लेकिन सुरक्षाकर्मी इस आदेश का हवाला देकर श्रद्धालुओं को रोक देते हैं और उन्हें आहत कर रहे हैं।

### दान का गौरखधंधा पनपा

महाकाल मंदिर गेट नम्बर एक से लेकर महाकाल थाने तक विशेष तौर पर डेरे से जुड़ी महिलाएं और बच्चे आटा दाल दान के नाम पर आतंक फैला रहे हैं। यहां तक की श्रद्धालुओं से विवाद तक कर रहे हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालु इनके आतंक में फंसकर इन्हें आटा-दाल दान करने को मजबूर हो रहे हैं। इनका इतना आतंक है कि ये यात्रियों की जेब में हाथ डालने से भी नहीं चूक रहे हैं। जबरदस्ती आटा दाल दान के नाम पर बदसलूकी की जा रही है यहां तक की गंदी गालिया दी जाती है। आटा दाल नहीं दिलाने पर यात्रियों के मुँह में गंदे हाथ तक डाले जा रहें है। कुछ स्थानीय दुकानदार इनकी इस प्रक्रिया को सहयोग कर रहे हैं और आटा दाल के पैकेट टेबल पर रख कर उन्हें यात्रियों को 250/-रूपए में दिया जाता है। खास तो यह है कि वही पैकेट दुकानदार को रूपए 150/-में वापस यही लोग बेच रहे हैं। इस रोटेशन में दुकानदार और ये मांगने वाले अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। यात्रियों को दान के नाम पर मुर्ख बनाते हुए आहत किया जा रहा है। मंदिर परिसर के बाहरी हिस्से में लगे सीसी टीवी में इनके आए दिन के मामले रिकार्ड से लिए जा सकते हैं। अगर कोई श्रद्धालु इनसे उलझता है तो ये तत्काल कुछ पुरूषों को बुलाकर उससे अभद्रता में भी पीछे नहीं रहते हैं।

### रोक से जूना महाकाल के दर्शन दुर्लभ

मंदिर परिसर के अंदर शाम के समय सुरक्षाकर्मियों की वजह से जूना महाकाल एवं बाबा बाल हनुमान के दर्शनों की व्यवस्था में बाधा पैदा हो रही है। पिछले कुछ दिनों से शाम को इस क्षेत्र में दर्शन के लिए जाने वाले स्थानीय श्रद्धालुओं को रोका जा रहा है। सुरक्षाकर्मी उन्हें इस क्षेत्र में जाने पर रोक रहे हैं और कहा जा रहा है कि मंदिर समिति के अधिकारियों के आदेश पर ऐसा किया जा रहा है। आदेश किसने जारी किया है इसका हवाला वे नहीं देते हैं। उल्टा संबंधित श्रद्धालु को आदेशित किया जाता है कि वे ही मंदिर प्रबंध समिति से इस क्षेत्र में जूना महाकाल एवं बाबा बाल हनुमान के दर्शन के लिए आदेश लेकर आएं। सुरक्षा कर्मियों के रवैये से जूना महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु बराबर आहत हो रहे हैं।

## फिर विवादित वीडियो बना, पुष्पा के ड्रेसअप में युवक ने किए दर्शन



**'पुष्पा' के मेकअप में दर्शन किए युवक ने, वीडियो बनाया**

मंदिर में एक बार फिर वीडियो विवाद गहराया है। हाल ही में एक युवक-युवती ने गणेश मंडपम् में पहुंचकर सगाई की थी और एक दुसरे को रिंग पहनाई थी। बगैर अनुमति इसकी वीडियो बनाकर बाद में सोश्यल मीडिया पर वायरल किया गया था। इस मामले में मंदिर समिति के कर्मचारियों पर एक्शन लिया गया था। मंदिर परिसर में फोटोग्राफी पर प्रतिबंध होने के बावजूद दो दिन पहले एक युवक पुष्पा फिल्म के हीरो अल्लू अर्जुन की तरह साड़ी-ब्लाउज पहनकर, पैरों में पायल, गले में नींबू की माला और हार, कानों में टॉप्स, नाक में नथनी और हाथों में चूड़ियां पहनकर दर्शन करने पहुंचा। उसके इस अलग अंदाज और पुष्पा स्टाइल को देखकर मंदिर समिति के कर्मचारी भी उसके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए। इस वेशभूषा में दर्शन करने आए युवक को प्रोटोकॉल भी मिला और उसने पूरे मंदिर परिसर का वीडियो भी बनाया। इस दौरान समिति के कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी उसकी मदद करते दिखाई दिए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में मंदिर के सुरक्षाकर्मी ही नियमों पर सवाल खड़े करते नजर आ रहे हैं। युवक ने पुष्पा स्टाई के मेकअप में मानसरोवर गेट से प्रवेश किया। यहां तैनात आधा दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोकने के बजाय उसके साथ फोटो खिंचवाई। इसके बाद मंदिर का एक कर्मचारी उसे वीआईपी श्रद्धालु की तरह गणेश मंडपम् तक दर्शन कराने ले गया। इस दौरान युवक ने पूरे मंदिर परिसर का वीडियो भी शूट किया। युवक के पुष्पा स्टाइल में मंदिर में प्रवेश करने के दौरान दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु भी उसे देखकर हैरान रह गए। इस तरह का वीडियो दो दिन पहले इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अंकित अस्तोलिया की आईडी से अपलोड किए गए हैं। उसकी आईडी पर पुष्पा की ड्रेस में बने कई अन्य वीडियो भी दिखाई दे रहे हैं।

-मंदिर परिसर के बाहर संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय है। बाहर के मामले में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनका काम है। मंदिर परिसर के अंदर 6 बजे उपरांत जूना महाकाल एवं बाबा बाल हनुमान क्षेत्र में जाने के मामले में टनल से वापसी की स्थिति हो सकती है वैसे फिर भी एक बार इसे दिखवाते हैं। पुष्पा के मेकअप में आने वाले श्रद्धालु को मात्र शीघ्र दर्शन के तहत मानसरोवर गेट से प्रवेश मिला है।वह आम श्रद्धालु की तरह ही आया है। दो दिन पूर्व के इस मामले को दिखवाया जा रहा है। कर्मचारियों की लापरवाही सामने आने पर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है।

**-आशीष फलवाडिया, जनसंपर्क अधिकारी एवं नायब तहसीलदार, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन**

संभाग आयुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

# शहर में एलिवेटेड ब्रिज निर्माण से सिंहस्थ के दौरान यातायात प्रबंधन में सहायता मिलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व 2028 के विश्वव्यापी आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है। सिंहस्थ के समय करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा और सुविधा के साथ भीड़ प्रबंधन और यातायात प्रबंधन के लिए प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण संभाग आयुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों के साथ किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे।

सिंहस्थ महापर्व के लिए आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मार्ग शहर में लगातार विकास कार्य प्रगतिरत है। सोमवार को प्रगतिरत विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण के तहत संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज निर्माण के लिए मकोडियाआम आगर रोड पर स्थल निरीक्षण किया।



- निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को एलिवेटेड ब्रिज निर्माण के लिए पूरा प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।
- उल्लेखनीय है कि आगर रोड मकोडियाआम कृषि मंडी से चामुंडा माता चौराहा, रेलवे स्टेशन होते हुए हरिफाटक तक प्रस्तावित एलिवेटेड फोरलेन ब्रिज लगभग 4 किलोमीटर लंबा होगा। इसका एक छोर हरिफाटक ब्रिज तक आएगा।
- इसके साथ ही संभाग आयुक्त सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने ढाबा रोड से दानी गेट तक निमार्णाधीन मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को तेज गति से निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए।
- सिंहस्थ महापर्व के दौरान भीड़ प्रबंधन और यातायात प्रबंधन के लिए सुविधा मिलेगी। सिंहस्थ 2028 महापर्व का आयोजन इस बार विश्व स्तरीय होगा। आयोजन के दौरान करोड़ों श्रद्धालु मोक्षदायिनी मां शिप्रा में स्नान के लिए पहुंचेंगे। महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के साथ ही यातायात प्रबंधन के लिए एलिवेटेड ब्रिज उपयोगी सिद्ध होगा। प्रस्तावित ब्रिज निर्माण के बाद यातायात प्रबंधन भी किया जा सकेगा।

पॉलीहाउस खेती से चमकी किस्मत

# रुनिजा के तेजाराम कमा रहे लाखों

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उद्यानिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाते हुए ग्राम रुणिजा के प्रगतिशील किसान तेजराम नागर ने कृषि को लाभकारी व्यवसाय में सफलतापूर्वक परिवर्तित कर दिया है।

तेजराम नागर ने उद्यानिकी विभाग के सहयोग से लगभग 3 एकड़ कृषि भूमि पर आधुनिक पॉलीहाउस का निर्माण किया। इसमें उन्होंने खीरा (ककड़ी) की उन्नत खेती शुरू की। लागत की तुलना में उन्हें 3 से 4 गुना अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है। विभाग द्वारा मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजना के अंतर्गत उन्हें 16 लाख 88 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया।

तेजराम ने बताया कि एक एकड़ में औसतन 70 से 80 टन खीरे का उत्पादन हो रहा है। वे खीरे को 40 किलोग्राम की बॉक्स पैकिंग कर आस-पास के शहरों के साथ-साथ गुजरात के विभिन्न शहरों में भी भेज रहे हैं। उनके उत्पाद की बाजार में अच्छी मांग बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि उनके पास कुल लगभग 25 बीघा कृषि भूमि है, जिसमें मुख्य रूप से मिर्ची, प्याज तथा लहसुन की फसलें ली जाती हैं। पॉलीहाउस में खीरा-ककड़ी का उत्पादन हो रहा है। शासन की अन्य योजनाओं के तहत स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई संयंत्र लगवाने में भी उन्हें अनुदान प्राप्त हुआ है। वे कुछ क्षेत्रों में जैविक खेती भी कर रहे हैं।

पॉलीहाउस निर्माण के बाद एक सीजन में 8 से 10 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। वे वर्ष में दो फसलें ले रहे हैं। इस आधुनिक तकनीक ने उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। तेजराम नागर ने उद्यानिकी विभाग द्वारा समय-समय पर दिए जा रहे मार्गदर्शन एवं टक्ळ्ळ योजना के अंतर्गत प्राप्त अनुदान के लिए विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया है। उनकी यह सफलता अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

आईआरसीटीसी ने मप्र के श्रद्धालुओं के लिए शुरू किया विशेष तीर्थ यात्रा पैकेज, उज्जैन सहित कई स्टेशनों से यात्री कर सकेंगे यात्रा

# 5 ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश एवं एलोरा यात्रा के लिए 11 जुलाई को रवाना होगी ट्रेन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) द्वारा विशेष भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन 11 जुलाई 2026 को रीवा से 5 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारकाधीश मंदिर एवं एलोरा यात्रा के लिए रवाना होगी। उज्जैन सहित कई स्टेशनों से यात्री यात्रा कर सकेंगे।

इसकी जानकारी आईआरसीटीसी के एग्जीक्यूटिव टूरिज्म राहुल होलकर ने सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 10 रात एवं 11 दिन के इस विशेष तीर्थ यात्रा पैकेज में श्रद्धालुओं को द्वारकाधीश मंदिर, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा एलोरा गुफाओं के दर्शन एवं भ्रमण का अवसर मिलेगा।






### यात्रा पैकेज की दरें...

आईआरसीटीसी ने यात्रियों के लिए विभिन्न श्रेणियों में किराया निर्धारित किया है–

- **स्लीपर (एसएल) इकॉनॉमी श्रेणी** : 20,250 रुपये प्रति व्यक्ति
- **3 एसी स्टैंडर्ड श्रेणी** : 33,250 रु. प्रति व्यक्ति
- **2 एसी कम्फर्ट श्रेणी** : 44,000 रु. प्रति व्यक्ति

**पैकेज में शामिल रहेंगी ये सुविधाएं-** आईआरसीटीसी द्वारा यह सर्वसमावेशी टूर पैकेज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें- विशेष एलएचबी रेक वाली भारत गौरव ट्रेन में रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड एवं ऑफ-बोर्ड भोजन व्यवस्था
**गुणवत्तापूर्ण बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण-** यात्रा कार्यक्रम अनुसार आवास व्यवस्था, टूर एस्कॉर्ट की सुविधा
यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा, हाउसकीपिंग सेवाएं शामिल रहेंगी।

**उज्जैन सहित इन स्टेशनों से सवार हो सकेंगे यात्री-** भारत गौरव ट्रेन मध्यप्रदेश के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। यात्री रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर एवं उज्जैन स्टेशन से यात्रा प्रारंभ कर सकेंगे।

### यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

- मंदिर दर्शन से संबंधित सभी नियम संबंधित मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित होंगे, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा।
- बुकिंग के समय आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा अन्य वैध पहचान पत्र की प्रति देना आवश्यक होगा।
- प्रत्येक यात्री को यात्रा के दौरान वैध पहचान पत्र एवं एक पासपोर्ट आकार का फोटो साथ रखना होगा।
- मंदिरों एवं पर्यटन स्थलों के प्रवेश टिकट का खर्च यात्रियों को स्वयं वहन करना होगा।
- 69 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मेडिकल/फिटनेस प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेगा।
- प्राकृतिक आपदा, चोरी, दुर्घटना अथवा व्यक्तिगत सामान की क्षति के लिए आईआरसीटीसी उत्तरदायी नहीं होगा।
- **बुकिंग एवं संपर्क-** इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इसके अलावा अधिकृत एजेंटों तथा आईआरसीटीसी के भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर कार्यालयों से भी बुकिंग कराई जा सकती है।

**जबलपुर कार्यालयः** 0761-2998807, 9321901832, 7021091459, 9321901862, **भोपाल कार्यालयः** 9321901862, 9321901866, 8287931723, 8109566858, **इंदौर कार्यालयः** 0731-2522200, 9321901865, 8287931711, 8287931624, 8287931729

## न्यूज ब्रीफ

### प्राकृतिक गैस पाइपलाइन पर ऑफसाइट इमरजेंसी ड्रिल आज

**इंदौर।** आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा इंदौर जिले में आज प्रातः 11 बजे से ऑफसाइट इमरजेंसी ड्रिल का आयोजन गेल सीजीएस सेक्टर-ई, सांवेर रोड, भवानी नगर औद्योगिक क्षेत्र, अंवतिका गैस लिमिटेड सीएनजी स्टेशन के पास किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से संबंधित संभावित आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय एवं प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। कंपनी द्वारा उज्जैन जिले के ग्राम चिकली स्थित खेड़ा कंप्रेसर स्टेशन के माध्यम से प्राकृतिक गैस का दबाव बढ़ाकर विभिन्न जिलों तक गैस का परिवहन किया जाता है।

### आजीविका मिशन का दल इंदौर से गुजरात रवाना

**इंदौर।** आजीविका मिशन का दल शैक्षणिक भ्रमण हेतु गुजरात रवाना हुआ। क्षेत्रीय आलू क्लस्टर के विकास अंतर्गत 3 जिलों का 24 सदस्यीय दल गुजरात के बनासकांठा जिले में आलू पर आधारित गतिविधियों को देखने एवं सीखने के उद्देश्य से गए हैं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा क्षेत्रीय आलू क्लस्टर का विकास तीन जिले इंदौर, देवास एवं उज्जैन को मिलाकर किया जा रहा है। दल में महिला स्व सहायता समूह की दीदियां, महिला किसान उत्पादक कंपनी के पदाधिकारी के साथ आजीविका मिशन के अधिकारी शामिल है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन आजीविका मिशन की तकनीकी सहयोग संस्था, एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से किया जा रहा है।

### 7.63 लाख बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण मप्र शीर्ष पर

**इंदौर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश ने एचपीवी टीकाकरण अभियान में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर यह सिद्ध कर दिया है कि जनभागीदारी, स्वास्थ्य अमले की प्रतिबद्धता और प्रभावी नेतृत्व के बल पर बड़े से बड़े जनस्वास्थ्य अभियानों को समय से पहले सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने अभियान से जुड़े चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं, एएनएम, शिक्षकों, जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सफलता के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रदेश की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाकर सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 13 जून तक चलेगी प्रवेश शुल्क जमा करने की प्रक्रिया

**इंदौर।** प्रदेश के महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की आवंटन सूची जारी कर दी गई है। इस चरण में प्रदेशभर के 1 लाख 25 हजार 917 विद्यार्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीट आवंटित की गई है। जारी सूची के अनुसार स्नातक स्तर पर 93 हजार 546 विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 32 हजार 371 विद्यार्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। द्वितीय चरण में महाविद्यालय आवंटित विद्यार्थियों को 7 से 13 जून 2026 के बीच निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में आवंटित सीट निरस्त हो जाएगी।

### विकासखंड और नगरीय निकाय मुख्यालयों पर लगेंगे शिविर

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 12 से 18 जून की अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। जिले में संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाअ के पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की पहचान विभागीय मैदानी अमले के सहयोग से कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्यवाही प्राथमिकता से की जायेगी। साथ ही विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के लिये भी हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उनका पंजीयन एवं निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा।

### भारत ने बांग्लादेश को दी शिकस्त सीएम ने महिला टीम को दी बधाई

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैम्पियनशिप-2026 जीतने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह शानदार विजय भारत की बेटियों के साहस, प्रतिभा और टीम भावना का प्रतीक है। भारतीय टीम की यह सफलता खेल जगत में प्रेरणा का नया अध्याय लिखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पूरी टीम हार्दिक बधाई की पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं उल्लेखनीय है कि गोवा राज्य के मडगांव में 25 मई से 6 जून की अवधि में हुई इस चैम्पियनशिप में भारत की सफलता पर प्रधानमंत्री ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए भारतीय महिला खिलाड़ियों को बधाई दी है।

एक विधानसभा फिर भी दो तालाब और दो तस्वीरें

# टिगरिया बादशाह बना मॉडल, छोटा बांगडदा अब भी इंतजार में

## सुपर कॉरिडोर के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में जल संरक्षण पर बड़ा सवाल

### आखिर छोटा बांगडदा तालाब को क्यों नहीं मिल रही प्राथमिकता?

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

एक ओर इंदौर नगर निगम और जिला प्रशासन जल संरक्षण को लेकर शहर और आसपास के क्षेत्रों के तालाबों का गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और पुनर्जीवन अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सुपर कॉरिडोर से लगे छोटा बांगडदा तालाब की स्थिति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इसी क्षेत्र में स्थित टिगरिया बादशाह तालाब लगातार विकास, गहरीकरण और संरक्षण कार्यों के कारण एक उदाहरण के रूप में उभर रहा है, तो फिर छोटा बांगडदा तालाब अपेक्षित ध्यान से वंचित क्यों है? दोनों तालाब देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में आते हैं और दोनों का महत्व क्षेत्र के जल संरक्षण, भूजल स्तर और पर्यावरणीय संतुलन से जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद दोनों की स्थिति में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है।





### टिगरिया बादशाह तालाब बना विकास का उदाहरण

पिछले कुछ वर्षों में टिगरिया बादशाह तालाब में लगातार गहरीकरण, जल संरक्षण और विकास कार्य हुए हैं। तालाब की जल धारण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही साफ-सफाई और संरचनात्मक विकास भी दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज टिगरिया बादशाह तालाब न केवल जल संरक्षण का बेहतर उदाहरण है, बल्कि आसपास के क्षेत्र के भूजल स्तर को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। तालाब की स्थिति देखकर यह स्पष्ट होता है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो किसी भी जल स्रोत को बेहतर तरीके से विकसित किया जा सकता है।

### टिगरिया बादशाह और छोटा बांगडदाः आखिर अंतर क्यों?

- एक ही विधानसभा क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण तालाब।

टिगरिया बादशाह तालाब में गहरीकरण और विकास कार्य स्पष्ट दिखाई देते हैं।

- छोटा बांगडदा तालाब अब भी व्यापक गहरीकरण और संरक्षण की प्रतीक्षा में है।
- सुपर कॉरिडोर की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह तालाब भविष्य की जल सुरक्षा से जुड़ा विषय है।
- क्षेत्र की अनेक कॉलोनियां आज भी भूजल और बोरवेल पर निर्भर हैं।
- तालाब की चैनलों और जल मार्गों पर कथित अतिक्रमण की जांच भी आवश्यक है।
- मानसून से पहले गहरीकरण और चैनलों के संरक्षण पर कार्रवाई जनहित में महत्वपूर्ण कदम होगी।
- जल संरक्षण के मामले में दोनों तालाबों को समान प्राथमिकता मिलना समय की आवश्यकता है।

### छोटा बांगडदा तालाब की ओर क्यों नहीं जा रहा ध्यान?

इसके विपरीत छोटा बांगडदा तालाब में अपेक्षित स्तर का गहरीकरण दिखाई नहीं देता। तालाब के किनारों पर गंदगी और कचरा भी नजर आता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले वर्ष तालाब लगभग ओवरफ्लो की स्थिति में पहुंच गया था, लेकिन उसके बाद भी इसकी जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य नहीं हुआ। रहवासियों का सवाल है कि जब एक ही विधानसभा क्षेत्र में स्थित दूसरे तालाब पर लगातार कार्य हो सकते हैं, तो छोटा बांगडदा तालाब को समान प्राथमिकता क्यों नहीं दी जा रही?

### सुपर कॉरिडोर की बढ़ती आबादी और पानी की चिंता

छोटा बांगडदा तालाब का महत्व केवल एक सामान्य जलाशय तक सीमित नहीं है। यह तालाब इंदौर के सबसे तेजी से विकसित हो रहे सुपर कॉरिडोर क्षेत्र के निकट स्थित है, जहां बड़ी संख्या में नई कॉलोनियां, टाउनशिप, आईटी कंपनियां और आवासीय परियोजनाएं विकसित हो रही हैं। क्षेत्र के कई हिस्सों में आज भी रहवासी पानी के लिए बोरवेल और भूजल पर निर्भर हैं। नर्मदा लाइन का लाभ हर कॉलोनी तक समान रूप से नहीं पहुंचा है। ऐसे में तालाब का गहरीकरण केवल जल संरक्षण का विषय नहीं बल्कि भविष्य की जल सुरक्षा का भी विषय है विशेषज्ञों के अनुसार यदि तालाब की जल संग्रहण क्षमता बढ़ती है तो वर्षा जल अधिक मात्रा में संरक्षित होगा और इसका सीधा लाभ आसपास के भूजल स्तर को मिलेगा। इससे हजारों परिवारों को लंबे समय तक फायदा हो सकता है।

### तालाब तक पानी पहुंचाने वाले मार्ग भी खतरे में?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तालाब में पानी पहुंचाने वाली कुछ प्राकृतिक चैनलों और जल मार्गों पर भी धीरे-धीरे कब्जे की स्थिति बन रही है और कुछ जगह कब्जे हो भी गए है यदि इन मार्गों को समय रहते संरक्षित नहीं किया गया तो भविष्य में तालाब तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचना भी प्रभावित हो सकता है। जल विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी तालाब का जीवन केवल उसके गहरीकरण से नहीं बल्कि उसके कैचमेंट एरिया और जल प्रवाह मार्गों की सुरक्षा से भी जुड़ा होता है। इसलिए तालाब के साथ-साथ उसकी चैनलों और जल मार्गों का संरक्षण भी उतना ही जरूरी है।

### जनहित में जरूरी है समान प्राथमिकता

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि टिगरिया बादशाह तालाब में विकास और संरक्षण कार्यों के सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं, तो छोटा बांगडदा तालाब के लिए भी उसी मॉडल पर काम किया जाना चाहिए। दोनों तालाब क्षेत्र की अमूल्य जल संपदा हैं और दोनों को समान महत्व मिलना चाहिए। मानसून आने से पहले यदि तालाब का व्यापक गहरीकरण, सफाई और चैनलों का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तो आने वाले वर्षों में यह तालाब सुपर कॉरिडोर क्षेत्र के लिए जल संरक्षण का मजबूत आधार बन सकता है।


गर्मी में खूब चल रहे एसी, कूलर के कारण नया रिकॉर्ड बना

# मई में 6 करोड़ यूनिट बिजली की खपत

## शहर में सवा लाख बिजली उपभोक्ता, इस बार 1 करोड़ ज्यादा उपयोगी में ली गई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मई महीने में आसमान से बरसी आग और भीषण गर्मी के चलते उज्जैन शहर में बिजली की मांग ने पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। मई के अधिकांश दिनों में पारा 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहने के कारण शहरवासियों को कूलर और एसी का सहारा लेना पड़ा, जिससे बिजली की खपत में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई। बिजली कंपनी के अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए उज्जैन शहर में इस बार मई माह में अब तक की सर्वाधिक 6 करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली वितरित की गई। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की 5 करोड़ यूनिट की खपत से लगभग 1 करोड़ यूनिट अधिक है। मई के तीसरे सप्ताह से शुरू हुआ बिजली की भारी मांग का सिलसिला महीने के अंत तक लगातार बना रहा।



### आधी रात को भी नहीं मिल रही राहत

आमतौर पर रात के समय व्यावसायिक गतिविधियाँ थमने से बिजली की माँग कम हो जाती है, लेकिन इस बार गर्मी के तीखे तेवरों के कारण रात में भी राहत नहीं मिली। मध्यरात्रि 12 बजे भी शहर में बिजली की मांग ज्यादा दर्ज की गई। रात 12 बजे तक शहर के 100' बाजार और लगभग 90' उद्योग बंद हो जाते हैं। इसके बावजूद आधी रात को बिजली की ज्यादा की मांग रहना यह साफ दशार्ता है कि घरों में एयरकंडीशनर और कूलर के लगातार चलने से घरेलू बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुँच चुकी है।

इंदौर में बिक्स महाकुंभ आज से

# सम्मेलन में 20 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में ब्रिक्स सम्मेलन मंगलवार से होने जा रहा है। इस बार मेजबानी का मौका मध्य प्रदेश को मिला है और सरकार ने इस आयोजन के लिए इंदौर को चुना है। शहर में 9 जून से ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक शुरू होगी, जिसमें ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। 9 से 11 जून तक कृषि कार्य समूह की बैठकें आयोजित होंगी, जबकि 12 और 13 जून को कृषि मंत्रियों की मंत्रीस्तरीय बैठक होगी।

इस वर्ष के सम्मेलन का फोकस खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं आजीविका, कृषि व्यापार एवं सहयोग, जलवायु-अनुकूल एवं सतत कृषि तथा कृषि एवं खाद्य प्रणालियों में नवाचार और साझेदारी को मजबूत बनाने पर रहेगा। भारत की अध्यक्षता में अब तक कृषि कार्य समूह के अंतर्गत चार चरणों में आठ बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

# भारत बन रहा ग्लोबल फार्मा हब में मप्र की बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज पूरी दुनिया में 'फामेर्सी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। वर्तमान में दुनिया भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद उत्पादन केंद्र और आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत को 'ग्लोबल फार्मा हब' बनाने में मध्यप्रदेश की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। हेलियन कंपनी ने भारत में पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए मध्यप्रदेश के पीथमपुर को चुना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भूमि सफलता की धरती भी है। मध्यप्रदेश सरकार और हेलियन कंपनी के बीच आज परस्पर विश्वास की और असीम संभावनाओं की नई शुरूआत हो रही है। सबका यही विश्वास ही हमारी पूंजी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पीथमपुर में स्थापित होने जा रही हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे।

# उज्जैन में डेढ़ लाख बच्चों को मिलेगी यूनिफॉर्म

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने में अब महज डेढ़ सप्ताह का समय शेष रह गया है। इस बार नए सत्र में कई बड़े बदलाव नजर आने वाले हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय और जिलास्तर के शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि सत्र शुरू होने के साथ ही अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था भी सुचारू कर दी जाए, ताकि स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई में किसी भी तरह का व्यवधान न आए।

इसी कड़ी में शिक्षा विभाग ने अतिथि शिक्षक प्रणाली के तहत आवेदन और सत्यापन की तारीखों में बदलाव किया है। अब आवेदकों को दस्तावेज सत्यापन के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। अतिथि शिक्षक प्रणाली के अंतर्गत पहले स्कोर कार्ड जनरेट करने और सत्यापन की अंतिम तिथि 3 जून निश्चित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 जून कर दिया गया है। फिलहाल संकुल स्तर पर अतिथि शिक्षकों के आवेदनों की जांच और सत्यापन का काम तेजी से चल रहा है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभाग द्वारा मेरिट सूची जारी की जाएगी, जिसके आधार पर स्कूलों में नियुक्तियां होंगी।

### मुख्य बिंदु एक नजर में

- अतिथि शिक्षक- 10 जून तक जनरेट होंगे स्कोर कार्ड, संकुलों में जारी है सत्यापन।
- **छात्रों को लाभ-उज्जैन जिले के 1 लाख से अधिक स्कूली बच्चों को मिलेगा योजना का लाभ।**
- बदलाव- दो साल बाद बैंक खातों में राशि भेजने की जगह सीधे मिलेगी यूनिफॉर्म।



### अधिकारियों को आदेश का इंतजार

पूर्व में यूनिफॉर्म की राशि सीधे छात्र या उनके अभिभावकों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती थी, लेकिन इस बार मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार बच्चों को तैयार ड्रेस दी जानी है। हालांकि, यह पूरी प्रक्रिया किस एजेंसी के माध्यम से और किस प्रकार संचालित होगी, इसके विस्तृत दिशा-निदेर्शों और आदेश का इंतजार अभी जिला शिक्षा अधिकारियों को है।

सिंहस्थ 2028 महाकुंभ को ध्यान में रखते करोड़ो रुपए के इंदौर, औंकारेश्वर खंडवा सहित

# धार्मिक और पर्यटक स्थलों का कायाकल्प कर रहा पर्यटन विभाग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

सिंहस्थ 2028 के भव्य आयोजन को लेकर उज्जैन के साथ-साथ अब इंदौर, ओंकारेश्वर और खंडवा में भी तैयारियां बेहद तेज हो गई हैं। यह धार्मिक मेला न केवल उज्जैन बल्कि पूरे मालवा निमाड़ अंचल के पर्यटन क्षेत्र को एक नई ऊंचाई पर ले जाने वाला साबित होगा। सिंहस्थ के आयोजन के दौरान इंदौर शहर को सबसे बड़े सहयोगी केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग इंदौर संभाग के अंतर्गत आने वाले इंदौर-ओंकारेश्वर, महेश्वर और खंडवा में करोड़ों रुपए के विभिन्न विकास कार्य संचालित करने जा रहा है। इन विकास कार्यों के लिए सरकारी बजट के साथ-साथ कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यानी सीएसआर फंड और आम जनता के सहयोग का भी सहारा लिया जा रहा है। क्षेत्र की कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं भी इन पवित्र स्थलों पर निर्माण कार्यों में खुद आगे बढ़कर रुचि दिखा रही हैं। विभाग ने इन सभी प्रमुख परियोजनाओं को साल 2027 तक पूरी तरह से मुकम्मल करने का लक्ष्य तय किया है।



**राजबाड़ा दरबार हॉल का कायाकल्प-** इंदौर के ऐतिहासिक राजबाड़ा स्थित दरबार हॉल के संरक्षण और विकास की कमान भी सिंहस्थ मद को सौंपी गई है। इस ऐतिहासिक परिसर के लिए। इस योजना के तहत इस साल के अंत तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। यहां पर अभी हॉल का जीर्णोद्धार चल रहा है और पुरानी संरचना को संरक्षित रखते हुए सभी कार्य किए जा रहे हैं।

**लाल बाग पैलेस को मिला नया स्वरूप-** इंदौर के प्रसिद्ध लाल बाग पैलेस में भी आधुनिकीकरण और बाउंड्री वॉल के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। सिंहस्थ मद से यहां पर बड़े स्तर पर काम चल रहे हैं

### 10 फीट चौड़ा करेंगे खजराना का द्वार

सिंहस्थ में आने वाले देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं को देखते हुए खजराना गणेश मंदिर में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो गई। भक्तों को बप्पा के सुगम व नजदीक से दर्शन कराने के लिए मंदिर प्रबंध समिति ने गर्भगृह के मुख्य प्रवेश द्वार को 10 फीट चौड़ा करने का निर्णय लिया। इस जीर्णोद्धार के लिए मुख्य द्वार के ढांचे पर मढ़ी हुई करीब 150 किलो (1.5 क्विंटल) चांदी निकाली गई। निर्माण के दौरान मूल ढांचे की मजबूती परखने के लिए रत्र्र्क्ळर की इंजीनियरिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर विशेष तकनीकी टेस्टिंग की है। गेट को 10 फीट चौड़ा करने से वीआईपी और आम श्रद्धालुओं की कतारें समानांतर रूप से आसानी से आगे बढ़ सकेंगी। भक्तों को दूर से ही बप्पा के स्पष्ट दर्शन होंगे। इसके अलावा परिसर में कई अन्य निर्माण भी किए जाने हैं।

### सात करोड़ में बन रहा रणजीत हनुमान का भव्य कॉरिडोर

शहर के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित अतिप्राचीन श्री रणजीत हनुमान मंदिर जल्द ही नए स्वरूप में श्रद्धालुओं के सामने होगा। यहां तैयार किए जा रहे रणजीत लोक का काम काफी तेजी से चल रहा है। सात करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा रणजीत लोक अगले डेढ़ साल में श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट में 25 फीट चौड़ा पाथवे, सुंदरकांड के प्रसंगों वाली दीवारें और आधुनिक जनसुविधाएं शामिल होंगी, जिसका लाभ भक्तों को सिंहस्थ से पहले मिलने लगेगा।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि 15 जून

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की तैयारी के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

# ओपन फिडे रैपिड रेटिंग चेस चैंपियनशिप-2026 का सफल समापन

## 240 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



प्रथम बुरहानपुर ओपन फिडे रैपिड रेटिंग चेस चैंपियनशिप-2026 का दो दिवसीय भव्य आयोजन उत्सव होटल में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 6 जून को 5 राउंड और 7 जून को 4 राउंड खेले गए। कुल 9 राउंड की इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 240 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता बुरहानपुर जिला शतरंज संघ और रोटरी क्लब बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रही।

**ऐतिहासिक पहलू** प्रतियोगिता कई मायनों में ऐतिहासिक रही। इसमें 92 रेटेड खिलाड़ियों के साथ-साथ १२६ ऐसे खिलाड़ियों ने भाग लिया जिन्होंने पहली बार किसी फिडे रेटेड प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इससे नए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय शतरंज की दुनिया में प्रवेश का अवसर मिला। प्रतियोगिता में 1 ग्रैंडमास्टर, 6 इंटरनेशनल मास्टर, 2 फिडे मास्टर तथा कॉमनवेल्थ सिल्वर मेडलिस्ट खिलाड़ियों सहित देश के लगभग 7 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कोलकाता, बेंगलुरु, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों की उपस्थिति ने प्रतियोगिता को राष्ट्रीय पहचान प्रदान की।

**मुख्य पुरस्कार विजेता-** प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 6 लाख 50 हजार रही। ओपन वर्ग- प्रथम स्थानः अनुज श्रीवास्त्री एक लाख - द्वितीय स्थानः समेद जयकुमार शेटे 75 हजार तृतीय स्थानः त्ररू रॉय चौधरी सप्तर्षि 50 हजार रुपये है।

_**मध्यप्रदेश के श्रेष्ठ खिलाड़ी-** अवध चैतन्य-25 हजार - दर्शिल अय्यर- 18 हजार - चंदवानी प्रतीक-13 हजार रुपये है।

_**बुरहानपुर के श्रेष्ठ खिलाड़ी-** आनंद विश्वकर्मा-17 हजार - सागर पाहुजा- 12 हजार - सत्यम भोंबरे - 9 हजार रुपये है।

_अन्य प्रमुख वर्ग विजेता- श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी (मध्यप्रदेश): अविका पंवार- 3 हजार - श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी (बुरहानपुर): शबाना बानो-4 हजार - श्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ीः भवसार शुभम 5 हजार प्रतियोगिता में अंडर-19, अंडर-15, अंडर-13, अंडर-11, अंडर-9, महिला, वरिष्ठ नागरिक, रेटिंग वर्ग एवं बुरहानपुर तथा मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के लिए कुल 102 पुरस्कार प्रदान किए गए।

समापन समारोह-समापन समारोह में क्कष्ठष्ट्र और रोटरी क्लब एवं प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं सहयोग से इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सका। साथ ही सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, मनोज शंखपाल, मध्यप्रदेश शतरंज संघ के अक्षत खंपारिया, जिला खेल अधिकारी गोपाल चौधरी एवं उनकी टीम, तथा क्कञ्जद्ब विभाग का भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुणे से आई आर्बिटर टीम की चीफ आर्बिटर दीप्ति शिडोरे एवं कंचना चौधरी के नेतृत्व में प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रोटरी क्लब बुरहानपुर एवं क्कष्ठष्ट्र की ओर से दीपक सलूजा, अंकित शाह, पराग शाह, हिमांशु शाह, प्रिंस सेठिया, जे.पी. लखोटिया, अमर पोहनी, प्रियल जैन, सागर पाहुजा, शबाना बेदी, बतूल खानबहादुर, वंदना मुंशी, आदित्य जैन एवं आरिफ खान बहादुर सहित सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय गुप्ता द्वारा किया गया। समापन अवसर पर कलेक्टर हर्ष सिंह ने बताया कि आने वाले वर्षों में इस प्रतियोगिता को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा तथा बुरहानपुर को देश के प्रमुख शतरंज केंद्रों में स्थापित किया जाएगा। आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों, अतिथियों, निर्णायकों, आर्बिटर्स, सहयोगियों एवं शतरंज प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

न्यूज कालम



## ला.अनिता भागचंद जैन को दो दिवसीय स्कूलिंग सर्टिफिकेट में सम्मानित किया

**सनावद।** लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी -1 की प्री केबिनेट मीटिंग 'आचमन' का इंदौर में आयोजन किया गया।मीटिंग के मुख्य अतिथि लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल थे।मीटिंग में क्लब की जीएमटी कोऑर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को दो दिवसीय स्कूलिंग सर्टिफिकेट में सम्मानित किया गया। जैन ने 1208 लायन सदस्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया।इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी त्रिपाठी,प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.राम जाट,द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ.राजेंद्र सोडानी,पास्ट मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन ला.द्वारका जालान,जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिल धड़ीवाल,जी ई टी केबिनेट सेक्रेटरी ला.अनिल मोदी,केबिनेट ट्रेजरर ला.श्रवण त्रिपाठी, लायंस क्लब सनावद के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन,सचिव ला.अनिल अरझरे,ला.हेमंत दातार सर्टिफिकेट से सम्मानित कियां मीटिंग में क्लब के विभिन्न रीजन और झोन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## तीन बेटियों ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर एक नई मिसाल पेश की



**सनावद।** बदलते समाज में बेटियां आज हर क्षेत्र में बेटों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण सनावद में देखने को मिला, जहां तीन बेटियों ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर समाज के सामने एक नई और प्रेरणादायक मिसाल पेश की। सन्मति जैन काका ने बताया की जैन समाज के सदस्य अरुण कुमार जैन का निधन हो गया। उनका कोई पुत्र नहीं था। ऐसे में उनकी तीनों बेटियों प्रेरणा, प्रियंका, प्रिया ने आगे आकर बेटे का फर्ज निभाया। समाज की रूढ़ियों को तोड़ते हुए तीनों बेटियों ने जैन मुक्तिधाम, सनावद में पूरे विधि-विधान से अपने पिता को मुखाग्नि दी। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि यह कदम समाज के लिए एक संदेश है। आज बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वे हर सुख-दुख में अपने परिवार का संबल बन रही हैं। बेटियों के इस साहसिक निर्णय की पूरे समाज में सराहना हो रही है। न.पा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष चौधरी बताया की यह घटना उन लोगों के लिए सबक है जो आज भी बेटा-बेटी में फर्क करते हैं। बेटियां भी कुल का नाम रोशन करती हैं और जरूरत पड़ने पर हर जिम्मेदारी निभाती हैं।

## खेल परिसर निवाली एवं बड़वानी में प्रवेश हेतु टैलेंट सर्च का होगा आयोजन

**बड़वानी।**शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर बड़वानी एवं शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर निवाली में प्रवेश हेतु टैलेट सर्च का आयोजन किया जायेगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बालक खेल परिसर बड़वानी में 19 जून को बालकों के लिए टैलेंट सर्च का आयोजन किया जायेगा। वही कन्या खेल परिसर निवाली में 23 जून को बालिकाओं के लिए टैलेंट सर्च का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रवेश हेतु छात्र एवं छात्रा का अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना आवश्यक है। जिले एवं क्षेत्र का कोई बंधन नही है।



## ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने दांतपहाड़ी में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा ग्राम दांतपहाड़ी, तहसील खकनार, जिला बुरहानपुर में 8 जून सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 67 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक कैलाश सर और अकरम खान (जनरल फिजिशियन) द्वारा मरीजों की संबंधित समस्याओं परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने और सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। साथ ही सभी का निःशुल्क जनरल चेकअप और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में, सरपंच, उपसरपंच और ग्राम सचिव के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## जनजाग्रति संस्था ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश को दिया भावभीनी विदाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर ने अतिरिक्त पुलिस अधी क्षक अंतरसिंह कनेश के बुरहानपुर जिले से अशोक नगर जिले में स्थानांतरण होने पर भावभीना स्वागत और सम्मान किया। जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, संस्था अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, संस्था उपाध्यक्ष सुनील सलूजा, संस्था कार्यकारिणी सदस्य रजनी गट्टानी, अरुण जोशी एवं विनय सूर्यवंशी ने इस अवसर पर कनेश का स्वागत किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश ने कहा कि जबसे वे बुरहानपुर जिले में पदस्थ हुए, उन्हें ऐसा लगा कि वे अपने गृह नगर में ही कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि बुरहानपुर जिले की जनता बहुत समझदार, सक्षम है और पुलिस का साथ देने में अग्रणी होकर कार्य करने पर विश्वास रखती है। जब जनता साथ देती है तो उस क्षेत्र में कार्य करने का अपना अच्छा अनुभव प्राप्त होता है।

वे जीवन भर बुरहानपुर को नहीं भूल पाएंगे क्योंकि इस जिले में अपनापन, सहयोग और साथ सभी कुछ सभी से मिला है। जिले की जनता से उनका कहना है कि जिले में शांति व्यवस्था कायम करना पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जनता का भी कर्तव्य है।

## वन्यजीव तेन्दूआ (शावक) मादा का रेस्क्यू

**बड़वानी।** वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल बडवानी वनमण्डल (सा.) से प्राप्त जानकारी अनुसार बडवानी जिले के अन्तर्गत वनपरिक्षेत्र राजपुर की बीट अंजड के राजस्व ग्राम गोलाटा में श्री शंकर केवट के खेत में 8 जून को एक वन्यजीव तेन्दुआ (शावक) की उपस्थिति की सचूना प्राप्त होने पर संबंधित वन आमला मौका स्थल ग्राम गोलाटा तहसील अंजड जिला बडवानी में उपस्थित होकर एक मादा तेन्दूआ शावक जिसकी उम्र लगभग 1 माह का पाया गया। मौके पर रहकर तेन्दूआ शावक पर नजर रखी गई एवं उसकी माँ के आने का इन्तजार किया गया। यह पाया गया की तेन्दूआ शावक बहुत कमजोर व चलने फिरने में असमर्थ है। वन्जीव तेन्दूआ शावक का वनमण्डल स्तरीय रेस्क्यू दल द्वारा रेस्क्यू कर वनमण्डल के ईको सेन्टर केम्पस में पशु चिकित्सक से जांच कराई गई। पशु चिकित्सक द्वारा वन्यजीव तेन्दूआ शावक को भोजन एवं पानी की कमी होना बताया गया है तथा तेन्दूआ शावक की हालत स्थिर होना बताया गया। तेन्दूआ शावक का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराने के बाद उसकी माँ से मिलाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## नशामुक्त भारत अभियान को मिली नई ऊर्जा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी, वाल्मी हिल्स, भोपाल तथा आयुक्त सामाजिक न्याय, म.प्र., भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकदिवसीय नशामुक्ति जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 8 जून 2026 को किया गया।कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री रजत एवं श्री जयकुमार गुप्ता (वाल्मी) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी उपस्थिति रही। साथ ही धार्मिक संस्थाओं की सहभागिता के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की दीदी, गायत्री परिवार तथा जिले के समस्त विभागों से कुल 106 मास्टर वालंटियर्स उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान नशामुक्ति के उद्देश्य, समाज में इसके दुष्परिणामों तथा जन-जागरूकता की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण उपरांत अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

## रोजगार की पढाई, चलो आईटीआई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

रोजगार की पढाई, चलो आईटीआई बडवानी क्षेत्र के युवाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें तकनीकी रूप से कुशल कर रोजगार के नए अवसरों से जोडने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बडवानी के द्वारा एक अनूठी पहल शुरू की गई है। रात्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू होते ही. ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओ को जागरूक और प्रेरित करने के लिए प्राचार्य श्री केतन मालवीया यो मार्गदर्शन में विशेष स्टाफ टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें बडवानी जिला बडवानी के विभिन्न गांवों और दूर-दराज के अंचलों में घर-घर और चौपालों तक पहुंचकर युवाओं को आईटीआई शिक्षा की महत्ता समझा रही है। रोजगार और हुनर की राह दिखा रहा स्टाफ संस्था के प्राचार्य श्री केतन मालवीया ने बताया कि अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावन विद्यार्थियों को सही समय पर सही मार्गदर्शन नही मिल पाता है इसी कमी को दूर करने के लिए आईटीआई का प्रशिक्षित स्टाफ गांव-गांव जाकर चौपालों और हाट बाजारों में युवाओं से सीधा संवाद कर रहा है। स्टाफ द्वारा युवाओं को बताया जा रहा है कि पारपिक पढ़ाई के मुकाबले तकनीकी शिक्षा किस प्रकार कम समय और कम सार्च में शत-प्रतिशत रोजगार की गारंटी देती है। ग्रामीणों को वर्तमान में मांग के चल रहे टेड्स जैसे इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रिशियन डीएसटी, फिटर, टर्नर, कोपा, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, स्टेनोग्राफर हिन्दी के महत्व और भविष्य में इनकी उपयोगिता की जानकारी दी।

## आबकारी विभाग द्वारा की गई अवैध मदिरा की रोकथाम हेतु कार्यवाही

**बड़वानी।** जिले में अवैध मदिरा पर रोकथाम के लिये कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं उपायुक्त आबकारी इंदौर संभाग द्वारा सतत कार्यवाही के निर्देश दिये है। निर्देश के पालन में जिला आबकारी अधिकारी श्री आर. सी. बारोड़ के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति अभिलाषा वर्मा के नेतृत्व में आबकारी वृत-अंजड़ के उपनिरीक्षक कमलेश बामनिया द्वारा 6 जून को दौराने गस्त एवं रोड़ चैकिंग के दौरान अज्ञात आरोपी बोलेरो पीकप वाहन को छोडकर भाग गया। उक्त बोलेरो पीकप वाहन जिसका पंजीयन की विधिवत तलाशी लेने पर भुसे के बोरो से ढकी 100 पेटी लंदन प्राइस प्रिमियम व्हिस्की मदिरा की बरामद हुई. जिसकी मौके पर गणना एवं मापन करने पर प्रत्येक पेटी में 180-180 रूरु के 50-50 पाव बरामद हुई. इस प्रकार कुल जप्त मदिरा की मात्रा 900 बल्कलीटर होना पाई। जप्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 12 लाख 50 हजार रुपए हैं। अज्ञात फरार आरोपी का उक्त कृत्य म.प्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत दण्डनीय अपराध होने से अज्ञात फरार आरोपी के विरूध्द म.प्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत आबकारी वृत-अंजड़ में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक प्रिया सुल्या का विशेष योगदान रहा है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 9 जून को जिलेभर में होंगे विशेष शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस महत्वपूर्ण अवसर को जन आंदोलन के रूप में मनाते हुए जिले में विशेष क्करूस्न्न गतिविधियों एवं व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 9 जून 2026 को जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन, डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि विशेष शिविर में गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण एएनसी (्रहृष्ट) जांच, पीएनसी जांच, छूटी हुई एवं नवीन गर्भवती महिलाओं का पंजीयन तथा विशेष रूप से उच्च जोखिम गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही नवीन एमसीपी कार्ड का वितरण भी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं का शारीरिक परीक्षण किया जाएगा, जिसमें वजन, ऊंचाई, बीएमआई एमयूएसी , रक्तचाप तथा गर्भावस्था के दौरान प्रति माह वजन में होने वाली वृद्धि की निगरानी शामिल है। साथ ही मेडिकल एवं ऑब्स्टेट्रिक हिस्ट्री की जानकारी ली जाएगी तथा पेट की जांच सहित समस्त आवश्यक जांचें की जाएंगी।डॉ. पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध प्रसव पूर्व जांच सेवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर उचित उपचार एवं निगरानी सुनिश्चित की जाती है।उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह की ९ तारीख को सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (क्करूस्न्न) तथा प्रत्येक माह की 25 तारीख को ई-पीएमएसएमए का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है तथा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान, उपचार एवं नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाता है।

## कालिदास अकादमी द्वितीय युवा संस्कृत सम्मेलन का भव्य समापन

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन द्वारा आयोजित द्वितीय युवा संस्कृत सम्मेलन का रविवार को भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। सम्मेलन के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ, जिसमें डॉ. महेंद्र पाण्डेय एवं डॉ. मीनाक्षी सिंह ने दीप प्रज्वलित किया।सत्र का शुभारंभ करते हुए अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने कहा कि संस्कृत हमारी व्यावहारिक भाषा है। संस्कृत को सरल समाधान के रूप में अपनाकर हम देश भर से पधारे संस्कृतज्ञों को अपना जीवन समर्पित कर सकते हैं। उन्होंने संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न विद्वानों का सम्मान किया। प्रथम सत्र में विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। श्री कैलाश किशोर, श्री हरिप्रित मिश्र, श्री राधेश्याम मनु भाई, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ. शशिकांत तिवारी, डॉ. मधुसूदन मिश्र, डॉ. सपना चंदेल, डॉ. रविशंकर द्विवेदी, डॉ. सपना कुमार निशाद, डॉ. शशिकांत तिवारी आदि ने संस्कृत साहित्य, काव्यपाठ एवं अपनी रचनाओं का पाठ किया।डॉ. विपिन कुमार द्विवेदी ने कहा कि काव्य ऐसी होनी चाहिए जिससे सुनने में भी अच्छा लगे, शब्दों का चयन सटीक हो। उन्होंने मधुर मधुशाला कविता का पाठ किया। डॉ. शिवकांत तिवारी (पटना) ने महर्षि वाल्मीकि एवं तुलसीदास का स्मरण किया।

## 12 से 18 जून तक नगरीय निकायों एवं विकासखंड मुख्यालयों पर किए जाएंगे तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला वन मंडल अधिकारी श्री अनुराग तिवारी, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, एडीएम श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा और विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा कर जिला आयुष अधिकारी को योग दिवस के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने 12 से 18 जून तक शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक नगरीय निकाय एवं विकासखंड मुख्यालयों पर ३ दिवसीय जन कल्याण शिविर लगाने के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। जन कल्याण शिविरों के माध्यम से नागरिकों और पात्र हितग्राहियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सभी सेवाएं प्रदान की जाएंगी और शासकीय योजनाओं का लाभ वितरित किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों को शिविर में शासन द्वारा आईसीटी का उपयोग कर किए जा रहे नवाचारों और एमपी ई-सेवा पोर्टल की जानकारी प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने मिशन लाइफ अंतर्गत किए जा रहे पौधारोपण कार्य की जानकारी को अंकुर ऐप और मिशन लाइफ पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कृषि और अन्य सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को जिले के प्रत्येक ब्लॉक की ३ वर्ष की इंटीग्रेटेड कृषि कार्ययोजना बनाकर आगमी ३ दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों के राहत राशि के प्रकरणों का निराकरण १ माह की समयावधि के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी, तहसील दारों को निर्देश दिए कि शासकीय जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराये और भविष्य में वहां वापस अतिक्रमण ना हो यह भी सुनिश्चित करे। उज्जैन ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किए गए नवाचार से 21 बालिकाओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त हुए बैठक में उज्जैन ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन में उनके द्वारा 12वीं कक्षा पास करने वाली ऐसी बालिकाएं जिनके पालक उन्हें आगे पढ़ाने को तैयार नहीं थे, उनके पालकों की काउंसलिंग कर बालिकाओं को उच्च शिक्षा में प्रवेश कराने के लिए पालकों को प्रेरित किया गया। इस नवाचार से 21 बालिकाओं को उच्च शिक्षा में प्रवेश दिलवाया गया।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## ग्राम उमरिया खालसा में किया गया तालाब गहरीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया खालसा में तालाब गहरीकरण का कार्य सफलता पूर्वक पूरा किया गया। ग्राम वासियों की सामूहिक भागीदारी और अथक मेहनत से पुराने तालाब को पुनर्जीवित कर जल-आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल स्थापित की गई है।

ग्राम पंचायत उमरिया खालसा की यह उपलब्धि शासन की योजनाओं को ग्रामीण स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। जब ग्राम पंचायत की पूरी टीम, सरपंच, स्टाफ तथा गांव के बच्चे-बूढ़े, किसान-मजदूर सबकी सामूहिक इच्छाशक्ति एकजुट होती है तो परिणाम चमत्कारिक होते हैं। तालाब गहरीकरण के अंतर्गत गाद निकालना, झाड़ी-झंखाड़ हटाना, सफाई एवं संबंधित कार्य किए गए। इस कार्य पर अनुमानित लागत 44 हजार रुपए रही। कार्य की शुरूआत विगत 1 मई को हुई और इसे 15 मई को पूर्ण कर लिया गया। इस दौरान लगभग 8 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर किया गया।तालाब की तली से गाद हटाए जाने के बाद उसकी जल धारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वर्षा का पानी बेहतर तरीके से संरक्षित हो सकेगा।

आसपास के खेतों की उर्वरता बढ़ने के साथ-साथ कृषि कार्यों और पशुपालन के लिए गर्मियों में भी पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इससे फसल उत्पादन बढ़ने की संभावना है और ग्रामीणों को जल संकट से राहत मिलेगी।

## न्यूज -कॉलम

### मकान निर्माण को लेकर 2 परिवारों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम बमनई में मकान निर्माण को लेकर 2 परिवारों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी मारपीट में बदल गई। मामला पुलिस के पास पहुचा तो दोनों ओर से प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि अशोक पिता नारायणलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी मदनलाल के मकान की छत भर रही थी तभी उसने कहाकि मेरी चद्दरों से चार इंच जगह छोडकर अपने कालम भरना इसी बात को लेकर मदनलाल ने अपने परिवार के साथ मिलकर उसके और भाई कमल के साथ मारपीट की। वही मदनलाल पिता बगदू का आरोप था कि अशोक-कमल पडोसी है। वह अपने मकान की छत भर रहा था। दोनों भाई बोले कि तुमने कालम यहा तक क्यो भरे है, इसी बात को लेकर दोनों ने गाली गलोच कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार मामला जांच में है। दोनों पक्ष पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### नवाखेड़ा चौराहा पर लेनदेन के विवाद में फोडी कार

**उज्जैन।** इंदौररोड स्थित नवाखेडा चौराहा पर बीती शाम लेनदेन के विवाद में सुभाष पिता हरीराम गेहलोत निवासी ब्रिजराजखेडी चिंतामण और गौरव पिता तेजराम गेहलोत निवासी नवाखेडा के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट की गईद्ध वहीं सुभाष की कार फोड दी। मामला नानाखेडा थाने पहुंचने पर सामने आया कि सुभाष ठेकेदारी का काम करता है। उसने कुछ समय पहले नवाखेडा में गौरव का एक हजार स्क्वेयर फीट का मकान बनाया था। जिसके कुछ रूपये बाकी रह गये थे। सुभाष बीती शाम अपने साथी लखन के साथ नवाखेडा गौरव से रूपये लेने पहुंचा था। चौराहा पर मिले गौरव से लेनदेन को लेकर विवाद हुआ और गौरव ने अपने साथियों के साथ मिलकर कार क्षतिग्रस्त कर दी। गौरव ने भी पुलिस को शिकायत दर्ज कराई और बताया कि मकान बनाने की बात पर विवाद होने पर सुभाष और उसके साथी ने मारपीट की है। जिसमें उसे और साथी अंकित पिता छोटूलाल को चोंट आई है। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### भूमि सीमाकंन का बोर्ड और खेत से पानी की मोटर चोरी

**उज्जैन।** नागदा और तराना थाना क्षेत्र में खेतों से चोरी के दो मामलो में संबंधित थाना पुलिस द्वारा अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये है। नागदा थाना पुलिस के अनुसार आदीनाथ कालोनी नागदा में रहने वाले मुरली मनोहर पिता जयशंकर गुप्ता 55 साल का ग्राम बोरखेडा पित्रामल में खेत है। जमीन को लेकर चली आ रही विवादित स्थित को देखते हुए मुरली मनोहर ने राजस्व विभाग से 5 जून को सीमाकंन कराया था। जिसके बाद अपनी जमीन के आसपास सौ खंबे लगाकर जमीन पर भूमि स्वामी का बडा लोहे का बोर्ड लगाया। एक दिन बाद ही उक्त लोहे का बोर्ड अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकालकर चोरी कर लिया गया। शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। दूसरा मामला तराना थाना क्षेत्र के ग्राम गांगलियाखेडी में ओमप्रकाश पित अमरसिंह बागरी 55 का खेत है। शनिवार-रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने खेत पर लगी पानी की 2 मोटर और स्टार्टर चोरी कर लिया। तराना थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### गैंगस्टर काला बुंदेला के साथियों का नहीं मिला सुराग

**उज्जैन।** चाचा धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को एमडी ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले फरार कुख्यात गैंगस्टर काला उर्फ जयेन्द्र बुंदेला को एक माह बाद चिमनगंज थाना पुलिस ने गुजरात के द्वारका से गिरफ्तार किया था। जिसे 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया गया। पूछताछ में उसने राजस्थान के डग स्थित अमजद लाला से ड्रग्स लाना स्वीकार किया था। पुलिस अमजद लाला की तलाश में काला बुंदेला को डग लेकर पहुंची, लेकिन ड्रग्स तस्करों का सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस काला के साथ ड्रग्स सप्लाय से जुडे अन्य साथियों की तलाश भी की लेकिन सभी फरार होना सामने आये। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। काला के साथ उसका भाई छिग्गा बुंदेला भी मादक पदार्थ और अवैध हथियार तस्करी में शामिल है। जो वर्तमान में राजस्थान की निम्बाहेडा पुलिस की गिरफ्त में है। उसे भी पूछताछ के लिये उज्जैन लाया जायेगा।

### पति-पत्नी के साथ चाकू मारने वाले नाबालिग पुत्र गिरफ्तार

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के राजराजेश्वरी कालोनी स्थित मल्टी में पानी भरने के विवाद में 60 वर्षीय मोहन पिता जालमसिंह सिसौदिया को वहीं रहने वाले काना मावर उसकी पत्नी रिया और नाबालिग पुत्र ने 24 मई को चाकू मार दिये और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। 14 दिन की तलाश के बाद पंवासा थाना पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग की निशानदेही पर चाकू बरामद किया गया है। नाबालिग के खिलाफ सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं पति-पत्नी को न्यायालय में पेश किया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 450-9 | 679-2 |
| मेन बाजार | 130-4 | 670-3 |
| कल्याण नाइट | 250-7 | 155-1 |
| मिलन डे | 168-5 | 167-4 |
| मिलन नाइट | 245-1 | 570-2 |
| मधुर डे | 150-6 | 146-1 |
| मधुर नाइट | 133-7 | 159-5 |
| शुभांक | 3 7 | 9 |

सीसीटीवी कैमरों में दिखी 2 कार, संदिग्धों से पूछताछ....

# ताला तोड़ बदमाशों ने उड़ाई लाखों की ब्रांडेड सिगरेट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बदमाशों द्वारा मार्केटिंग एजेंसी का ताला तोडकर शनिवार-रविवार रात 30 लाख से अधिक कीमत की ब्रांडेड सिगरेट चोरी कर ली गई। मामले में रविवार रात पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिये हिरासत में भी लिया गया है।




माधवनगर थाना क्षेत्र के घटकरपर मार्ग फ्रीगंज में रहने वाला सौरभ पिता सुरेश माहेश्वरी दशहरा मैदान नेहरू पार्क के पास माहेश्वरी मार्केटिंग एजेंसी का संचालन करते है। एजेंसी से आईटीसी कंपनी की 25-30 ब्रांड की मंहगी सिगरेट की मार्केटिंग पूरे जिले में की जाती है। रविवार सुबह 11.30 बजे वह एजेंसी पहुंचे पहुंचे तो ताला टूटा दिखाई दिया। अंदर देखने पर ब्रांडेड कंपनी की सिगरेट के 25 से 26 बडे बॉक्स गायब थे। एजेंसी में लगे कैमरों का डीवीआर भी नहीं था। चोरी की सूचना माधवनगर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची, इस दौरान सौरभ माहेश्वरी ने बताया कि चोरी हुई सिगरेट की कीमत करीब 30 लाख रूपये के लगभग है। एजेंसी से कैमरों का डीवीआर चोरी होने पर बदमाशों के फुटेज सामने नहीं आ पाये। पुलिस ने जांच के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्ध कार दिखाई दी है। वहीं 2 व्यक्ति भी होना सामने आये। दिनभर जांच के बाद रात में सौरभ माहेश्वरी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। वहीं चोरी में शामिल बदमाशों का पता लगाने के लिये एक टीम गठित की गई है।

### 6 माह पहले भी हुई थी सिगरेट की चोरी

माधवनगर थाना क्षेत्र में 12-13 नम्बर 2025 को भी सिगरेट चोरी का बडा मामला सामने आया था। फ्रीगंज क्षेत्र भाजपा नगर मंत्री की होलसेल किराना दुकान जेके ट्रेडर्स से बदमाशों ने लाखों की सिगरेट चोरी की थी। उस दौरान भी बदमाश कार से आये थे जो चोरी की होना सामने आई थी। पुलिस ने एक माह की तलाश के बाद 3 बदमाशों का गिरफ्तार किया था, जो मुम्बई के रहने वाले थे। बदमाश सिर्फ मंहगी सिगरेट चोरी कर दूसरे जिले और राज्यों में ठिकाने लगाते थे। एक बार फिर बदमाशों ने माधवनगर थाना पुलिस को ब्रांडेड सिगरेट चोरी कर चुनौती दी है।

### चोरी की कार से बदमाशों के आने की शंका

सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर एक नहीं 2 कार होना सामने आई है। बदमाश किसी कार में सवार थे, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन शंका जताई जा रही है कि बदमाश जिस भी कार से आये थे वह चोरी की हो सकती है। रात का समय होने पर पुलिस कार का नम्बर ट्रेस नहीं कर पाई है। बावजूद आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगाल कर नम्बर ट्रेस करने के साथ कार के आने और जाने वाले रास्तों का पता लगाया जा रहा है। आशंका यह भी जताई गई है कि बदमाश बाहरी हो सकते है। जिनका स्थानीय बदमाशों से संपर्क रहा होगा।

# घर में फंदे पर लटकी मिली रेलवे कर्मी की लाश

### 2 थानों के बीच ढाई घंटे तक उलझा रहा मामला

**उज्जैन।** विक्रमनगर रेलवे कालोनी के क्वार्टर में सोमवार दोपहर रेलवे कर्मी ने फांसी लगा ली। घटनाक्रम सामने आने के बाद मामला नागझिरी और जीआरपी थाना पुलिस के बीच उलझ गया। करीब 3 घंटे बाद नागझिरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया।



नागझिरी थाना एएसआई अर्जुनसिंह तोमर ने बताया कि दोपहर में विक्रमनगर रेलवे कालोनी में रहने वाले कमल पिता रतनलाल भाटी 45 साल ने रेलवे क्वार्टर की दूसरी मंजिल के कमरे में फांसी लगा ली थी। घटना के समय परिवार नीचे कमरे में मौजूद था। पुत्र शुभम भाटी ने घटना की सूचना दी, शाम को पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को रस्सी के फंदे से उतारकर मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि रेलवे में ट्रेक मेंटेनर था, 6 माह से बीमार चल रहा था, जिसके चलते ड्युटी पर भी नहीं जा पा रहा था। रतलाम में उपचार चल रहा था। संभवत- बीमारी के चलते फांसी लगाई है। एएसआई तोमर के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### ढाई घंटे बाद उतारा गया शव

कमल भाटी के फांसी लगाने की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई थी। लेकिन पुलिस ने मामला विक्रमनगर रेलवे स्टेशन परिसर की रेलवे कालोनी का होने पर जीआरपी थाना पुलिस का घटनास्थल होना बताया। लेकिन जीआरपी ने घटनास्थल नागझिरी थाने की सीमा में आना बता दिया। करीब ढाई घंटे तक 2 थानों के बीच मामला उलझा रहा और शव फंदे पर लटका रहा। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद नागझिरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। पुलिस के अनुसार जांच जीआरपी थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

# मोबाइल पर आया टॉवर चौक उड़ाने का मैसेज



**उज्जैन।** फोटोग्राफी करने वाले युवक के मोबाइल पर टॉवर चौक को उडाने का मैसेज अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा गया। मैसेज मिलते ही युवक ने माधवनगर थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से चैकिंग अभियान चलाया। मैसेज सिर्फ अफवाह होना सामने आया है।

फ्रीगंज क्षेत्र में फोटोग्राफी का काम करने वाले अजय पटेल नामक युवक के मोबाइल पर +92 सिरीज नम्बर से मैसेज आया। जिसमें बताया गया कि शाम को टॉवर चौक उडा दिया जायेगा। युवक ने मामले की जानकारी माधवनगर थाना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रारंभिक तौर पर धमकी मैसेज फर्जी होना प्रतीत हुआ, बावजूद सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की बम डिस्पोजल स्क्वाड ने टॉवर चौक पर खोजी डॉग और आधुनिक उपकरणों के साथ सर्चिंग की, इस दौरान पूरे क्षेत्र में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि चैकिंग रूटिंग में की गई है। मैसेज पैनिक फैलाने के शरारती तत्वों द्वारा पोस्ट किया गया होगा। वहीं माधवनगर पुलिस युवक के मोबाइल पर आये मैसेज के नम्बर की जांच कर रही है।

# सीवरेज चैंबर से टकराये बाइक सवार की हुई मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रात के अंधेरे में बीच सडक पर बने सीवरेज चैंबर से टकराने के बाद बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। उसे चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के जूना सोमवारिया में रविवार रात 12 बजे के लगभग बाइक सवार सडक मार्ग पर बने सीवरेज चैंबर से टकराने के बाद गिरकर गंभीर घायल हो गया था। उसे चरक अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। मृतक की पहचान अजय पिता शंकर माली 22 साल निवासी जयसिंहपुरा के रूप में हुई। दुर्घटना के दौरान अजय के पीछे दूसरी बाइक पर मां और जीजा भी आ रहे थे। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि पिपलीनाका क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गये थे, जहां से अजय अकेला बाइक से जयसिंहपुरा लौटा था। अंधेरे में बीच सडक पर बना सीवरेज चैंबर दिखाई नहीं दिया। अजय इलेक्ट्रिक का काम करता था और अविवाहित था। पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है। गौरतलब हो कि पूर्व में सीवरेज चैंबर से टकराने पर दुर्घटना होना सामने आ चुका है। टाटा कंपनी द्वारा शहर में सीवरेज लाइन के लिये बीच मार्गो में खुदाई कर चैंबर बनाये है। आगामी वर्षाकाल में जलभराव होने पर बीच सडक बने चैंबर दुर्घटना का बडा कारण बन सकते है।

### महिला यात्री का प्लेटफार्म नं. 2 से चोरी हुआ मंगलसूत्र

**उज्जैन।** देवास के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 2 से ट्रेन में सवार होने के लिये चड रही महिला का भीड के बीच अज्ञात बदमाश ने मंगलसूत्र चोरी कर लिया। मामले में जीआरपी द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पांच दिन में दूसरी वारदात होना सामने आया है।



नागदा की रहने वाली अश्विनी पति अशुंल शर्मा 35 साल उज्जैन आई थी। रविवार को उज्जैन से देवास जाने के लिये प्लेटफार्म नम्बर 2 पर पहुंची थी। नागदा-इंदौर पैसेंजर ट्रेन के आने पर चडने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान भीड में अज्ञात बदमाश ने गले से सोने का मंगलसूत्र उडा दिया। ट्रेन में चढ़ने के बाद अश्विनी को मंगलसूत्र गायब होने का पता चला। लेकिन ट्रेन चल दी थी, देवास से वापस लौटने के बाद मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई गई है। प्लेटफार्म नम्बर 2 पर हुई वारदात से पहले 3 जून को प्लेटफार्म नम्बर 8 पर उज्जैन की रहने वाली सरिका पति संजय सोनी के साथ वारदात होना सामने आया था। सरिका दाहोद जाने के लिये प्लेटफार्म पर खडी थी उसी दौरान इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस आई। वह कोच नम्बर 5 के खडी थी इसी बीच यात्रियों की भीड में अज्ञात बदमाशों ने उसके गले से 72 हजार कीमत की चेन गले से गायब कर दी थी। उक्त मामले में भी जीआरपी ने प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन अब तक बदमाश का पता नहीं लग पाया और दूसरी वारदात हो गई।

### विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन आज की सबसे बडी जरूरत

**उज्जैन।** जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के बढ़ते दोहन जैसी चुनौतियों का समाधान केवल तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सोच और सामूहिक जिम्मेदारी से ही संभव है। यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में कही।

# कार की डिक्की में रखे 4 बेग से मिला 54 किलो मादक पदार्थ

### दो युवकों के साथ नाबालिग युवती हिरासत में, बाइक सवार साथी भाग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रात्रि गश्त पर निकली पुलिस को देख बाइक सवार भाग निकला, उसके पीछे आ रही कार को घेराबंदी कर रोका गया, कार में 2 युवकों के साथ एक युवती थी। संदेह होने पर कार की तलाशी ली गई। डिक्की में रखें चार बैग मिले। जिसमें मादक पदार्थ डोडाचुरा और अफीम भरी हुई थी। दोनों युवकों को 13 जून तक रिमांड पर लिया गया है। युवती नाबालिग होना सामने आई जिसे बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।



खाचरोद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि रविवार-सोमवार रात एसआई ईश्वर जोशी टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे। उसी दौरान फर्नाखेडी फंटा नागदा जावरा रोड से बाइक सवार आता दिखाई दिया। उसने पुलिस वाहन देखा, तो पास के रास्ते से भाग निकला, पीछे ही कार क्रमांक एमपी 09 सीवी 8313 आती दिखाई दी, कार चालक ने भी पुलिस वाहन देखकर भागने का प्रयास किया। शंका होते ही पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी की गई कार को रोकने पर उसमें दो युवको के साथ एक युवती दिखाई थी। मामला संदिग्ध दिखाई देने पर पूछताछ शुरू की गई, युवती नाबालिग 17 वर्ष होना सामने आई। युवक के नाम बबलू पिता गोपाल सोनी 35 साल निवासी ग्राम खजुरीया सारंग थाना भावगढ जिला मंदसौर और कृष्णपाल पिता अशोक गोड जाति कायस्थ 23 साल निवासी ग्राम हतुनिया थाना अफजलपुर जिला मंदसौर थे। रात में आने जाने का कारण पूछा तो तीनों बरगलाने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी ली गई, डिक्की में चार बड़े बैग रख होना सामने आए। जिन्हें खोलने पर उसमें मादक पदार्थ डोडा चूरा और अफीम भरी पाई गई। कार जप्त कर तीनों को थाने लाया गया जहां पता चला कि बाइक से भाग उनका साथी प्रदीप पिता रामेश्वर पांचाल निवासी बड़ावदा था। थाना प्रभारी के अनुसार चारों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। उनके पास से बरामद डोडाचूरा 53.30 किलो ग्राम और अफीम 608 ग्राम थी। तीनों आरोपियों से उनके मोबाइल फोन भी जप्त किए गए हैं। उनके पास से बरामद मादक पदार्थ कार और मोबाइल की कीमत 14 लाख रुपए से अधिक की होना सामने आई है। सोमवार दोपहर तीनों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से नाबालिग युवती को बाल संरक्षण गृह भेजा गया वहीं दोनों युवकों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। उनके फरार बाइक सवार साथी की भी तलाश जारी है। पूछताछ के बाद ही सामने आ पाएगा कि मादक पदार्थ कहां से लेकर आए थे और किस देने जा रहे थे उनके आपराधिक रिकार्ड भी तलाश किया जा रहे हैं। एसआई ईश्वर जोशी के साथ पूरी कार्रवाई में एसआई सुधीर शर्मा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र, यशपाल सिंह, उम्मेदराम डीगा, जितेन्द्र दिवाकर, आरक्षक हेमेन्द्र सिंह राठौर, कृष्णा बैरागी और टीम का सहयोग रहा।

### दशहरा मैदान में गूंजे श्रीराम के जयकारे

**उज्जैन।** दशहरा मैदान में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन सोमवार को उल्लास के साथ श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भजनों और भगवान के जयघोष से पूरा आयोजन स्थल भक्तिमय हो उठा। कथावाचक संत कुलदीप महाराज ने भगवान श्रीराम के दिव्य चरित्र और उनके आदर्श जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन किया। कथा का श्रवण करने के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मीडिया प्रभारी शिवम भार्गव ने बताया कि अजीत गुप्ता के संयोजन में आयोजित यह धार्मिक महोत्सव 14 जून तक चलेगा। प्रतिदिन शाम 4 बजे से कथा शुरू होती है।

### रात्रि चेकिंग पाइंट पर पहुंचे एसपी



**उज्जैन।** पुलिस की कार्यशैली और कानून व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने वाले एसपी प्रदीप शर्मा सोमवार रात्रि तरणताल स्थित चेकिंग पाइंट पहुंचे, जहां वाहन चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी में तैनात पुलिस कर्मियों से जानकारी लेकर रात्रि गश्त व्यवस्था का जायजा लिया। चेकिंग में तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और हर आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच के निर्देश दिया।

# बनाएं संवेदनशील पीढ़ियां



हाल ही में एक हरी-भरी खबर सुनने को मिली- कोटा, राजस्थान में एक शिक्षक ने कुछ महीने पहले अपने छात्रों को एक प्रोजेक्ट में शामिल किया, जिसका नाम है- ट्री टॉक : बोलने वाले पेड़। हर पेड़ अपनी कहानी अपनी जुबानी कहता है।

एक बगीचे में उन्होंने 85 से ज्यादा प्रजातियों के 200 भी ज्यादा पेड़ों पर डैफ कोड लगाए हैं, जो उनकी डालियों से लटक रहे हैं। हर कोड खोलने पर हिंदी और स्थानीय मालवी बोली में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सुनाई देती है, जिसे छात्रों ने ही रिकॉर्ड किया है। इस रिकॉर्डिंग में पेड़ खुद पर्यावरण के महत्व के बारे में बताता है। एक पेड़, जिसे ऑस्ट्रेलियन पाइन कहा जाता है, आपका स्वागत इन शब्दों के साथ करता है- नमस्ते, मैं एक कैसुअरीना पेड़ हूं। मेरे पत्ते सुइयों जैसे दिखते हैं, पर असल में ये छोटी-छोटी हरी डालियां हैं। मैं बहुत तेजी से बढ़ता हूं और गर्म-नम (ट्रॉपिकल) इलाकों के साथ-साथ सूखे (शुष्क) क्षेत्रों में भी खूब फलता-फूलता हूं...। प्रकृति के प्रति लोगों की संवेदना को जगाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता। सिर्फ पेड़ लगाना एक बात है, पर उस पेड़ को एक इंसान की तरह मानना, उसके सुख-दुख को साझा करना हमें ज्यादा मानवीय बनाता है, संवेदनशीलता सिखाता है। आज की मतलबी दुनिया में हरियाली का महत्व असाधारण रूप से बढ़ गया है। आज तक जो लोग भी आध्यात्मिक थे, वे प्रकृति के प्रति बहुत संवेदनशील रहे हैं। प्रकृति को देवता माना है उन्होंने। जैसा कि संत कबीर ने कहा है, माली आवत देखि के, कलियां करैं पुकार। फूली-फूली चुनि गई, कालि हमारी बार। माली को आता देखकर ही कलियां उसकी मंशा को जान जाती हैं। जो फूल बन गईं, वे काटी जाती हैं, जो आज कलियां हैं, वे जानती हैं कि कल उनकी बारी है। यह कविता नहीं है, सन 1900 में सर जगदीशचंद्र बसु की खोजों ने इस बात को वैज्ञानिक आधार भी दे दिया है। उन्होंने क्रेस्कोग्राफ नाम का एक यंत्र खोजा था, जो पेड़ों की तरंगें 10,000 गुना बड़ी करके दिखाता था। उसमें दिखाई दिया कि मन के विचार का भी वृक्ष पर परिणाम होता है। जैसे आपका कार्डियोग्राम लिया जाता है, जो हृदय की धड़कनें नापता है, ठीक वैसे ही ये यंत्र हैं, जो वृक्ष पर लगा दिए जाते हैं और वृक्ष का ग्राफ बनने लगता है कि वृक्ष आनंदित है, दुखी है, भयभीत है या प्रफुल्लित है।

इसका अर्थ तो यही हुआ कि विचार भी संप्रेषित हो रहा है। वृक्षों में जीवन है। वे भली-भांति समझ पाते हैं कि कौन उन्हें प्रेम करता है, कौन उनसे घृणा करता है; कौन उनका दुश्मन है, कौन उनका मित्र है। वृक्षों से प्रेम करेंगे, तो वे आपको अनंत गुना स्वास्थ्य और प्राण ऊर्जा देंगे।

**सम्पादकीय**

## युद्ध के 100 दिन

यह बहुत अफसोस और चिंता की बात है कि रविवार को अमेरिका-ईरान युद्ध के 100 दिन पूरे हो गए, पर विराम की संभावना नजर नहीं आ रही है। इस युद्ध ने लगभग पूरी दुनिया को परेशान और उदास किया है। यह अनुमान लगाना कठिन है कि इसकी कितनी कीमत हमारी दुनिया ने चुकाई है। कोई नहीं जानता, कितना आर्थिक नुकसान हुआ है और कितना अभी होने वाला है। बहुत लोग मारे गए हैं और अभी न जाने कितने मारे जाएंगे। ध्वस्त घरों, शहरों और गांवों का कोई तय हिसाब नहीं है। समग्रता में अनुमान लगाया जाए, तो इस युद्ध में अब तक करीब 7,000 लोगों की जान गई है और लगभग 45,000 लोग घायल हुए हैं। बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों की मौत हुई है। दुनिया में कट्टरता और शत्रुता बढ़ी है। सबसे बड़ी बात कि इस युद्ध ने अमेरिकी सामरिक शक्ति, प्रभाव और दबदबे का पदार्फाश कर दिया है। 28 फरवरी को जब अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि ईरान शुरूआत में ही भारी नुकसान के बाद इतनी मजबूती से मैदान-ए-जंग में टिक पाएगा।

इस युद्ध से दुनिया को क्या मिला, यह पूछने से पहले अमेरिका से पूछना चाहिए कि उसे इस युद्ध से क्या हासिल हुआ? अमेरिका लड़ाई भी जारी रखे हुए है और रुक-रुककर विराम के लिए वार्ता भी चला रहा है। अब इसमें कोई दोराय नहीं कि यह युद्ध खुद अमेरिकी जनता के बीच अलोकप्रिय हो चुका है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उनकी रिपब्लिकन पार्टी के लिए भारी सियासी बोझ बन गया है। यह युद्ध अमेरिकियों की आम मंजूरी से नहीं, बल्कि ट्रंप की मनमानी की वजह से चल रहा है। युद्ध शुरू होने से पहले ही जनमत सर्वेक्षण साफ संकेत कर रहे थे, अधिकांश अमेरिकी ईरान पर बमबारी के खिलाफ थे। आज भी ज्यादातर अमेरिकी यही मानते हैं कि इस युद्ध से अमेरिकी हित नहीं सधने वाले हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के एक ताजा सर्वेक्षण में केवल 16 प्रतिशत अमेरिकियों ने यह माना है कि अमेरिका ने युद्ध जीत लिया है या जीतने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार जीत का दावा कर रहे हैं, मगर अमेरिकियों को उन पर भरोसा नहीं है। ईरान युद्ध से अमेरिका पर नकारात्मक असर हुआ है और इसके नतीजे आगामी मध्यावधि चुनाव में ट्रंप और उनकी पार्टी को भुगतने पड़ सकते हैं। ईरान में लोकतंत्र नहीं है, वहां वर्तमान सरकार पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन अमेरिका और इजरायल में वर्तमान सरकारों को आगामी चुनावों में हिसाब देना पड़ेगा।

### सोशल मीडिया पर बढ़ती सनसनी, स्क्रिप्टेड विवाद और दर्शकों की जिम्मेदारी

## व्यूज बटोरने को रोज रचे जा रहे ड्रामे



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

डिजिटल क्रांति ने संचार और अभिव्यक्ति की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। आज एक स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्शन के सहारे कोई भी व्यक्ति अपने विचार, प्रतिभा और अनुभव दुनिया के सामने रख सकता है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया मंचों ने लाखों लोगों को पहचान, रोजगार और लोकप्रियता प्रदान की है। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है जिसने पारंपरिक मीडिया के एकाधिकार को तोड़ा और आम नागरिक को भी अभिव्यक्ति का अवसर दिया। लेकिन इस परिवर्तन के साथ कुछ ऐसी प्रवृत्तियाँ भी विकसित हुई हैं जो चिंता का विषय बनती जा रही हैं। इनमें सबसे प्रमुख है-व्यूज, लाइक्स और फॉलोअर्स की अंधी दौड़।

आज सोशल मीडिया पर सफलता का पैमाना अक्सर सामग्री की गुणवत्ता नहीं, बल्कि उसकी लोकप्रियता बन गया है। किसी वीडियो को कितने लोगों ने देखा, उस पर कितनी टिप्पणियाँ आईं और उसे कितनी बार साझा किया गया, यही उसकी सफलता का आधार माना जाता है। इस वातावरण में कुछ कंटेंट निमार्ता दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसे तरीकों का सहारा लेने लगे हैं जो वास्तविकता से अधिक नाटक और सनसनी पर आधारित होते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर ऐसे अनेक वीडियो वायरल हुए हैं जिनमें कथित झगड़े, पारिवारिक विवाद, मित्रों के बीच टकराव, रिश्तों में दरार, सार्वजनिक बहस या भावनात्मक घटनाएँ दिखाई जाती हैं। कई बार ये घटनाएँ इतनी नाटकीय प्रतीत होती हैं कि दर्शकों के मन में स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है। ऐसा लगता है कि जैसे पूरा घटनाक्रम पहले से तय हो, संवाद लिखे गए हों और कैमरे केवल उस पटकथा को रिकॉर्ड करने के लिए लगाए गए हों।

अक्सर देखा जाता है कि कथित विवाद ठीक कैमरे या सीसीटीवी की मौजूदगी में घटित होता है। पात्र बार-बार कैमरे की ओर देखते हैं, घटनाएँ एकदम फिल्मी अंदाज में आगे बढ़ती हैं और अंत में वीडियो वायरल हो जाता है। दर्शक सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या यह वास्तव में अचानक हुई घटना थी या फिर लोकप्रियता हासिल करने के लिए रचा गया एक सुनियोजित नाटक? सोशल मीडिया की आर्थिक संरचना इस प्रवृत्ति को समझने में मदद करती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ध्यान ही सबसे बड़ी पूँजी है। जितने अधिक लोग किसी सामग्री को देखेंगे, उतनी अधिक उसकी पहुँच होगी और उतना ही अधिक आर्थिक लाभ उससे जुड़ सकता है। विज्ञापन, ब्रांड सहयोग, प्रायोजन और अन्य व्यावसायिक अवसर लोकप्रियता के साथ बढ़ते हैं। ऐसे में कुछ लोग यह मान बैठते हैं कि यदि विवाद से व्यूज बढ़ते हैं तो विवाद पैदा करना ही सबसे आसान रणनीति है।

यही कारण है कि कई बार वास्तविक रचनात्मकता पीछे छूट जाती है और उसकी जगह कृत्रिम ड्रामा ले लेता है। ज्ञानवर्धक सामग्री तैयार करने, शोध करने या उपयोगी जानकारी प्रस्तुत करने में समय और मेहनत लगती है। इसके विपरीत, एक विवादास्पद वीडियो या सनसनीखेज घटना कुछ ही घंटों में लाखों लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकती है। परिणामस्वरूप कुछ कंटेंट निमार्ता आसान रास्ता चुन लेते हैं। इस प्रवृत्ति का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ता है। किशोर और युवा सोशल मीडिया के सबसे सक्रिय उपभोक्ता हैं। जब वे देखते हैं कि विवाद, झगड़े और सनसनी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, तो उनके मन में यह धारणा बन सकती है कि सफलता का मार्ग प्रतिभा, मेहनत और ज्ञान नहीं, बल्कि ध्यान आकर्षित करने वाली गतिविधियाँ हैं। यह सोच समाज के लिए दीर्घकालिक रूप से नुकसानदेह साबित हो सकती है।

सोशल मीडिया पर बढ़ता यह नाटकीयकरण केवल मनोरंजन का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक मूल्यों से भी जुड़ा हुआ है। जब कृत्रिम विवाद चर्चा का केंद्र बन जाते हैं, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रोजगार, विज्ञान और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषय हाशिए पर चले जाते हैं। समाज का सामूहिक ध्यान उन मुद्दों से हटकर उन घटनाओं पर केंद्रित हो जाता है जिनका वास्तविक जीवन से बहुत कम संबंध होता है। हालाँकि यह भी सच है कि हर वायरल वीडियो या सार्वजनिक विवाद को बिना प्रमाण स्क्रिप्टेड नहीं कहा जा सकता। वास्तविक जीवन में भी मतभेद होते हैं, रिश्तों में तनाव आता है और सार्वजनिक घटनाएँ घटित होती हैं। कैमरों की बढ़ती उपलब्धता के कारण अनेक वास्तविक घटनाएँ रिकॉर्ड भी हो जाती हैं। इसलिए किसी भी वीडियो के बारे में निष्कर्ष निकालते समय संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। केवल अनुमान के आधार पर किसी व्यक्ति या समूह को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा।

लेकिन जब बार-बार एक जैसे पैटर्न दिखाई दें, जब हर विवाद वायरल होने की क्षमता से भरपूर हो, जब हर झगड़ा कैमरे के सामने ही घटित हो और जब संबंधित लोग बाद में उस विवाद से आर्थिक या सामाजिक लाभ प्राप्त करते दिखाई दें, तब प्रश्न उठना स्वाभाविक है। लोकतांत्रिक समाज में प्रश्न पूछना और तथ्यों की पड़ताल करना दर्शकों का अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी। यहीं मीडिया साक्षरता का महत्व सामने आता है। आज केवल साक्षर होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि डिजिटल साक्षर होना भी आवश्यक है। लोगों को यह समझना चाहिए कि सोशल मीडिया की सामग्री कैसे तैयार होती है, एल्गोरिद्म किस प्रकार काम करते हैं और कौन-से तत्व किसी सामग्री को वायरल बनाते हैं। यदि दर्शक इन प्रक्रियाओं को समझेंगे, तो वे सनसनी और वास्तविकता के बीच अंतर करने में अधिक सक्षम होंगे। यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि उनके एल्गोरिद्म केवल उन सामग्रियों को बढ़ावा देंगे जो अधिक विवादास्पद और उत्तेजक हैं, तो कंटेंट निमार्ता भी उसी दिशा में बढ़ेंगे। प्लेटफॉर्म्स को ऐसी नीतियाँ विकसित करनी चाहिए जो ज्ञान, रचनात्मकता, सामाजिक उपयोगिता और सकारात्मक संवाद को प्रोत्साहित करें। स्वस्थ डिजिटल संस्कृति तभी विकसित हो सकती है जब गुणवत्ता को लोकप्रियता के बराबर महत्व मिले।

दर्शकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अंततः वही तय करते हैं कि कौन-सी सामग्री सफल होगी। हर व्यू, हर लाइक और हर शेयर एक प्रकार का समर्थन है। यदि लोग केवल विवादों और ड्रामों को देखेंगे, तो ऐसे कंटेंट की संख्या स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। लेकिन यदि वे शोधपूर्ण, रचनात्मक और उपयोगी सामग्री को प्राथमिकता देंगे, तो डिजिटल दुनिया का स्वरूप भी बदल सकता है।

## अगली बारी तुम्हारी है

घर के उस उजड़े हुए उसारे में जहाँ बारात के बाद का कबाड़ और टूटी कुर्सियाँ अपना बुढ़ापा काटती हैं वहीं वह अपनी अंतिम साँसें गिन रही थी। वह जो कभी पूरे घर की इज्जत को अपने सीने से बुहारकर चमकाती थी आज खुद एक फटे चीथड़े की तरह दीवार के सहारे दुबकी पड़ी थी। उसकी सींकें ऐसे बिखरी थीं जैसे किसी अधेड़ बाप की ढहती हुई उम्मीदें हों। ठीक मेरे जैसी हालत थी उसकी। जब तक रीढ़ में दम था घर भर का कूड़ा ढोते रहे सबको साफ-सुथरा कोना देते रहे और जब खुद की रीढ़ टूट गई तो कोने की कालिख ने हमें अपनी गोद में समेट लिया। दुनिया का दस्तूर भी यही है कि जब तक तुम किसी के काम के हो तब तक तुम चौखट के देवता हो और काम निकलते ही तुम उसी चौखट के बाहर फेंके जाने वाले कबाड़ बन जाते हो। वह धूल से सनी हुई सींकें देखकर मुझे अपना ही बीता हुआ कल याद आ रहा था जब लोग पैर छूते थे और आज पैर मार कर आगे बढ़ जाते हैं।

रात के सन्नाटे में जब पूरा घर मखमली गद्दों पर सो रहा था तब उस कोने से एक अजीब सी सरसराहट गूँज उठी। ध्यान से सुना तो वह कोई रोना नहीं था बल्कि एक सूखी सींक का दूसरी टूटी सींक से टकराने का सन्नाटा था। मैंने खिड़की से झाँककर देखा तो मालकिन हाथ में एक चमचमाता हुआ प्लास्टिक का वैक्यूम क्लीनर लिए खड़ी थीं। उन्होंने उस पुरानी जर्जर सींकों के बंडल को पैर से ढकेला और एक झटके में कूड़े वाली गाड़ी में फेंक दिया। जाते-जाते वह झाड़ू अपनी बची-खुची धूल मेरे चेहरे पर छोड़ गई जैसे कह रही हो कि आज मेरी बारी है कल तुम्हारी होगी। तभी अंदर से मालकिन की तेज आवाज आई। अरे सुनो जी अब इस बूढ़े नौकर को भी हटाओ बहुत कचर कचर करता है घर में जगह घेर रखी है। यह सुनकर मेरे पाँव तले की जमीन खिसक गई क्योंकि वह झाड़ू तो चली गई थी पर जाते-जाते वह मेरी ही नियति का आईना मेरे सामने छोड़ गई थी।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 जून 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:07
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - नवमी 02:37 रात्रि उपरांत दशमी
नक्षत्र - पूवार्भाद्रपद 09:40 उपरांत उत्तराभाद्र
योग - प्रीति 08:17 उपरांत आयुष्मान
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 23 तारिख

**मेष-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे।

**वृषभ-** कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है।

**मिथुन-** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे।

**कर्क-** लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। शरीर शिथिल होगा।

**सिंह-** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे।

**कन्या-** कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। 'आ बैल मुझे मार' की स्थिति निर्मित न होने दें।

**तुला-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं।

**वृश्चिक-** कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा।

**धनु-** दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मकर-** अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा।

**कुंभ-** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। प्रमाद बढ़ेगा। शरीर शिथिल होगा।

**मीन-** कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शत्रु शांत रहेंगे।

**समसामयिक**

## अग्नि की चीख...?


जब धुएँ से ढका था आकाश सारा,
सड़कों पर पसरा था सन्नाटा भारी।
एक भवन के अंदर जलते सपनों ने,
ही लिखी मानव पीड़ा की कहानी।
माता की आँखों का उजियारा बुझा,
किसी पिता का सहारा ही खो गया।
बच्चों की मासूम मुस्कान नहीं दूजा,
देखा राख के ढेरों में कहीं सो गया।
चीखें उन्हीं दीवारों से टकराती रहीं,
मदद पुकारती ₹आवाज₹ थक गईं।
भीषण आग की वहीं निर्दयी लपटें,
हरेक उम्मीद को निगलती चली गईं।
यक्ष प्रश्न खड़े हैं व्यवस्था के सामने,
क्या? जीवन इतना सस्ता हो गया?
नियम केवल कागजों तक सीमित हैं,
और इंसान का अस्तित्व खो गया?
अब देखों शहर रो रहा है चुपचाप,
हर आँख में दिखें पीड़ा के सागर है।
वे चले गए, ना लौटेंगे सिर्फ पदचाप,
पर उनकी स्मृति अमर वो धरोहर है।



संजय तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

## मैं स्वागत के लिए आतुर हो....!

मैं स्वागत के लिए आतुर हो,
तुम्हारे लिए स्वागत द्वार बना रहा हूं मन में,
सोतों को, झरनों को, लबालब ताल-तलैया
सपनों में अविरल बहता पानी, दिल को मैं,
ऊपर ही ऊपर बहला रहा हूं।।
काली घटा, पानी भरें बादलों से लबालब हैं,
सोतें हुए सपनों में इन्हें देख हर्षा रहा हूं मैं,
हृदय के खोल दिए द्वार बरखा का आचमन
कर लूं, बरखा का साक्षात्कार करने के लिए,
हिरणों के छोनों जैसे कुलांचे भरने जा रहा।।
आओ, बादल धीरे से आ जाना तुम्हारे लिए,
आंखों में भी नमी आ गई हैं बहने को तैयार हैं,
देर ना लगाना वरना तटबंध इसके भी छोटे हैं,
हम लगाते टेर, तुम हमको ना तरसाना, बादल
जल्दी आना, कहीं ओर छुप नहीं जाना।।
मैं बांवरा जग सूना, बस बांट जोहते आस लगाए,
बैठे हैं, घन घटनाओं, गजाओं, बरस भी जाओ।।



मदन वर्मा (माणिक)
(दैनिक अवन्तिका)


## दोहे तरुण के

पेड़ों पर ही बसे हुए,पाखी के घर द्वार।
काटोगे जो वृक्ष तो, उजड़ेगा संसार।।
पेड़ बचा लो आप भी,इनसे सुख संचार।
शुद्ध वायु,फल फूल का,होते यह भंडार।।
ऑक्सीजन ही तो तरुण,जीवन का आधार।
वन ही देते आपको, यह सुंदर उपहार।।
औषध आयुष भी मिले,वन देवी का रूप।
रक्षा कर इसकी तरुण,लगे न तपती धूप।।
कटने से हैं रोकते, मृदा परत को पेड़।
रहने दो इनको वहीं,करो न इनकी छेड़।।
दिवस मनाने का सखा,अगर हमें है बोध।
लें हम सब संकल्प यह,खूब लगाएं पौध।।



पंकज शर्मा (तरुण)
(दैनिक अवन्तिका)

## बच्चों को बीमारियों से रखना चाहते हैं दूर, तो डाइट में शामिल करें इन्हें



बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास बहुत तेजी से होता है. ऐसे में शरीर को सभी जरूरी विटामिन और मिनरल देना जरूरी है. बच्चों की इम्यूनिटी को बचपन से ही मजबूत बनाने पर ध्यान देना चाहिए. इसके लिए जरूरी है बच्चे को पोषक तत्वों से भरपूर आहार दें.बच्चे को विटामिन और मिनरल्स की बहुत जरूरत होती है. इनकी कमी से बच्चे के विकास पर असर पड़ता है और बच्चा बार-बार बीमार होता है. बच्चों की डाइट में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स और हाबोर्हाइड्रेट का बैलेंस बनाकर देना चाहिए. आइये जानते हैं बच्चों कौन से विटामिन और मिनरल्स की जरूरत होती है.

बच्चों के लिए जरूरी विटामिन

**1- विटामिन डी-**

बढ़ते हुए बच्चों की हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए विटामिन डी से भरपूर चीजें जरूर खिलाएं. शुरूआत में डॉक्टर्स बच्चों को विटामिन के सप्लीमेंट्स भी देते हैं. इससे बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत होती है और शरीर बीमारियों से बचता है.

**2- विटामिन सी-**

बच्चे के आहार में आपको विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां जरूर शामिल करनी चाहिए. इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है. सीजनल बीमारियों और किसी भी संक्रमण से बचने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना जरूरी है.

**3- आयरन-**

बच्चे के शरीर में आयरन की कमी नहीं होनी चाहिए. आयरन कम होने से मसूड़े काले पड़ने लगते हैं. बच्चे के शरीर में खून की कमी होने लगती है और बच्चा एनीमिक बन सकता है. बच्चों को आयरन सप्लीमेंट और आयरन से भरपूर आहार जरूर दें.

**4- प्रोटीन-**

बच्चे की लंबाई और शारीरिक विकास के लिए प्रोटीन बहुत जरूरी है. प्रोटीन मांसपेशियों और ऊतकों के निर्माण के लिए जरूरी है. प्रोटीन की कमी होने से मसल्स कमजोर होने लगती हैं. इससे बच्चे की ग्रोथ पर असर पड़ सकता है. इसलिए बच्चों को प्रोटीन से भरपूर भोजन दें.

**5- कैल्शियम-**

हड्डियों और दातों को स्वस्थ रखने के लिए डाइट में कैल्शियम से भरपूर चीजें शामिल करें. बच्चों के दांतों में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं. इसके लिए उन्हें कैल्शियम से भरपूर आहार खिलाएं. कैल्शियम से हड्डियों का सही विकास होता है.

**धर्म-आस्था**

## कलियुग का अंत और नई सृष्टि का आरंभ

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम॥



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति में समय को केवल वर्षों, शताब्दियों या सहस्त्राब्दियों में नहीं मापा गया है। हमारे ऋषि-मुनियों ने समय को युगों में विभाजित किया है। सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर और कलियुग की यह अवधारणा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के नैतिक उत्थान और पतन का प्रतीक भी मानी जाती है। वर्तमान समय को कलियुग का काल माना गया है और इसके अंत को लेकर अनेक पुराणों तथा संतों की रचनाओं में विभिन्न भविष्यवाणियां मिलती हैं।

उड़ीसा के संत अच्युतानंद दास और अन्य संतों द्वारा रचित ₹भविष्य मालिका₹ ऐसी ही एक चर्चित ग्रंथ परंपरा है। इसमें कलियुग के अंतिम चरण, महाविनाश और नए युग के आरंभ का उल्लेख मिलता है। यद्यपि इन भविष्यवाणियों को ऐतिहासिक या वैज्ञानिक सत्य के रूप में नहीं देखा जा सकता, फिर भी भारतीय जनमानस में इनका विशेष स्थान है।

भविष्य मालिका के अनुसार कलियुग के अंतिम चरण में प्रकृति का संतुलन बिगड़ने लगेगा। मौसम अपने सामान्य स्वरूप से हटकर चरम स्थितियों में दिखाई देंगे। कहीं अत्यधिक गर्मी, कहीं भीषण ठंड और कहीं विनाशकारी वर्षा मानव जीवन को चुनौती देगी। आज विश्व जिस प्रकार जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकटों का सामना कर रहा है, उसे देखकर अनेक लोग इन भविष्यवाणियों की चर्चा करने लगते हैं।

ग्रंथ में यह भी संकेत मिलता है कि भविष्य में अनेक देशों के भीतर आंतरिक संघर्ष बढ़ेंगे। समाज विचारों, मान्यताओं और नैतिक मूल्यों के आधार पर विभाजित होगा। धर्म और अधर्म के बीच संघर्ष की अवधारणा को प्रतीकात्मक रूप से सत्य और असत्य, न्याय और अन्याय के बीच चलने वाले शाश्वत संघर्ष के रूप में भी देखा जाता है। भविष्य मालिका की सबसे चर्चित भविष्यवाणी भगवान विष्णु के दशम अवतार भगवान कल्कि से जुड़ी है। मान्यता है कि जब अधर्म अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाएगा, तब भगवान कल्कि प्रकट होकर धर्म की पुनः स्थापना करेंगे। भारतीय परंपरा में यह केवल एक दिव्य घटना नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि अन्याय कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य की विजय होती है।

ग्रंथ में सात चिरंजीवी महापुरुषों का भी उल्लेख मिलता है। हनुमान, परशुराम, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, वेदव्यास, विभीषण और राजा बली को चिरंजीवी माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि ये महापुरुष समय आने पर धर्म की स्थापना के कार्य में सहयोग देंगे। भारतीय लोककथाओं और पुराणों में इनका विशेष महत्व है। भविष्य मालिका में यह भी कहा गया है कि अनेक प्राकृतिक परिवर्तनों के बाद प्राचीन सभ्यताओं और नगरों के अवशेष पुनः सामने आ सकते हैं। समुद्र में समाई द्वारका नगरी का उल्लेख अक्सर इस संदर्भ में किया जाता है। यह विचार मानव इतिहास के उन रहस्यों की ओर संकेत करता है जो आज भी शोध और जिज्ञासा का विषय बने हुए हैं।

कुछ भविष्यवाणियों में यह भी कहा गया है कि अनेक प्रसिद्ध तीर्थस्थल प्राकृतिक परिवर्तनों से प्रभावित होंगे और बाद में नए स्वरूप में पुनः प्रतिष्ठित होंगे। इसे भी कई विद्वान प्रतीकात्मक रूप से धर्म और आध्यात्मिकता के नवीनीकरण के रूप में देखते हैं।

वास्तव में इन भविष्यवाणियों का सबसे महत्वपूर्ण संदेश किसी भय या विनाश का चित्रण नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करना है। कलियुग का अर्थ केवल समय का एक कालखंड नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बढ़ती स्वार्थपरता, नैतिक पतन और संवेदनहीनता भी है। यदि समाज सत्य, करुणा, न्याय और नैतिक मूल्यों से दूर होता जाएगा, तो कलियुग की अवधारणा और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होगी।

भारतीय दर्शन का मूल संदेश निराशा नहीं, आशा है। हर अंधकार के बाद प्रकाश आता है, हर पतन के बाद उत्थान होता है और हर युग परिवर्तन के साथ नई संभावनाएं जन्म लेती हैं। इसलिए कलियुग के अंत की भविष्यवाणियों को केवल विनाश की कथा के रूप में नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सामाजिक जागरण के संदेश के रूप में भी समझा जाना चाहिए। शायद यही कारण है कि भारतीय संस्कृति हजारों वर्षों से यह विश्वास बनाए हुए है कि जब-जब अधर्म बढ़ेगा, तब-तब धर्म की पुनर्स्थापना का मार्ग भी अवश्य खुलेगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,48,600 रवा- 1,48,500 चांदी-टंच- 2,42,200 पाट- 2,41,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# मॉडलिंग के नाम पर शिक्षिका से 1.26 लाख की ठगी, पैसे वापस मांगने पर फोन किया बंद, केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर मालवा जिले में साइबर ठगों ने बच्चों की मॉडलिंग और प्रमोशन का लालच देकर एक शिक्षिका से 1.26 लाख रुपए ठग लिए। मामले में बड़ौद थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गांधी चौक सदर बाजार निवासी शिवानी सोनी महावीर स्कूल बड़ौद में शिक्षिका हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 17 मार्च 2026 को उनके फेसबुक अकाउंट पर बच्चों की मॉडलिंग और प्रमोशन से जुड़ा एक लिंक आया था। लिंक खोलने पर उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया गया।

टेलीग्राम ग्रुप में बच्चों को मॉडलिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और प्रमोशन दिलाने का दावा किया गया। ठगों ने एक यूपीआई आईडी भेजकर राशि जमा करने पर बच्चों का प्रमोशन कराने का आश्वासन दिया।

इस पर शिवानी ने 17 मार्च को अपने बैंक खाते से 40 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठगों ने एक नया टारगेट पूरा करने का दबाव बनाया और प्रक्रिया से जुड़ा स्क्रीनशॉट भेजा।

### बहाना बनाकर फिर मांगी रकम

आरोपियों ने कथित तकनीकी त्रुटि का हवाला देते हुए कहा कि जमा की गई राशि अटक गई है और उसे वापस पाने के लिए 86 हजार रुपये और जमा करने होंगे। इस पर शिक्षिका ने 18 मार्च को यह राशि भी ट्रांसफर कर दी।

कुल 1.26 लाख रुपए जमा कराने के बाद भी ठग नहीं रुके और उन्होंने फिर से 1.26 लाख रुपये अतिरिक्त जमा करने की मांग शुरू कर दी। लगातार बढ़ती मांग के बाद पीड़िता को धोखाधड़ी का संदेह हुआ।

### शिकायत के बाद दर्ज हुआ मामला

जब शिवानी सोनी ने अपने पैसे वापस मांगने की कोशिश की तो आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने 28 मार्च को साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। स्वास्थ्य संबंधी कारणों से कुछ समय तक इलाज के लिए इंदौर में रहने के बाद उन्होंने अपने पति के साथ बड़ौद थाने पहुंचकर औपचारिक रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी रूप सिंह बैस ने बताया कि साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर मिलने वाले ऐसे ऑफर और लिंक से सावधान रहने की अपील की गई है।

## प्री-मानसून मेंटेनेंस के तहत साढ़े चार घंटे बंद रही बिजली, पेड़ों की छंटाई कर सुधारी लाइनें

**सुसनेर।** मानसून के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा रविवार को 11 केवी आगर रोड टाउन फीडर पर प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य किया गया। इस दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब साढ़े चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। मेंटेनेंस कार्य के तहत विद्युत लाइनों के आसपास आए पेड़ों की शाखाओं की छंटाई की गई तथा लाइन और उपकरणों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य किए गए। विभाग का कहना है कि बरसात के मौसम में पेड़ों की शाखाएं विद्युत लाइनों से टकराने के कारण होने वाले फॉल्ट और विद्युत व्यवधान को रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई। कार्य के दौरान बिजली कंपनी के कनिष्ठ अभियंता (जेई) इमरान खान स्वयं कर्मचारियों के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरे मेंटेनेंस कार्य की निगरानी की। विभागीय कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लाइन सुधार एवं रखरखाव का कार्य किया। विद्युत कंपनी के अनुसार प्री-मानसून मेंटेनेंस अभियान का उद्देश्य आगामी वर्षा ऋतु में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है। कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल कर दी गई।

### 228वां नि:शुल्क नेत्र शिविर संपन्न

## 122 मरीजों की जांच, 31 मोतियाबिंद रोगी आनंदपुर भेजे गए



**सुसनेर।** श्री सेवा परिवार सुसनेर एवं सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रति माह आयोजित होने वाला निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। यह शिविर श्रृंखला का 228वां शिविर था। जिसमें क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर नेत्र परीक्षण कराया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 122 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 31 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराते हुए सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर भेजा गया, जहां उनके ऑपरेशन एवं उपचार की व्यवस्था की जाएगी। शिविर के सफल आयोजन में समाजसेवी श्री रूप नारायण श्रीवास्तव एवं शिव नारायण शर्मा का विशेष सहयोग रहा। उनके सहयोग से मरीजों को पंजीयन, जांच एवं आवागमन संबंधी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई गईं। श्री सेवा परिवार के संयोजक द्वारकादास लड्डा ने बताया कि संस्था द्वारा वर्षों से नियमित रूप से नेत्र शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आगामी निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद चयन शिविर 5 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर, सुसनेर में आयोजित किया जाएगा।

## भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक संपन्न

महिदपुर। महिदपुर में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की मासिक कामकाजी बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यकर्ताओं से योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। साथ ही पौधों के संरक्षण का संकल्प लेकर उनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खुशियों के ओटले की बेटियों का सेवा अभियान जारी, घर-घर जाकर जुटा रहीं शिक्षा सामग्री



**ब्यावरा।** सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला के द्वारा जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और मानव सेवा के लिए एक सराहनीय अभियान चलाया जा रहा है। संस्था की टीम, विशेष रूप से ओटले से जुड़ी बच्चियां, भीषण गर्मी, उमस और कठिन परिस्थितियों के बावजूद घर-घर जाकर पुरानी किताबें, कॉपियां, स्कूल यूनिफॉर्म, बस्ते, पानी की बोतलें एवं अन्य उपयोगी शैक्षणिक सामग्री एकत्रित कर रही हैं। संस्था के मुख्य सेवादार डॉ सुरजीत सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य ऐसे गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा सामग्री पहुंचाना है, जिनके परिवार आर्थिक तंगी के कारण नई पुस्तकें और कॉपियां खरीदने में असमर्थ हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खुशियों का ओटला शहरवासियों से आग्रह कर रहा है कि वे अपने बच्चों द्वारा उपयोग की जा चुकी अच्छी स्थिति में उपलब्ध पुस्तकें, कॉपियां, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग और अन्य सामग्री दान करें, ताकि किसी अन्य बच्चे की शिक्षा में मदद मिल सके।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती पार्वतीबाई पति स्व. सिद्धू जी एवं आसाराम पिता स्व. सिद्धु जी निवासीगण- ग्राम नवेली तहसील घटिया जिला उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 370/1 रकबा 0.870है. ग्राम नवेली तहसील घटिया जिला उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 08/06/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं. 8839742938**

### आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर गुस्सा आया; लोहे के कड़े से मारा

# मां से प्रेम संबंध पर बड़े पापा की हत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



बदनावर के कानवन स्थित खंडीगारा गांव में हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक के भतीजे और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने अपनी मां के साथ प्रेम संबंध होने के शक में अपने ताऊ की लकड़ी, ईंट और हाथ में पहनने वाले लोहे के कड़े से मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है।

### आम के पेड़ के नीचे मिला था लहूलुहान शव

मृतक की पहचान गोविंद सिंह पंवार के रूप में हुई है। कानवन थाना प्रभारी रवींद्रकुमार बारिया ने बताया कि 5 जून को ग्राम दत्तीगारा से बिडवाल जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक आम के पेड़ के नीचे एक अज्ञात शव मिला था।

जांच करने पर उसकी शिनाख्त खंडीगारा निवासी गोविंद पंवार के रूप में हुई। पुलिस ने जब शव का पोस्टमार्टम कराया, तो सिर और शरीर पर चोट के निशानों से हत्या की बात साफ हो गई।

### ईंट और लकड़ी से पीटा

गुस्से में आकर प्रवीण और विजय ने मिलकर गोविंद सिंह पर लकड़ी, ईंट और हाथ में पहनने वाले लोहे के नुकीले कड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोट आने की वजह से गोविंद सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कामयाबी में कानवन पुलिस और धार साइबर सेल की भूमिका अहम रही।

### आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर आया गुस्सा

पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के भतीजे प्रवीणसिंह उर्फ जीवन पंवार और उसके दोस्त विजय बारिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपी प्रवीण ने कबूला कि उसके बड़े पापा गोविंद सिंह के उसकी मां के साथ प्रेम संबंध थे। घटना वाले दिन उसने और उसके दोस्त विजय ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था, जिससे वे गुस्से में आ गए।

## बदनावर में महाराणा प्रताप जयंती पर शौर्ययात्रा निकली

**बदनावर।** बदनावर में रविवार को महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर युवा राजपूत संगठन के तत्वावधान में एक भव्य शौर्ययात्रा निकाली गई, जिसमें समाजजनों, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर की सड़कों पर केसरिया ध्वज लहराते हुए महाराणा प्रताप के जयघोषों से वातावरण गूंज उठा। शौर्ययात्रा की शुरूआत देर शाम माथुर कॉलोनी स्थित राजपूत समाज धर्मशाला से हुई। इससे पहले, समाजजन बड़ी चौपाटी स्थित महाराणा प्रताप चौक पहुंचे। यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया, जिसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर यात्रा को रवाना किया गया।

यात्रा में सबसे आगे ऊंट और घोड़ों पर सवार युवा हाथों में केसरिया ध्वज लिए चल रहे थे, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। उनके पीछे बैंड-बाजों की धुन पर महाराणा प्रताप के शौर्य और बलिदान से जुड़े गीत गूंज रहे थे। ढोल-नगाड़ों की थाप और जयघोषों के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना दिया।

शौर्ययात्रा बस स्टैंड, अंबेडकर चौराहा, सोमेश्वर चौराहा, जवाहर मार्ग, सावरकर मार्ग, सभामंच, भेरू उखलिया और सुभाष मार्ग सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने स्वागत मंच लगाकर यात्रा का अभिनंदन किया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर समाजजनों का स्वागत किया गया।



## 10 टन अवैध लकड़ी से भरा ट्रक जब्त, इंदौर लेकर जा रहे थे

**देवास।** देवास जिले के पीपलरावा क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन की जा रही करीब 10 टन लकड़ी से भरा एक ट्रक पकड़ा है। जब्त लकड़ी की कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। चालक के पास परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर ट्रक को जब्त कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि भूतेश्वर क्षेत्र से एक ट्रक में अवैध रूप से लकड़ी इंदौर ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर डायल-112 वाहन में तैनात आरक्षक राजेंद्र और उनकी टीम ने मुण्डलवादा फाटे के पास ट्रक को रोककर जांच की। जांच के दौरान चालक अरविंद गिरी निवासी शूजालपुर से लकड़ी परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वन विभाग को सूचना दी। डिप्टी रेंजर हेमराज गोखले ने बताया कि ट्रक भूतेश्वर क्षेत्र से इंदौर की ओर जा रहा था। वाहन में करीब 10 टन लकड़ी भरी हुई थी, जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई के दौरान डिप्टी रेंजर हेमराज गोखले, मनोज मंडलोई, अंकित खत्री और अंकित मालवीय मौजूद रहे। जब्त ट्रक को बालगढ़ डिपो में खड़ा कराया गया है।वन विभाग मामले में लकड़ी के स्त्रोत और परिवहन से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रहा है। प्रकरण में आगे की कार्रवाई जारी है।

## करोली माता मंदिर से दानपेटी, नगदी और कीमती सामान ले उड़े चोर

**सीहोर।** सीहोर के प्रसिद्ध करोली माता मंदिर में बीती रविवार रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने मंदिर के गर्भगृह और प्रांगण में प्रवेश कर दानपेटी सहित कुछ अन्य कीमती सामान चुरा लिया। यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि एक चोर मंदिर परिसर में दाखिल हुआ और माता के दरबार के पास रखी दानपेटी को कटर (या अन्य औजार) से काटने का प्रयास किया। जब वह दानपेटी का ताला तोड़ने या उसे खोलने में पूरी तरह सफल नहीं हो सका, तो वह पेटी और अन्य कीमती सामान उठाकर वहां से फरार हो गया। सुबह जब मंदिर के पुजारी और श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे, तो ताले टूटे देखकर उन्हें चोरी का पता चला और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की छानबीन के दौरान मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित ईंट भट्ठों के पास कटी हुई खाली दानपेटी पड़ी मिली। चोर उसमें से सारी नगदी निकालकर बॉक्स वहीं फेंक गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले लिए हैं। मंडी थाना प्रभारी (टीआई) सुनील मेहर ने बताया कि मंदिर से दानपेटी चोरी होने की सूचना मिली है और मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि पुलिस की टीमें संदिग्धों की तलाश में रवाना कर दी गई हैं और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जाहिर सूचना

**कृषि भूमि सर्वे नम्बर 437/2 रकबा 0.87 आरे भूमि स्वामी (संयुक्त) रईस खान एवं आबिद मंसूरी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रईस खान पिता रजाक खान निवासी 17/4 ठक्कर बप्पा पथ महिदपुर द्वारा दिनांक 24.04.2023 को अनुबंध पत्र दिनांक 15.11.2022 तत्कालीन भूमि स्वामी श्रीमति भूलीबाई पति नारायणजी बलाई से सर्वे नम्बर 437/2 रकबा 0.87 आरे भूमि कय की गई तथा यह अनुबंध संयुक्त रूप से केता नाते मेरे पक्षकार एवं आबिद मंसूरी द्वारा अपने पक्ष में निष्पादित करवाया गया, इसी अनुबंध पत्र दिनांक 15.11.2022 के आधार पर विक्रेता भूमि स्वामी श्रीमति भूलीबाई द्वारा मेरे पक्षकार के हित में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.04. 2023 को निष्पादित किया गया यह विक्रय पत्र संयुक्त क्रेता के रूप में मेरे पक्षकार रईस खान एवं आबिद मंसूरी के नाम निष्पादित करवाया गया होकर सर्वे नम्बर 437/2 रकबा 0.87 आरे की भूमि का मेरे पक्षकार 1/2 हक हिस्से का स्वामी होकर स्वामी नाते विक्रय पत्र निष्पादन दिनांक से संपूर्ण भूमि पर मेरा पक्षकार एकमात्र रूप में काबिज चला आ रहा होकर संपूर्ण भूमि पर कृषि कार्य करता चला आ रहा है।

यह उक्त रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.04.2023 जो सर्विस प्रोवायडर अमन मंसूरी द्वारा लेख कर निष्पादित करवाया गया जो श्री आबिद मंसूरी (क्रेता) के पुत्र है तथा मेरा पक्षकार अल्प शिक्षित भी नही होने के कारण उसने विक्रय पत्र ड्राफ्ट को पढा भी नहीं और आबिद मंसूरी एवं उनके पुत्र सर्विस प्रोवायडर अमन मंसूरी द्वारा पढ़कर सुनाया, समझाया गया, तथा मेरे पक्षकार ने अत्यन्त विश्वास में बिना पढ़े क्रेता के रूप में विक्रय पत्र दिनांक 24.04.2023 पर अपने हस्ताक्षर कर संपूर्ण विक्रय पत्र प्रतिफल की राशि विक्रेता भूलीबाई को अपने 1/2 हक हिस्से के मान से अदा कर दी, किन्तु विक्रय पत्र में अत्यन्त ही चालाकी एवं विश्वास में रखते दुर्भावनापूर्ण मेरे पक्षकार का रकबा 0.12 आरे लेख करवा दिया एवं खुद आबिद मंसूरी द्वारा अपना रकबा 0.75 आरे के रूप में में लेख करवा लिया गया, इसी धोखाधडी पूर्ण विक्रय पत्र के आधार पर आबिद मंसूरी रकबा 0.75 आरे भूमि येनकेन अन्य व्यक्ति को विक्रय करने हेतु निरंतर प्रयासरत है, जब कि मेरा पक्षकार संपूर्ण रकबा 0.87 आरे में 1/2 का संयुक्त स्वामी है इस कारण रकबा 0.75 आरे भूमि विक्रय करने का कोई भी विधिक वैध अधिकार आबिद मंसूरी को नहीं है, इस संबंध में मेरा पक्षकार सक्षम न्यायालय में विक्रय पत्र दिनांक 24. 03.2023 को प्रश्नगत करते वाद प्रस्तुत करने जा रहा है बावजूद इसके कोई भी व्यक्ति यदि विक्रय पत्र का निष्पादन अपने पक्ष में करवाता है तो वह मेरे पक्षकार को प्राप्त स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य के मुकाबले शून्यवत होकर बंधनकारी नही रहेगी।

तद् अनुसार सर्वसाधारण सूचित होवे-
इति दिनांक 08.06.2026

**मनोजकुमार धाकड़ एडव्होकेट मातृकिा निकुंज नारायणारोड महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 9893705705**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने नितेश पण्ड्या पिता श्री दिनेश पण्ड्या निवासी ग्राम हरनावदा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 361 रकबा 0.580 हेक्टर स्थित ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 08/06/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## कार्यालय नगर परिषद् सुसनेर जिला आगर-मालवा (म.प्र.)

ई-मेल -cmosusner@mpurban.gov.in

क्रमांक/राज./2026/726 सुसनेर दिनांक 05/06/2026

### -::-नामान्तरण सार्वजनिक विज्ञप्ति-::-

कार्यालय नगर परिषद् सुसनेर जिला आगर मालवा जिला आगर मालवा म.प्र. नामान्तरण विज्ञप्ति सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है नगर परिषद् सुसनेर में निम्नलिखित आवेदको द्वारा भवन/भुमि हक हस्तानतरण हेतु आवेदन पत्र जमा किये गये है उक्त विज्ञप्ति द्वारा सुचित किया जाता है निम्नलिखित आवेदको के नामान्तरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ती को आपत्ति हो तो वह प्रकाषन के दिनांक से 15 दिवस की समय अवधि में मय स्वामित्व प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करे अन्यथा समय अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति आवेदनो पर विचार नही किया जावेगा। (सूचित हो)

| क्र. | नम हस्तांतरित ग्रहिता का मय पिता/पति | नम हस्तांतरणकर्ता का मय पिता/पति | वार्ड क्र. | भवन/भूमि का क्र. एवं विवरण | आधर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोनालीका शर्मा पिता धनष्याम शर्मा | रामचंद्र सिंह पिता प्यार सिंह | 12 | भु.सर्वे नं. 2056/4/7/1/1/1/1/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 2 | रीना योगी पिता रामचन्द्र | गोर्वधन गायरी, संतोष गायरी पिता रामलाल | 11 | भू.सर्वे नं. 1912/1/222/2/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 3 | उर्मिला पाण्डें पति राजेन्द्रसिंह पाण्डें | चतर्भुजदास भुतडा पिता बिरदीचंद भुतडा | 13 | भू.सर्वे नं. 1860/2/1/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 4 | श्री सुखमाल जैन, संगीता जैन, गुणमाला जैन, चिंताबाई जैन पुत्र पुत्री शांतिलाल जैन | विमला बाई पति शांतिलाल जैन | 13 | भवन नं. 304/25 | मुत्यु प्रमाण पत्र, शपत पत्र, खसरा |
| 5 | छाया बैरागी पति नरेन्द्र बैरागी | पूनमचंद माली पिता शंकरलाल माली | 11 | 1935/1/2/1/2/1/6 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 6 | काली बाई पति शंकर सिंह | दिनेश जैन पिता चांदमल जैन | 6 | 1640/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 7 | गेविंददास बांगड पिता लक्ष्मीचंद बांगड, किरण बांगड पति गोंविद बांगड | गोविंददास बांगड पिता लक्ष्मीप्रसाद बांगड | 8 | भवन नं. 115 | रजिस्ट्रर्ड सहस्वामीत्व पत्र |
| 8 | मानसिंह चौहान पिता मोती सिंह चौहान | रतनलाल जैन पिता धुरालाल जैन | 7 | भवन नं. 85 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 9 | गोपाल माली पिता मांगीलाल माली | ——— | 9 | भू.सर्वे नं. 1236/6 | शपत पत्र, खसरा, भूमि परिवर्तन आदेष |
| 10 | विमलेश कुंवर राणा पुत्री केषर सिह हाडा | राजेन्द्र कुंवर बाई पुत्री शेर सिंह पत्नि राणा षिवराज सिंह | 7 | 1816/2/7 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 11 | जय कुंवर बाई पति श्याम सिह | कुलदिप यादव, पंकज यादव पिता गोकुल यादव | 12 | भवन नं. 0905 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 12 | मगंला बाई पति सीताराम माली | गोकुल प्रसाद मेघवाल पिता मांगीलाल जी | 12 | 2056/2/9/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 13 | नन्दकिषोर, राजेष कुमार पिता पीरूलाल | फुलचंद, प्रेमचंद प्रकाषचंद, पिता चंदरलाल, चंदरलाल पिता कुंवरलाल, | 13 | 1874/1/3 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 14 | अशोक कुमार विष्वकर्मा पिता आत्माराम विष्वकर्मा, कोमलदेवी पति अषोक कुमार | अशोक कुमार विष्वकर्मा पिता आत्माराम | 12 | भवन नं. 0751 | रजिस्ट्रर्ड सहस्वामीत्व पत्र |
| 15 | स्मिता मालवीय पिता बंषीलाल जी | एजाज मोहम्मद पिता मुंषी मोहम्मद जी | 12 | भवन नं. 0283 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 16 | अर्पिता जैन पति पवन जैन | कमला बाई पति मांगीलाल | 13 | भवन नं. 304/20 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 17 | पवन शर्मा पिता सिताराम शर्मा | नगुलाल लोहार पिता बगदीराम लोहार द्वारा एयु स्माल फाइनेंस बैक लिमिटेड अभिलाष चंदेल पिता राधेष्याम चंदेल | 12 | भवन नं. 275/8 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 18 | बंशीलाल, राधेष्याम, रमेषचंद पिता नंदलाल जी | नंदलाल पिता जगन्नाथ सूतार | 10 | 1229/1/1/1, 1229/1/1/2,1229/1/1/3 | शपत पत्र, खसरा, मुत्यु प्रमाण पत्र |
| 19 | सरिता राठौर पति राहुल राठौर | रामप्रसाद राठौर पिता मेरूसिंह | 12 | भवन नं. 0692/1 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 20 | रईसा बी पति इकबाल खॉन | आनंदीलाल, कैलाष, रमेंषचंद, गोपाल पिता किषन लाल | 1 | भवन नं.124 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 21 | दिनेश दुबे पिता मदनलाल दुबे | अल्का बाई पति श्रीकृष्णा शर्मा | 12 | भवन नं. 0552/1 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 22 | कमलेश माली पिता गोरधन माली | हेमलता बाई पति रामचंद्र | 7 | भवन नं. 0517 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 23 | रजिया बी पति शहजाद खॉन | रियाज एहमद पिता फेज मोहम्मद | 7 | भू.सर्वे नं. 1825/1/1/1/2/1/1/1/1/1/1/1/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 24 | नारायण लाल सोनी पिता सालगराम सोनी | अनिता जैन पति महेन्द्र जैन | 8 | 32/3 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 25 | नयन सोनी पिता प्रेमनारायण सोनी | प्रेमलता बाई पति मगनलाल देसाई | 5 | 74 | मुत्यु प्रमाण पत्र शपत पत्र |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् सुसनेर

# शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस पर श्रमदान किया



**शुजालपुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर जिजाऊ ब्रिगेड एवं महाराष्ट्र समाज शुजालपुर द्वारा अकोदिया मंडी स्थित शिवाजी मार्केट परिसर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष रचना शर्मा का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, सुशासनए समता और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है। सीमित संसाधनों और प्राकृतिक साधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए उन्होंने अल्प समय में हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर इतिहास रच दिया। उनके प्रशासनिक कौशल, दूरदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों ने स्वराज्य को सुराज्य का स्वरूप प्रदान किया।

वक्ताओं ने बताया कि 6 जून 1674 को शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना थी। उन्होंने विदेशी सत्ता और गुलामी के विरुद्ध संघर्ष कर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की। इसी गौरवशाली विरासत को सम्मान देते हुए अकोदिया मंडी में नगर परिषद द्वारा शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई तथा बाजार का नाम शिवाजी मार्केट रखा गया, जो क्षेत्रवासियों और विशेष रूप से महाराष्ट्र समाज के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में जिजाऊ ब्रिगेड की प्रदेश अध्यक्ष कोमल ताई ने शिवचरित्र पर व्याख्यान देते हुए कहा कि शिवाजी महाराज केवल मराठा समाज के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदवी समाज के आराध्य हैं। उन्होंने महिलाओं को सम्मानए सुरक्षा और समान अधिकार देने की परंपरा स्थापित की। उनकी माता राजमाता जीजाऊ के संस्कारों का प्रभाव उनके व्यक्तित्व और शासन व्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसी भावना के अनुरूप नगर परिषद अध्यक्ष रचना शर्मा द्वारा शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापना कराना समाज के लिए गौरवपूर्ण कार्य है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर सिंगार धाम, मध्यप्रदेश शासन के मेला प्राधिकरण अध्यक्ष माखन सिंह चौहान, भाजपा जिला महामंत्री विजय सिंह बेस, वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन शिंदे, नगर अध्यक्ष बबीता परमार सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। राज्याभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में जिजाऊ ब्रिगेड एवं महाराष्ट्र समाज द्वारा वृक्षारोपण और श्रमदान भी किया गया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष सुरेश वडनेरकर, शिवाजी पवार, बलवंतराव पवार, विनोद देशमुख, मुकेश देशमुख, विश्वजीत जाधव, निशांत देशमुख, कुलदीप देशमुख, राहुल देशमुख, नितिन सणस, सुभाष सणस, रमेश देशमुख, प्रभाकरराव देशमुख, सुरेंद्रराव देशमुख, प्रवीण देशमुख, रामराव देशमुख, राजेंद्र देशमुख,सचिन सणस, प्राजक्ता देशमुख, वंदना देशमुख, चित्रा देशमुख, संध्या पवार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## स्व. सीता देवी की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र शिविर कल

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय शाखा शुजालपुर द्वारा स्वर्गीय सीता देवी की स्मृति में निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 10 जून को किया जाएगा। शिविर सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र, शासकीय अस्पताल के सामने, शुजालपुर मंडी में प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। साथ ही मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों का चयन कर उन्हें उसी दिन बस द्वारा संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ले जाया जाएगा, जहां आवश्यक उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय से जुड़े अशोक कुमार सिंह ने क्षेत्र के नागरिकों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज समय पर जांच कराकर अपनी दृष्टि सुरक्षित रख सकते हैं।

## वेतन संकट के चलते कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) का पद रिक्त होने के कारण कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य आवश्यक सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। सोमवार दोपहर नगर पालिका कर्मचारी नेता देव कुमार सहित अन्य सफाई मेंटों ने नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द वेतन भुगतान करने का अनुरोध किया। कर्मचारी नेता देव कुमार ने बताया कि जून का महीना शुरू होते ही बच्चों के स्कूल खुल रहे हैं, जिससे उनके सामने स्कूल की फीस, किताबें, यूनिफॉर्म और बस्ते खरीदने का आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसके अलावा, हर महीने सैलरी में हो रही देरी की वजह से कर्मचारियों के होम लोन और पर्सनल लोन की किस्तें समय पर जमा नहीं हो पा रही हैं, जिससे उनका बैंक सिबिल स्कोर खराब हो रहा है। इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया और बताया कि वह अब तक तीन बार शासन को पत्र लिख चुकी हैं और इस ज्ञापन के साथ भी तत्काल सरकार को वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगी।

## भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न,आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा



**गुना।** भारतीय जनता पार्टी की मासिक कामकाजी बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश संगठन द्वारा दिए गए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई साथ ही विगत माह पार्टी द्वारा आयोजित किये गए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संगठन द्वारा जारी किये जा रहे कार्यक्रमों का पूरी तरह पालन करना हर कार्यकर्ता का दायित्व है और आप सभी द्वारा पूरी निष्ठा और समर्पण से किए जा रहे कार्यों से पार्टी को मजबूती मिलती है जो प्रशंसनीय है। बैठक में जिला महामंत्री संतोष धाकड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बारह वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा 卐12 साल विश्वास के,विकास के,जनकल्याण के 卐के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी निर्देशानुसार मासिक कामकाजी बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला कार्यकारिणी सदस्य,जिले के समस्त मंडल एवं मोर्चा जिला अध्यक्ष सहित वरिष्ठ पदाधिकारी अपेक्षित थे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी ने व आभार चन्द्रप्रकाश अहिरवार ने व्यक्त किया।

## अधीनस्थों की कार्यक्षमता बढ़ाना भी अधिकारियों की जिम्मेदारी

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अधिकारियों से कहा है कि प्रशासनिक कार्यों में बेहतर परिणाम के लिए क्षमता विकास (कैपेसिटी बिल्डिंग) पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। अधिकारी स्वयं को लगातार अपडेट रखें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कौशल विकास पर भी कार्य करें, ताकि उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि हो सके। उन्होंने विभिन्न शासकीय पोर्टलों पर उपलब्ध प्रशिक्षण एवं पाठ्यक्रमों का उपयोग करने की सलाह दी। सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि जनसुनवाई में बड़ी संख्या में प्रकरणों का पहुंचना इस बात का संकेत है कि कई मामलों में समस्याओं का निचले स्तर पर समय पर निराकरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व, पंचायत, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही नागरिक सेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

## आंगन में सो रहे मासूम की संदिग्ध हालात में मौत

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम चित्तौड़ा में सोमवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां चार वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि रात के समय किसी विषैले जीव के काटने से उसकी जान चली गई। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। जानकारी के अनुसार ग्राम चित्तौड़ा निवासी ओमप्रकाश पूरबिया का चार वर्षीय पुत्र माहिर रविवार रात अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहा था। परिजनों ने बताया कि तड़के बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण परिवार के सदस्य खुले में विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान बालक अचानक रोने लगा। परिजनों ने उसे सामान्य परेशानी समझते हुए संभाला और दोबारा सुला दिया। सुबह जब बालक की तबीयत बिगड़ती दिखाई दी और वह बोलने में असमर्थ हो गया, तब परिवारजन चिंतित हो उठे। पहले उसे स्थानीय स्तर पर उपचार और झाड़.फूंक के लिए एक देव स्थान ले जाया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे तत्काल शुजालपुर के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि मृतक माहिर मजदूर ओमप्रकाश पूरबिया का बड़ा पुत्र था। परिवार में उसका एक छोटा भाई भी है। मासूम की असमय मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का

## कांग्रेस संगठन सृजन की समीक्षा को लेकर आज शुजालपुर में बैठक

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को शुजालपुर ब्लॉक कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे दादावाड़ी में होगी, जिसमें विधानसभा प्रभारी प्रकाश खेड़कर मुख्य रूप से शामिल होकर संगठनात्मक गतिविधियों और पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर संगठन को मजबूत करने के लिए समीक्षा बैठकों का दौर चल रहा है। इसी क्रम में विधानसभा प्रभारी प्रकाश खेड़कर शाजापुर जिले के विभिन्न ब्लॉकों में पहुंचकर नव नियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के कार्यों का मूल्यांकन कर रहे हैं। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर की गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। बताया गया है कि जिन नेताओं और कार्यकर्ताओं को प्रदेश, जिला, विधानसभा अथवा ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, उन्हें क्षेत्र में किए गए कार्यों और संगठनात्मक सक्रियता का विवरण प्रस्तुत करना होगा। समीक्षा के दौरान मंडलम, सेक्टर एवं बूथ स्तर तक संगठन की स्थिति पर भी चर्चा की जाएगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह के साथ विधानसभा प्रभारी प्रकाश खेड़कर शाजापुर, मक्सी, मोहन बड़ोदिया, अकोदिया, गुलाना और सुंदरसी सहित जिले के कई ब्लॉकों की बैठकें ले चुके हैं।

## पत्रकार सम्मान समारोह 28 जून को

**आरोन।** युवा मित्र मंडल, आरोन के तत्वावधान में समाज के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय ब्रह्मदास सूर्यवंशी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 28 जून 2026 (रविवार) को मेधावी छात्र-छात्रा एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा क्षेत्र के पत्रकार साथियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जे.एन. कसोटिया (आईएएस), रि.अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में किशोर कुमार कन्याल (आईएएस), कलेक्टर जिला गुना एवं एसएल सूर्यवंशी, चीफ इंजीनियर (पीडब्ल्यूडी), मध्यप्रदेश कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। आयोजक समिति ने पात्र छात्र-छात्राओं से आवेदन करने की अपील की है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून 2026 निर्धारित की गई है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रोहितदास बैरागी पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायणदास बैरागी, निवासी-44/1/3, छोटी कमल कॉलोनी लैथ मशीन के सामने, उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य का एक पैतृक मकान क्रं. 44/1/2 एवं 44/1/3, जो कि बड़ी कमल कॉलोनी गली नं. 10, अंकपात मार्ग, उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उक्त मकान संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य का है। मेरे पक्षकार के भाई श्यामदास बैरागी एवं राजेन्द्र बैरागी पुत्रगण स्व. श्री लक्ष्मीनारायणदास बैरागी के द्वारा अपने पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायणदास बैरागी की कैंसर की बीमारी एवं उनकी मानसिक विपरीत परिस्थिति का फायदा उठाकर उक्त पैतृक संपत्ति के वसीयतनामें में अपने-अपने नाम दर्ज करवाकर वसीयतनामा निष्पादन कर नगर पालिक निगम, झोन क्रं. 2 में उक्त मकान पर अपने नाम का नामांतरण करवाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जबकि उक्त मकान में मेरे पक्षकार का हक, हिस्सा व अधिकार निहित है। उक्त मकान के स्वत्व संबंधी एक साम्पतिक वाद प्रकरण क्रं. आरसीएस/96/2026 सप्तम् व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-1, उज्जैन में प्रस्तुत किया गया है जो वर्तमान में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाये रखे जाने बाबत स्थगन भी मेरे पक्षकार को प्रदान किया गया है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उक्त प्रकरण के विचाराधीन रहते हुए उक्त मकान पर अन्य सहस्वामियों के द्वारा अपने नाम का नामांतरण करवाये जाने हेतु नामांतरण कार्यवाही की जा रही है। ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकार की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के नामांतरण एवं क्रय-विक्रय के संबंध में कोई भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय बैंक, शासकीय विभाग, पेढ़ी, सहकारी पेढ़ी, संस्था निकाय, आदि किसी भी प्रकार का कोई नामांतरण एवं क्रय-विक्रय आदि के संबंध में कोई संव्यवहार मेरे पक्षकार की सहमति व अनुमति के बगैर ना करें एवं वर्तमान जाहिर सूचना के पश्चात भी उक्त संपत्ति का नामांतरण अथवा क्रय-विक्रय या अंतरित किया जाता है तो ऐसी स्थिति में ऐसा संव्यवहार वर्तमान जाहिर सूचना के प्रभाव में शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित हो। इति दिनांक 08/06/2026

**चितरंजन चौधरी, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-47, मुरलीपुरा, उज्जैन मो. 9827748508**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. अमजद पटेल पिता सलीम पटेल 2. अफजल पटेल पिता सौकत पटेल निवासी ग्राम मगरखेड़ा मलहारगंज इंदौर के स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1572 रकबा 0.0200 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1584/2 रकबा 0.0900 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1585/2 रकबा 0.0300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1586/2 रकबा 0.2000 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1589 रकबा 0.0200 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1590 रकबा 0.0400 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1577 रकबा 0.0500 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1578/1 रकबा 0.2500 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1576/2 रकबा 0.0350 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1569 रकबा 0.1100 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1571 रकबा 0.0800 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1573 रकबा 0.0300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1575 रकबा 0.0300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1591 रकबा 0.0300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1586/1 रकबा 0.0700 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1588 रकबा 0.0300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1615 रकबा 0.0700 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1616 रकबा 0.0500 हेक्टेयर कुल किता 18 कुल रकबा 1.235 हेक्टेयर स्थित ग्राम बड़ागांव, पटवारी हल्का न. 63, तहसील खाचरोद जिला उज्जैन जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने विधिवत कर लिया है तथा अनुबंध-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया जावेगा। इसलिए हर खास एवं आम तथा संबंधित व्यक्ति को इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूमि के संबंध में अगर किसी पक्ष को या संस्था को इस विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो एवं कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, दान, गिरवी, बंधक की हुई हो एवं कोई भी व्यक्ति उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई विधिसम्मत हित रखता हो जो कि कृषि भूमि के विकय से प्रभावित हो रहा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय द्वितीय मंजिल 442, गीरीराज हेरिटेज, तीन बत्ती, उज्जैन में सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करें तथा अपनी आपत्ति एवं दस्तावेज का अवलोकन करवाएं अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नहीं की जावेगा एवं आपत्ति करने का कोई अधिकार संबंधित पक्ष को नहीं रहेगा। सो सूचित हो। इति दिनांक 09.06.2026

**दीपक प्रजापत ( एडव्होकेट )**
**मो. 9617631819**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार ने भूमि स्वामी बाबूलाल पिता नग्गाजी जाति नाई निवासी ग्राम निनोरा तहसील व जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नं. 62 रकबा 0.02 हेक्टर पर बना मकान 30 गुणा 50 (1500 वर्ग फीट) में से क्षेत्रफल लगभग 14 गुणा 50 (700.00 वर्ग फीट) मकान स्थित ग्राम निनोरा तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नं.- 34 में स्थित होकर फीहोल्ड राईटस का मकान है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिटठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदाकर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहित सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतित होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विकय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 8.6.26

**सौरभ मंगल, एडवोकेट**
**कार्यलय 122 सीनियर एम.आई.जी. इन्दिरा नगर,**
**आगर रोड़ उज्जैन मो. 94248-92503**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री कृष्णपालसिंह पिता श्री बालूसिंह, जाति-राजपूत, निवासी-घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-61/2 रकबा 0.5000 हेक्टर ग्राम ईलासखेडी, प. ह. नं.-00081 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री गोरधनसिंह डोडिया पिता श्री भगवानसिंह डोडिया, निवासी-अम्बोदिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री गोरधनसिंह डोडिया के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई-पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-08.06.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 415/1 रकबा 2.010 हेक्टर में से रकबा 0.200 हेक्टर स्थित ग्राम रनाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को भंवरसिंह पिता श्री हजारी जी, जाति बंजारा, निवासी ग्राम रनाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदाकर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अत: इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 08-06-2026

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर 9826534221, 8839920862**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं श्रीमती प्रीति उर्फ वेदिका दुबे पति श्री उपेन्द्र दुबे, पता - 20/1, विद्यापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन म.प्र. प्रबंधक आकृषित एस.एस. फाईनेंसिंग एडवाईजरी प्रा.लि. की ओर से यह जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई जा रही है - मैं उपरोक्त वर्णित फर्म के नाम से व्यापार नगरं उज्जैन में करती हूँ। मेरी फर्म का पंजीयन UJJA 250902 SE 000051 होकर मध्यप्रदेश दुकान स्थापना अधिनियम 1958 (क्र. सन 1958) के अन्तर्गत दिनांक 08.09.2025 को वैधानिक रूप से पंजीयन होकर निरंतर व्यवसाय कर रही है। कुछ कतिपय लोगों एवं असामाजिक तत्वों के द्वारा मेरी फर्म / संस्था की प्रतिष्ठा को धुमिल करने हेतु प्रयास किये जा रहे है जो कि, सरासर आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आते है। मेरी फर्म द्वारा किसी भी प्रकार अवैधानिक, धोखाधडी, गलत कार्य नहीं किया जाता है। इसलिए मेरे द्वारा संचालित संस्था के विरूद्ध कतिपय लोगों द्वारा षड़यंत्रपूर्वक मेरे व्यापार को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से दुष्प्रचारित किया जा कर अफवाए फैलाई जा रही है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, उक्त बातों पर ध्यान न दिया जावें इस हेतु यह जाहिर सूचना प्रकाशित की जा रही हैं। सो सूचित हो। इति दिनांक 8/6/26

**प्रेषक / प्रबंधक**
**आकृषित एस.एस. फाईनेंसिंग एडवाईजरी प्रा.लि.**
**श्रीमती प्रीति उर्फ वेदिका दुबे पति श्री उपेन्द्र दुबे,**
**पता 20/1, विद्यापति नगर,नानाखेड़ा, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9893968860**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार विक्रांत मेडिकल एजेन्सी, प्रकोष्ठ क्र. 03, ग्राउण्ड फ्लोर, मकान 10 जी, बागड़िया भवन परिसर, नजरअली (कोतवाली रोड़) वार्ड नं. 23, उज्जैन को एच.डी. एफ.सी. बैंक ने अवैध कार्यवाही कर कब्जा ले लिया है और उसकी ई-निलामी विक्रय सूचना राज एक्सप्रेस समाचार पत्र में प्रकाशित की है तथा उक्त संपत्ति की ई-निलामी की तिथि 24/06/2026 तय की है जिसके विरूद्ध मेरे पक्षकार की ओर से डी.आर.टी. या ऋण वसूली प्राधिकरण जबलपुर में अपील प्रस्तुत कर दी है जिसका प्रकरण क्रमांक 1766/2026 होकर पेशी दिनांक 12/06/2026 नियत है। कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त ई-निलामी में भाग नहीं लेवें और ना ही उपरोक्त संपत्ति क्रय करें, अगर किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा उपरोक्त संपत्ति की ई-निलामी में भाग लिया और संपत्ति क्रय की तो उसके परिणामों की जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी, मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। किसी को भी कोई जानकारी प्राप्त करना हो तो मुझसे या मेरे पक्षकार से प्राप्त कर सकता है। इति दिनांक - 08/06/2026

**प्रतापसिंह रावत, एडवोकेट**
**67, गिरधर कुंज, लंगर पेट्रोल पम्प के पास, देवास रोड, उज्जैन मो. 9425093103**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र पिता श्री चम्पालाल जी निवासी ग्राम मीढीखेड़ी, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन के स्वामित्व का भूखण्ड क्रमांक 06 ब्लाक-बी, ग्राम चिकली तहसील बडनगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने विधिवत कर लिया है तथा अनुबंध-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया जावेगा। इसलिए हर खास एवं आम तथा संबंधित व्यक्ति को इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड/भूमि के संबंध में अगर किसी पक्ष को या संस्था को इस विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो एवं भूखण्ड/भूमि कहीं पर रहन, बय, दान, गिरवी, बंधक की हुई हो एवं कोई भी व्यक्ति उक्त भूखण्ड/भूमि पर किसी प्रकार का कोई विधिसम्मत हित रखता हो जो कि भूखण्ड/भूमि के विक्रय से प्रभावित हो रहा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय द्वितीय मंजिल 442, गीरीराज हेरिटेज, तीन बत्ती, उज्जैन में सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करें तथा अपनी आपत्ति एवं दस्तावेज का अवलोकन करवाएं अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नहीं की जावेगा एवं आपत्ति करने का कोई अधिकार संबंधित पक्ष को नहीं रहेगा। सो सूचित हो। इति दिनांक 09.06.2026

**दीपक प्रजापत ( एडव्होकेट )**
**मो. 9617631819**

## समय–सीमा में कार्य न करने पर तीन तहसील दारों पर लगा जुर्माना

**मन्दसौर।** कलेक्टर द्वारा जिले में लोकसेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत प्राप्त आवेदनों का शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर तीन तहसीलदारों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण के आवेदनों में लापरवाही बरतने पर तहसीलदार सीतामऊ मोहित सीनम, नायब तहसीलदार भानपुरा विनोद कुमार शर्मा एवं नायब तहसीलदार शामगढ़ भीमसिंह खराड़ी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कलेक्टर ने इन तीनों अधिकारियों पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना आरोपित कर दण्डित किया है। इसके साथ ही नायब तहसीलदार सीतामऊ पंकज गंगवाल व नायब तहसीलदार मल्हारगढ़ पंकज जाट को भविष्य के लिए चेतावनी पत्र प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले के समस्त तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिये हैं कि लोकसेवा गारंटी के तहत आने वाले सभी आवेदनों का समय-सीमा के भीतर ही निराकरण करना सुनिश्चित करें,।

## 12 से 18 जून तक जिले में आयोजित होंगे जन कल्याण शिविर

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर एकता जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को सुशासन भवन स्थित सभागृह में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर श्रीमती जायसवाल ने निर्देश दिए कि समग्र आईडी से संबंधित कार्यों के लिए विशेष शिविर लगातार आयोजित किए जाएं तथा उनकी प्रतिदिन समीक्षा की जाए। इन शिविरों में नवीन समग्र आईडी निर्माण एवं ई-केवाईसी के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों में मरम्मत कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने छात्रावास, आंगनबाड़ी भवन एवं अन्य शासकीय भवनों के मरम्मत कार्य वषार्काल से पूर्व करने के निर्देश दिये। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 12 जून से 18 जून तक जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को ढूंढकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## कृति का नि :शुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर जारी

**नीमच।** कृति संस्था के चित्रकला प्रशिक्षण शिविर निरंतर पांचवें दिन नई कला प्रशिक्षण के साथ जारी रहा शुक्रवार को प्रशिक्षकों द्वारा शिविर में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को ग्लासपेंटिंग का विशेष प्रशिक्षण के साथ ही पेपर आर्ट फ्लोवरिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में अतिथि के रूप में आज श्री वीरेंद्र दुबे सुर संगम नीमच बच्चों का उत्साहवर्धन करने पधारे। अतिथि का स्वागत का शिविर संयोजक श्री जीवन कौशिक और सचिव रघुनन्दन पाराशर ने किया । आज 45 बच्चे उपस्थित रहे। प्रशिक्षक दीपक भट्ट , सुश्री ज्योतिका अग्रवाल, श्रीमती रचना ओझा, व अश्मिका। संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, कमलेश जायसवाल, राजेश जायसवाल कोषाध्यक्ष , रघुनंदन पाराशर सचिव , श्याम टांकवाल सहसचिव , किशोर जेवरिया, भरत जाजू , गणेश खंडेलवाल, प्रकाश भट्ट,जीवन कौशिक, घनश्याम अम्ब श्रीमती आशा साम्भर ,शरद पाटीदार उपस्थित रहे। बच्चों ने कल्पनाशीलता के साथ नई विद्या के प्रशिक्षण में विशेष रुचि दिखाई और प्रशिक्षकों के समक्ष पूर्ण कर प्रस्तुत की गई।

## यातायात टीम ने नाबालिग वाहन चालक के विरुद्ध कार्यवाही

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच के निर्देशन में जिले में लगातार यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान एक नाबालिग बालक स्कूटी चलाते हुए पाया गया, जिसे पुलिस द्वारा रोककर आवश्यक पूछताछ की गई।नाबालिग द्वारा वाहन संचालन किए जाने पर उसे थाना लाया गया तथा उसके माता-पिता/अभिभावकों को थाने पर बुलाया गया। मौके पर उन्हें यातायात नियमों एवं नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर समझाइश दी।

# सेवा के क्षेत्र में रोटरी ने दुनिया में स्वयं को सर्वश्रेष्ठ स्थान पर स्थापित किया -केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

### पुनीत काम से स्थापित होंगे सेवा के नए आयाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने विधायक निधि से प्रदत्त कार्डियक एम्बुलेंस का समारोह पूर्वक लोकार्पण किया। रोटरी क्लब रतलाम मंडल 3040 एव रोटरी सोश्यल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट रतलाम द्वारा आयोजित समारोह में रोटरी मंडलाध्यक्ष सुखदेव सिह घुम्मन एवं संस्कार कोठारी विशेष अतिथि रहे ।

मंत्री श्री काश्यप ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब श्रेष्ठ सेवा संस्थान है, इसने सेवा के क्षेत्र में स्वयं को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर स्थापित किया है । गंभीर मरीजों को सेवाएं उपलब्ध होना पुनीत कार्य है , जिससे मानव सेवा के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में कार्डियक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने के सभी संभव प्रयास किया जा रहे हैं। श्री काश्यप ने पद्मश्री डॉक्टर लीला जोशी द्वारा महिलाओं के एनीमिया से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों तथा गोविंद काकानी द्वारा कोविड काल में की गई सेवाओं की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आरंभ एयर एंबुलेंस सेवाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस की सेवा निशुल्क उपलब्ध है। श्री काश्यप ने कार्डियक एम्बुलेंस को भी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की तर्ज पर संचालन की आवश्यकता जताई।

आरंभ में रोटरी सोश्यल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष प्रद्युम्न मजावदिया ने बताया कि लोकार्पित एंबुलेंस में अत्याधुनिक संसाधन की व्यवस्था है। इसका संचालन रोटरी ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। एंबुलेंस की लागत 48 लाख 62 हजार रुपए के लगभग है । विधायक निधि से पूर्व में प्राप्त एंबुलेंस द्वारा 3 वर्षों में ढाई हजार से अधिक मरीजों को सेवा उपलब्ध कराते हुए साढे तीन लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तय की गई है। एंबुलेंस द्वारा न्यूनतम दरों पर सेवाएं उपलब्ध रहेगी। समारोह में रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल , उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संध्या बेलसरे, रोटरी ट्रस्ट सचिव रितेश वोहरा, रोटरी क्लब अध्यक्ष हरीश वर्मा, सचिव दीपक पंत, ट्रस्टी सुशील छाजेड, मुस्तफा स्टेशनवाला, सिद्धार्थ जैन, विपीन पोरवाल, अनूप सेठिया और अशोक तातेड़ सहित अन्य रोटरी पदाधिकारी सदस्य एव विभिन्न गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।अंत में मंत्री श्री काश्यप का अभिनंदन किया गया ।

## नन्ही विभूति ने हाथो से बनाई हनुमान जी की पेंटिंग श्री अरोरा को भेंट की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच




प्रतिभा, संस्कार और श्रद्धा जब एक साथ मिलते हैं तो वे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं। ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायक दृश्य शहर में उस समय देखने को मिला, जब 10 वर्षीय बालिका विभूति शर्मा द्वारा बनाई गई भगवान श्री हनुमानजी की सुंदर चित्रकला को वरिष्ठ समाजसेवी अशोक अरोरा ने अपने माथे से लगाकर उसकी कला, भावना और संस्कारों का सम्मान किया।

जानकारी के अनुसार विभूति शर्मा प्रतिदिन की तरह अपने साथियों के साथ खेलने के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात समाजसेवी अशोक अरोरा से हुई। विभूति ने उन्हें रुकने का आग्रह किया और कहा कि वह उनके लिए एक विशेष उपहार लेकर आती हैं। कुछ ही देर बाद वह अपने हाथों से बनाई भगवान श्री हनुमानजी की आकर्षक पेंटिंग लेकर लौटीं और उसे समाजसेवी अशोक अरोरा को भेंट किया।पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत विभूति शर्मा अधिवक्ता दर्शन शर्मा एवं कल्याणी शर्मा की पुत्री हैं। वह श्री किलेश्वर महादेव मंदिर, नीमच के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहलवानी से नीमच का नाम रोशन करने वाले वरिष्ठ पहलवान राजेन्द्र शर्मा की पौत्री हैं। विभूति ने अपने कोमल हाथों से भगवान श्री हनुमानजी का मनमोहक चित्र बनाकर अपनी विलक्षण कला प्रतिभा का परिचय दिया। चित्र पर अंकित जय श्री राम शब्द उसकी धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के प्रति गहरे लगाव को भी दर्शाते हैं।इस अवसर पर समाजसेवी श्री अरोरा ने कहा कि इस भावपूर्ण चित्र को देखकर उनका मन श्रद्धा और स्नेह से भर गया। यह केवल एक पेंटिंग नहीं, बल्कि एक बालिका के निश्छल हृदय से निकली भक्ति, संस्कार और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब अधिकांश बच्चे मोबाइल और आधुनिक उपकरणों में व्यस्त रहते हैं, ऐसे समय में विभूति जैसी बाल प्रतिभाएं कला, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवंत बनाए हुए हैं। यह पूरे समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।




## कार से 60 किलो डोडाचूरा जब्त, हरियाणा-पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर।** शामगढ़ थाना पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार और 60 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया है।शामगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम सकरियाखेड़ी के पास 8-लेन अंडरब्रिज पर चेकिंग के दौरान मारुति स्विफ्ट डिजायर कार क्र. पीबी 01 एफ 7310 को रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 60 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही कार भी जब्त कर ली गई है। पुलिस ने कार सवार आरोपी कुलविन्दर सिंह (45) पिता अनोख सिंह, निवासी काकड़ा, थाना समाना मंडी, जिला पटियाला (पंजाब) और जोगासिंह (56) पिता टहलसिंह, निवासी मलिकपुर, थाना गुहला, जिला कैथल (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। फिलहाल आरोपियों से डोडाचूरा की खरीद और तस्करी के स्रोतों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।




## नागदेवता की बावड़ी पर आज से प्रतिदिन एक घण्टा होगा श्रमदान

**मंदसौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत जन अभियान परिषद की बैठक जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के निर्देशन में 5 जून से 30 जून तक आयोजित किए जा रहे बावड़ी उत्सव के तहत नागदेवता की बावड़ी पर श्रमदान एवं स्वच्छता गतिविधियों को लेकर आयोजित की गई थी।बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 जून से प्रतिदिन प्रातः 8 से 9 बजे तक सामाजिक कार्यकर्ता एवं वार्डवासी नागदेवता की बावड़ी पर श्रमदान करेंगे। इस दौरान सभी मिलकर बावड़ी के संरक्षण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण में अपना योगदान देंगे। बैठक में उपस्थित सामाजिक कार्यकताओं ने जल स्रोतों के संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिक से अधिक नागरिकों को अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक में ब्लॉक समन्वयक अर्चना भट्ट, वार्ड पार्षद सुनीता भावसार, सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय शिक्षण मण्डल मालवा प्रांत का दो दिवसीय परिचायक वर्ग सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



भारतीय शिक्षण मण्डल मालवा प्रांत का दो दिवसीय आवासीय परिचायक वर्ग संजीत मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर में सम्पन्न हुआ जिसमें मन्दसौर, रतलाम व नीमच जिले के सदस्यों ने सहभागिता की। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में अखिल भारतीय अधिकारी पंकज नफाड़े ने बताया कि कार्यकर्ता निर्माण के लिए परिचायक वर्ग अत्यंत आवश्यक है। संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में भारतीयता का पुनर्जागरण करना है, जिसमें संस्कृति और संस्कारों को महत्व दिया जाए। दूसरे दिन की शुरूआत प्रातः काल योग, प्राणायाम और एकात्मता स्त्रोत के पाठ से हुई, जिसका संचालन कन्हैया देशमुख ने किया। क्षेत्रीय संयोजक लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने कार्यकताओं को संगठन कार्य सरल तरीके से करने के गुर सिखाए। प्रांत अध्यक्ष माया इंगले ने मंडल संरचना का प्रत्यक्ष प्रयोग कराते हुए बताया कि किसी भी विषय पर आपसी विमर्श और चिंतन के बाद ही समाधान कारक बिंदु निकाले जाने चाहिए। प्रांत मंत्री मनीष देवनानी ने संगठन के पांच आयामों-अनुसंधान, प्रबोधन, प्रशिक्षण, प्रकाशन एवं संगठन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षितिज पुरोहित ने व्यवस्था संबंधी चर्चा की, डॉ. अमृता सोनी ने संगठन गीत दोहराया और वर्गाधिकारी श्यामसुन्दर देशमुख ने दोनों दिनों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र आचार्य ने किया व जिला संयोजक विक्रम सिंह सिसौदिया ने आभार माना।

## नपा सीएमओ श्रीमती बामनिया ने किया नालो का निरीक्षण

**नीमच।** गुरुवार व शुक्रवार की रात एवं सुबह हुई बारिश के बाद शुक्रवार को सुबह नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने शहर भ्रमण कर शहर के विभिन्न नालों एवं जल भराव वाले क्षेत्रो का निरीक्षण करते हुए प्राइवेट बस स्टैंड पर चल रहे नाला सफाई अभियान को देखा एवं आवश्यक निर्देश दिए. सीएमओ श्रीमती बामनिया ने शुक्रवार को ग्वालटोली स्थित स्पेंटा पेट्रोल पंप के पास वाला नाला , निरोग धाम के पास वाला नाला, बारादरी के पास वाला नाला तथा प्राइवेट बस स्टैंड स्थित नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती बामनिया ने स्पेन्टा पेट्रोल पंप के पास वाले नाले की मौके पर ही जेसीबी बुलवाकर सफाई करवाई एवं प्राइवेट बस स्टैंड पर भी नाला सफाई कार्य का अवलोकन करते हुए कार्य में गति लाने एवं बारिश पूर्व जल भराव वाले क्षेत्रों में बारिश के पानी की निकासी के पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए। श्रीमती बामनिया ने नागरिकों से अनुरोध किया कि नालो की सफाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

## कांग्रेस ने मल्हारगढ़ में प्रभात फेरी, चौपाल सभा व जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया

### जय जगत अभियान: भाजपा सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के तत्वावधान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ द्वारा सोमवार सुबह "जय जगत साथियों झ जन जागरूकता अभियान" के तहत प्रभात फेरी, चौपाल सभा, श्रमदान एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सुबह 7.30 बजे गाडगिल चौराहे से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शहीद स्मारक पहुंची। इसके पश्चात चौपाल सभा आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चौपाल सभा के बाद राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकताओं का सूत की माला पहनाकर सम्मान किया गया। इसके उपरांत कांग्रेसजनों ने श्रमदान कर शहीद स्मारक परिसर में साफ-सफाई की तथा नगर में आमजन, छोटे व्यापारियों, किसानों एवं महिलाओं से व्यापक जनसंवाद किया।

जनसंवाद के दौरान लोगों ने अपनी समस्याएं रखते हुए बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक परेशानियों पर चिंता व्यक्त की। महिलाओं ने बताया कि रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है और घरेलू बजट पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि भाजपा सरकार द्वारा किए गए वादों और योजनाओं का लाभ आम जनता तक कितना पहुंच रहा है। जनता ने भी कहा कि महंगाई और आर्थिक दबाव के कारण किसान, व्यापारी, मजदूर एवं मध्यमवर्गीय परिवार कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, जबकि सरकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। चौपाल सभा को संबोधित करते हुए राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष महेश पाटीदार ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर हयात मेव ने कहा कि संविधान देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की गारंटी है और जन-जागृति अभियान के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है।

### न्यूज कालम



## श्री महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल, में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**आलोट।** विद्यालय एवं विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार के उद्देश्य से आज श्री महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल, आलोट में सात दिवसीय शिक्षक दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षकों का ज्ञान एवं कौशल निरंतर अद्यतन होना आवश्यक है। मुख्य अतिथि शांतिलाल तेली ने अपने उद्बोधन में शिक्षक के दायित्व, समाज में उसकी भूमिका तथा सतत सीखते रहने की आवश्यकता पर बल दिया। विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्रों में पूर्व-प्राथमिक विभाग की ओर से सुनीता परमार, प्राथमिक विभाग की ओर से डॉली कदम, माध्यमिक विभाग की ओर से सोनिया दुबे तथा उच्च माध्यमिक विभाग की ओर से नीरज जैन ने अपने-अपने समूहों में हुई चचाओं, सुझावों एवं निष्कर्षों को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का सफल संचालन शिखा शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन पुष्कर पाटीदार ने किया।

## नाकोड़ा कॉम्पलेक्स मोबाइल दुकान में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**मन्दसौर।** शहर के नेहरू बस स्टैंड स्थित नाकोड़ा कॉम्प्लेक्स में 7 और 8 जून की दरमियान रात चोरी की वारदात सामने आई है। एक अज्ञात चोर ने कॉम्प्लेक्स की करीब 6 से 8 दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास किया और वह एसएस एंटरप्राइजेज नामक मोबाइल दुकान के अंदर घुसने में कामयाब रहा। चोर ने दुकान का ताला चटकाने के बाद वहां लगे एक सेक्शन ग्लास को करीब आधे से पौने घंटे की मशक्कत के बाद तोड़ दिया और अंदर प्रवेश कर गया। दुकान के मालिक के अनुसार, चोर वहां से करीब 8-10 रिपेयरिंग के लिए आए मोबाइल, कुछ पुराने मोबाइल, एक चालू फोन, पावर बैंक, डिस्प्ले और गल्ले में रखी नकदी समेटकर ले गया। कांच तोड़ने और चोरी की इस वारदात के दौरान अज्ञात आरोपी के पैर में चोट भी लग गई, जिसके कारण घटनास्थल पर खून के निशान मिले हैं। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें एक अकेला चोर ही वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के अन्य कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

## पुलिस पेंशनर्स संघ द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन



**मंदसौर।** स्थानीय गांधी चौराहा पर पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार के नेतृत्व में एक नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दशपुर जागृति संगठन, ब्रह्म परिषद और राजपूत सिंह सभा जैसे कई सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। उपस्थित वक्ताओं ने युवा पीढ़ी और समाज में बढ़ती नशे की लत और उसके दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष ने गीत के माध्यम से और अन्य सदस्यों ने स्लोगन व करीब 500 पंपलेट बांटकर लोगों को जागरूक किया। पुलिस पेंशनर्स संघ पहले भी इस तरह के शिविर और नुक्कड़ सभाएं आयोजित करता रहा है। कार्यक्रम में नगर के कई वरिष्ठ समाजसेवियों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की और अंत में सभी ने नशे के खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कार्यवाहक अध्यक्ष ब्रजेश दुबे द्वारा किया गया।

## पं. खुशीराम महाराज के मुखारविंद से सात दिवसीय श्री भक्तमाल कथा 9 से



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय सत्य सनातन धर्म सेवा समिति एवं नगर वासियों के संयुक्त तत्वाधान में 9 जून रविवार से 15 जून सोमवार को 7 दिवसीय श्री भक्तमाल कथा का आयोजन स्थानीय बालाजी मंदिर परिसर में शाम 7 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक वृंदावन के पंडित खुशीराम जी महाराज के मुखारविंद से आयोजन रखा जाएगा। इसी उपलक्ष्य में प्रथम दिन 9 जून को स्टेशन बालाजी से टिलाखेड़ा बालाजी तक पोथी व कलश यात्रा का आयोजन रखा गया है। 15 जून सोमवार को यज्ञ पूणार्हुति के साथ कथा का समापन होगा। सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।

## लायंस क्लब मन्दसौर स्टार की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर स्टार की एक बैठक में लायन वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस नवगठित टीम में अंजली शाह को अध्यक्ष, किरण रावका को सचिव और हिमशिखा पिपलानी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में क्लब संस्थापक अध्यक्ष कविता मिंडा के प्रांत की सेक्रेटेरियट टीम में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन एंड लायंस इनफार्मेशन चेयरपर्सन एवं पूर्व अध्यक्ष सोनाली जैन के डिस्ट्रिक्ट प्राइम प्रोग्राम-अवर नेशन चेयरपर्सन नियुक्त होने पर सभी सदस्यों ने खुशी और गौरव व्यक्त किया। क्लब की वर्तमान अध्यक्ष सीमा अरोरा ने सभी नव-मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी।



## भक्तिरस में डूबा परसुलिया कला, श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम परसुलिया कला स्थित पाटीदार धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन रविवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के वातावरण में हुआ। कथा के अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई। कथा के दौरान ग्राम भूंसी मालवा के प्रख्यात संत पंडित ब्रज किशोर नागर ने अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का श्रवण कराया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, धर्म, सदाचार, भक्ति और मानव जीवन के आदर्श मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिए। कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिस पर श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर होकर झूम उठे। आयोजन के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। समापन अवसर पर महाआरती की गई तथा यज्ञ की पूणार्हुति के साथ कथा का विधिवत समापन हुआ। पूरे सप्ताह परसुलिया कला सहित आसपास के गांवों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कथा स्थल पर सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धर्म और संस्कारों के ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## पुरुषोत्तम मास भगवान की कृपा प्राप्ति का सबसे दुलर्भ ओर उत्तम समय -पंडित भट्ट



**सुसनेर।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर स्थानीय न्यायालय प्रांगण में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा पर आधारित संगीतमय प्रवचन के दूसरे दिन प्रवचनकर्ता पंडित वेदप्रकाश भट्ट महंत के द्वारा प्रवचन के दौरान कहा किपुरुषोत्तम मास (अधिक मास) में भगवान विष्णु/श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्ति का सबसे ज्यादा उत्तम, पवित्र और दुर्लभ समय है। इस दौरान भागवत कथा श्रवण और जप-तप करने से साधक के करोड़ों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और वह सीधे गोलोक धाम को प्राप्त कर सकता है। पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा का महत्वः स्वयं भगवान का प्रियः यह मास स्वयं भगवान विष्णु का अपना महीना है, इसलिए इसे पुरुषोत्तम नाम दिया गया है। पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। इस मास में किए गए दान, स्नान, और कथा श्रवण का फल सामान्य दिनों से कई गुना अधिक होता है। उक्त कथा 5 जून से 9 जून तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 आयोजित की जा रही हे। द्वितीय दिवस की कथा के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, समाजसेवी राणा जयवर्धनसिंह रोहन बना, भाजपा नेता डॉक्टर गजेन्द्रसिंह चंद्रावत, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, दुर्गाप्रसाद जाटव, मदनलाल विश्वकर्मा आदि ने प्रवचन में उपस्थित होकर कथावाचक पंडित वेदप्रकाश भट्ट महंत का सम्मान किया एवं महाआरती में भाग लिया।

## मालवासा दंगल में कंचनखेड़ी के विजय खैर पहलवान जीते



**खाचरोद।** ग्राम मालवासा में विराट कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ जिसमें पवनपुत्र व्यायामशाला के उस्ताद डॉक्टर श्याम सिंह पहलवान के शिष्य कंचनखेड़ी के विजय खैर पहलवान ने अपने प्रतिद्वंदी को हराकर जीत दर्ज करते हुए विजयी हुए तथा अपने गुरु डॉ. श्याम सिंह पहलवान एवं कंचन खेड़ी तथा खाचरोद नगर का नाम रोशन किया तथा पवनपुत्र व्यायामशाला खाचरोद के गोवर्धन गुर्जर पहलवान और शुभम निनामा पहलवान बराबरी पर रहे। पहलवानों की इस उपलब्धि पर बजरंग व्यायामशाला कंचन खेड़ी के उस्ताद कैलाश पोपांडिया सचिन पोपांडिया गोवर्धन लाल मेहता ओमवीर सिंह भदौरिया तथा पवनपुत्र व्यायामशाला के अध्यक्ष राकेश राठौड़ प्रकाश राठौड़ नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरवा एवं कंचन खेड़ी व खाचरोद नगर वासियों ने बधाई देकर शुभकामनाएं दी।

## मित्रता में प्रभाव नही अच्छा भाव होना चाहिए, - पं नागर



**ब्यावरा।** ब्यावरा के समीप ग्राम खरेटिया में समस्त ग्रामवासियो द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के समापन दिवस पर कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने सुदामा चरित्र प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मित्रता सुदामा एवम भगवान कृष्ण जैसी होनी चाइये जिसमे प्रभाव से नही निःस्वार्थ भाव से मित्रता निभानी चाहिये, और जीवन मे चाहे कितना भी दुख आ जाये हमेशा धैर्य रखना चाइये,,, महाप्रसादी के साथ कथा का समापन हुआ, आसपास के हजारों भक्तो ने महाप्रसादी ग्रहण की, खारेटिया वासियो ने सभी क्षेत्रवासियो का आभार माना।

### जनता परेशान है, जल्द ही लोक निर्माण मंत्री से मिलकर काम शुरू करवाने की मांग करूँगा-न प अध्यक्ष

# सुसनेर-पटपड़ा मार्ग निर्माण में लापरवाही पर ठेकेदार को अंतिम अल्टीमेटम, निरस्त हो सकता है टेंडर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



पटपड़ा मार्ग के मजबूतीकरण और नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार की घोर लापरवाही पर लोक निर्माण विभाग ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी काम अधूरा छोड़ने और मानसून सिर पर होने के बावजूद पक्की नाली का निर्माण शुरू न करने पर विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने ठेकेदार सचिन मौर्य को अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया है। विभाग की और से जारी पत्र में कहां गया है कि ठेकेदार तत्काल उपयंत्री रोहित शाहू से संपर्क कर नाली निर्माण का कार्य तुरंत शुरू करें। विभाग ने साफ किया है कि यदि काम तुरंत शुरू नहीं हुआ तो अनुबंध निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही लगातार चेतावनी पत्र देने पर भी काम शुरू नहीं करने पर विभाग की और से वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर संबंधित फर्म को ब्लेकलिस्टेड करने की बात कहीं है। इस मामलें में ठेकेदार के सत्ताधारी दल का रसूखदार नेता होने के बावजूद, विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने बिना किसी राजनीतिक दबाव के सख्त रुख अख्तियार किया है। तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी काम अधूरा छोड़ने पर विभाग ने ठेकेदार सचिन मौर्य को अंतिम चेतावनी पत्र थमा दिया है। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेज दिया है।

**डेडलाइन खत्म, फिर भी काम बंद**

जानकारी के अनुसार 1.5 किलोमीटर लंबे सुसनेर-पटपड़ा मार्ग के मजबूतीकरण का वर्क ऑर्डर 21 जुलाई 2025 को जारी किया गया था। ठेकेदार को 6 महीने की अवधि के भीतर यानी 20 जनवरी 2026 तक हर हाल में काम पूरा करना था। लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के महीनों बाद भी सड़क का काम अधूरा पड़ा है, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**नाली निर्माण न होने से जलभराव का खतरा**

विभाग ने नोटिस में कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि आगामी बारिश का मौसम बेहद नजदीक है। स्वीकृत योजना के तहत सड़क के साथ पक्की नाली का निर्माण किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा आज दिनांक तक नाली निर्माण का काम शुरू ही नहीं किया गया है। अगर बारिश से पहले नाली नहीं बनी, तो पूरे मार्ग पर जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है।

सडक का हिस्सा जुडा है नगर के रिहायशी इलाकें से इस सडक में जहां नाली का निर्माण होना है वह नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 के रिहायशी इलाके से जुडा है। यहां के नागरिकों का कहना है कि बारिश में वैसे ही यह क्षेत्र निचले स्तर पर होने से थोडी सी बारिश में पानी घरों में घुसता है अगर नाली का निर्माण नहीं हुआ तो इस बारिश में पानी उनके घरों के अंदर जाएगी। जिससे कोई बडी जनहानि हो सकती है।

**इनका कहना**

जनता के हितों से समझौता नहीं किया जा सकता। बारिश का मौसम नजदीक है। ऐसे में नाली निर्माण और सड़क का काम तुरंत शुरू होना बेहद जरूरी है। मैं इस गंभीर विषय को लेकर जल्द ही भोपाल जाकर लोक निर्माण विभाग के मंत्री से मुलाकात करूँगा। उनके संज्ञान में पूरा मामला डालकर इस मार्ग का कार्य तत्काल प्रभाव से सुचारू रूप से शुरू करवाने की पुरजोर मांग करूँगा ताकि जनता को राहत मिल सके।

**प्रदीप सोनी**
**अध्यक्ष नगर परिषद सुसनेर**


पटपडा मार्ग पर नाली का निर्माण नहीं करे वाले ठेकेदार को कार्य शुरू करने के लिए पत्र दिया गया है किंतु उनके द्वारा समयावधि बीत जाने के बाद भी कार्य नहीं किया है। संबंधित फर्म को ब्लेकलिस्टेड करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

**दिवाकर पांडे**
**एसडीओ लोक निर्माण विभाग**
**उपसंभाग सुसनेर**

### देवास में दोस्त की हत्या का बदला

# मेले में युवक को चाकू घोंपने वाला आरोपी महाराष्ट्र भागते समय गिरफ्तार, तानों से परेशान था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास के चर्चित उदयनगर मेला हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी गोरेलाल चौहान को सेंधवा क्षेत्र से महाराष्ट्र भागने की फिराक में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने करीबी दोस्त की मौत का बदला लेने के लिए मेले के दौरान संजय कन्नौजे की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

हत्या की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद इमलीपुरा निवासी आरोपी गोरेलाल पुलिस से बचने के लिए फरार हो गया था। वह महाराष्ट्र जाकर छिपने और वहां मजदूरी करने की योजना बना रहा था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसका लगातार पीछा किया और सेंधवा के पास धर दबोचा।

**शादी समारोह में हुई थी दोस्त की हत्या**

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि गोरेलाल ने पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। दरअसल, कुछ महीने पहले उदयनगर क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान नाचने की बात पर विवाद हो गया था। इसी विवाद में गोरेलाल के दोस्त सुमीत की हत्या कर दी गई थी।

**संजय ने किया था हत्यारे का समर्थन**

सुमीत को उस शादी समारोह में गोरेलाल ही अपने साथ लेकर गया था। इस कारण सुमीत के परिजन अक्सर गोरेलाल को ही उसकी मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ताने मारते थे। वहीं, सुमीत की हत्या करने वाला आरोपी संजय कन्नौजे का रिश्तेदार था और पुलिस के मुताबिक, संजय ने उस हत्यारे का मौखिक रूप से समर्थन भी किया था।

**माथे से कलंक मिटाने के लिए लिया बदला**

मृतक के परिजनों से लगातार मिल रहे तानों और आरोपों के कारण गोरेलाल के मन में यह बात बैठ गई थी कि दोस्त की मौत का दाग उसके माथे पर लग गया है। इसी कलंक को मिटाने और संजय के परिवार से बदला लेने के लिए उसने यह खौफनाक साजिश रची। लंबे समय तक मौके की तलाश में रहने के बाद, उसने उदयनगर मेले में संजय पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

## पेंशनर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल

**10 को निकलेगी रैली, एसडीएम को सौंपेंगे ज्ञापन**

**सारंगपुर।** प्रदेश के लगभग 5 लाख पेंशनर्स की न्यायोचित मांगों, बढती समस्याओं और शासन की पेंशनर्स-विरोधी नीतियों के विरोध में संगठन द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल के प्रांतीय सचिव एवं स्थानीय शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने बताया कि प्रांतीय निकाय संगठन अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया एवं जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश नागर के निर्देश पर विभिन्न मांगो को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है।

त्रिकार ने बताया कि प्रथम चरण में 10 जून दोपहर 3:30 बजे तहसील स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय साई मंदिर से एक रैली निकालकर एसडीएम के माध्यम से मध्य प्रदेश शासन मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। जबकि यदि कोई सकारात्मक हल नहीं निकलता है, तो द्वितीय चरण में 30 जून को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन और भव्य रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी यदि सरकार ध्यान नहीं देती है, तो तृतीय चरण में 22 जुलाई को भोपाल में प्रांत स्तरीय जंगी धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

त्रिकार ने बताया कि हमारी विभिन्न न्यायोचित मांगे है कि मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) औचित्यहीन हो चुकी है, इसे अविलंब समाप्त किया जाए। पेंशनर्स के लिए कैशलेस बीमा योजना तत्काल लागू की जाए। पेंशनर्स को 80 वर्ष की उम्र के स्थान पर 79 वर्ष पूर्ण करने पर ही पेंशन में 20 फीसदी की वृद्धि का लाभ दिया जाए।

## अमानपुरा में जल जीवन मिशन को मिली गति

**राजगढ़।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमानपुरा के ग्राम अमानपुरा में जल प्रदाय योजना के कमीशनिंग कार्य को गति मिल रही है। योजना के तहत ग्रामवासियों को नियमित एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। ग्राम अमानपुरा को बावड़ीखेड़ा स्थित उच्च स्तरीय जलाशय ओएचटी से पेयजल आपूर्ति किए जाने का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत ग्राम में कुल 172 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इनमें से प्रथम चरण में 40 घरों में सफलतापूर्वक नल के माध्यम से जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है।

### बड़ौद में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा:सात दिन चलेंगे धार्मिक आयोजन

# भागवत कथा देती है सदाचार की प्रेरणा- महंत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़ौद



आगर मालवा के बड़ौद स्थित श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में रविवार से सात दिवसीय भागवत कथा की शुरूआत हो गई है। कथा शुरू होने से पहले नगर में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

यह कलश यात्रा श्रीकृष्ण मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख रास्तों से होती हुई वापस मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण किए हुए थीं, तो वहीं अन्य श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। रास्ते में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया।

कथा के पहले दिन महामंडलेश्वर महंत अभिराम दास जी त्यागी ने श्रीमद् भागवत का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि भागवत सुनने से मन को शांति मिलती है और यह इंसान को धर्म, सदाचार व मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने इसे समाज में अच्छे विचारों को फैलाने का माध्यम बताया।

**सात दिनों तक चलेंगे भगवान कृष्ण के प्रसंग**

आयोजन समिति के मुताबिक, यह कथा आने वाले सात दिनों तक हर दिन दोपहर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े अलग-अलग प्रसंगों और भागवत के अध्यायों का विस्तार से वर्णन होगा। कथा के पहले दिन नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

### नलखेड़ा में लखुंदर नदी की हुई सफाई

# सैकड़ों लोगों ने श्रमदान कर पॉलिथीन, जलकुंभी और कचरा निकाला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नलखेड़ा



आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लखुंदर (लक्ष्मणा) नदी की सफाई के लिए व्यापक श्रमदान किया गया। रविवार को मां बगलामुखी मंदिर के पीछे प्रवाहित होने वाली इस नदी से पॉलिथीन, जलकुंभी और अन्य कचरा निकाला गया। इस अभियान में सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सफाई अभियान का उद्देश्य नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाना था। श्रमदान के दौरान नदी में जमा पॉलिथीन, पूजन सामग्री, जलकुंभी, कपड़े और कागज सहित विभिन्न अपशिष्ट पदार्थों को हटाया गया। इस पहल के माध्यम से लोगों को जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता का महत्व समझाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने नागरिकों से अपील की कि वे नदियों, तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों में कचरा या पूजन सामग्री विसर्जित न करें। उन्होंने पॉलिथीन के उपयोग को कम करने पर भी जोर दिया। वक्ताओं ने जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

इस श्रमदान अभियान में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड नलखेड़ा, राष्ट्र सेविका समिति और हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक पवन चतुर्वेदी, राष्ट्र सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका भार्गवी जोशी, हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक सोनू जायसवाल और विकासखंड समन्वयक प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। नगर की मातृशक्ति और युवाओं ने भी श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया।

## खेत में काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत, गांव में शोक

**सुसनेर।** क्षेत्र के ग्राम बड़ा देहरिया में रविवार को हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। खेत पर काम कर रहे 23 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। खास बात यह है कि मृतक के पिता का भी पूर्व में निधन हो चुका है, जिससे परिवार पर एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार धिरप सिंह (23 वर्ष) निवासी बड़ा देहरिया रविवार को अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक विद्युत तार टूटकर नीचे गिर गए और वह करंट की चपेट में आ गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल सुसनेर के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के पिता जीवन सिंह का भी पहले ही निधन हो चुका है। अब जवान बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का दोहरा आघात पड़ा है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे।



## फेडरेशन के स्थापना दिवस पर किया 'जीव दया' का आयोजन

**महिदपुर रोड।** फेडरेशन के मूल मंत्र ३मैत्री से संगठन और संगठन से सेवा३ को आत्मसात करते हुए ग्रुप के सदस्यों ने मूक पशु-पक्षियों की सेवा कर स्थापना दिवस को सार्थ कता प्रदान की। सेवा कार्य के अंतर्गत ग्रुप के सदस्यों ने पक्षियों के लिये अनाज चावल अर्पित किया और कीड़ियों चींटियों) के लिये नगर दिये। पर्यावरण और जीव संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सभी सदस्यों ने इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। ग्रुप अध्यक्षा नेहा अरविंद बरडिया ने अपने संबोधन में बताया यह जीव दया कार्यक्रम लाभार्थी परिवार राजेश स्नेह लता कांठेड की वैवाहिक वर्षगांठ पर आयोजित किया गया था३ ग्रुप द्वारा लाभार्थी दंपति का स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रुप के सभी दंपति सदस्यों सहित अंगूरबाला कोचर अलका कोचर सीमा चत्तर सपना मूणत मोना भंडारी मनीषा भंडारी प्रतिभा भंडारी अनिता कोचर सहित 'केसरिया यूनिक परिवार' के सदस्य उपस्थित रहे। जानकारी ग्रुप के प्रचार सचिव मनोज-चेतना बोथरा द्वारा प्रदान की गई।

## किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मुरलीधर कलमोदिया नियुक्त



**सारंगपुर।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष भगवान सिंह बागडी (चौहान) द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए मुरलीधर कलमोदिया (खाती) को किसान कांग्रेस ब्लॉक संडावता का नया ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद कलमोदिया ने कहा कि मेरे द्वारा पार्टी की रीति-नीति के अनुसार पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन से काम किया जाएगा। संगठन ने जो अपेक्षा मुझ से की है कि उस पर खरा उतरते हुए सदैव क्षेत्र के किसानों के हितों और उनके मुद्दों के लिए अग्रिम पंक्ति में खडा रहकर ब्लॉक स्तर की गतिविधियों से जिला कार्यालय को अवगत कराते रहूंगा। नियुक्ति की घोषणा के बाद स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ नेता रमेश पप्पु कलमोदिया सहित कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने मुरलीधर कलमोदिया को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर आयोजित एक बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि कलमोदिया के नेतृत्व में क्षेत्र में किसान कांग्रेस को एक नई मजबूती मिलेगी और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस दौरान बैठक में ब्लाक अध्यक्ष रितेश पाटीदार, विस अध्यक्ष राहुल चौहान सहित बडी संख्या में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मप्र कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बने देवीसिंह धाकड़

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेर्शानुसार संगठन में बडे बदलाव और नियुक्ति यों का दौर जारी है। इसी कडी में प्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के नव-नियुक्त प्रबंध समिति और प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस नई सूची में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अनुशंसा पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवीसिंह धाकड साबरस्या को बडी जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद देवीसिंह धाकड़ ने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में वह तन-मन-धन से कार्य करेंगे।



## महिला से मारपीट, पति-सास व देवर पर केस दर्ज

**आगर मालवा।** ससुराल जाने की बात को लेकर रविवार सुबह अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी रूपता बाई (18) के साथ उसके पति हरेश पारदी, सास पोकलिन बाई और देवर धनराज द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने घटना की शिकायत कोतवाली थाना आगर में की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



अक्सर लोग स्वादिष्ट खाना पाकर हेल्दी फूड ज्यादा खा बैठते हैं। क्या आप जानते हैं कि ऐसा किया जाना सही नहीं है? इसका आपकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है।

# क्या जरूरत से ज्यादा हेल्दी खाना भी मोटापा बढ़ाता है?

यह तो आप जानते ही होंगे कि ओवर ईटिंग करना सही नहीं है। इससे वजन बढ़ सकता है और यह कई तरह की मेडिकल कंडीशन जैसे हाई बीपी, डायबिटीज आदि का कारण भी बन सकता है। इसलिए, कहा जाता है कि हमेशा उतना ही खाएं, जितना जरूरी है और हमेशा खाने के लिए स्वस्थ विकल्पों को ही चुनें। हालांकि, कुछ लोग यह सवाल करते हैं कि अगर हेल्दी फूड्स ज्यादा मात्रा में खा लिया जाए, तो क्या तब भी वजन बढ़ सकता है?



## क्या ज्यादा मात्रा में हेल्दी फूड्स खाने से वजन बढ़ता है?

ज्यादा मात्रा में कोई भी चीज बुरी होती है, फिर चाहे आप स्वस्थ आहार का ही सेवन क्यों नहीं कर रहे हैं। इसको स्पष्ट करते हुए दिव्या गांधी समझाती हैं, हेल्दी फूड्स को भी सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए। असल में, हेल्दी फूड्स में भी सीमित मात्रा में कैलोरी होती है। अगर आप ओवर ईटिंग कर बैठते हैं, तो शरीर में कैलोरी की मात्रा बढ़ सकती है। यह वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार स्थिति मानी जाती है  दिव्या गांधी आगे कहती हैं, अधिक मात्रा में पौष्टिक आहार का सेवन करने से शरीर उसे फैट की तरह स्टोर करता है। यह भी मोटापा बढ़ाने का कारण बन सकता है।



## हेल्दी फूड खाते हुए वजन को नियंत्रित कैसे रखें?

हालांकि, यह सच है कि ज्यादा मात्रा में हेल्दी फूड खाने से मेटाबॉलिज्म पर उतना नेगेटिव असर नहीं पड़ता है, जितना जंक या प्रोसेस्ड फूड खाने से होता है। इसके बावजूद, ज्यादा मात्रा में हेल्दी फूड खाना भी सही नहीं है। हेल्दी फूड खाते हुए वजन को नियंत्रित करने के लिए इन टिप्स को अपनाएं-

**पोर्शन कंट्रोल:** हेल्दी फूड को भी सीमित मात्रा में ही खाया जाना चाहिए। खासकर, स्नैक्स और नट्स आदि की मात्रा कम रखें।

**माइंडफुल ईटिंग करें:** हेल्दी फूड न सिर्फ सीमित मात्रा में खाएं, बल्कि चबा-चबाकर खाएं। जैसे ही पेट भर जाएगा, बॉडी को सिग्नल मिलेगा कि अब खाना बंद कर दें।

**सब्जियां अधिक खाएं:** हेल्दी फूड में भी आपको उन विकल्पों को चुनना चाहिए, जो फैट स्टोरेज को बढ़ावा नहीं देते हैं। इनमें ब्रोकली, हरी पत्तेदार सब्जियां आदि शामिल हैं। इनमें कैलोरी कम होती है और कम मात्रा में ही इसका सेवन करने से पेट भरे होने का एहसास होता है।

# आपके चलने की स्पीड भी बताती है आपकी सेहत से जुड़ी कई बातें



चलने की स्पीड को नजरअंदाज न करें। इससे आपकी सेहत से जुड़ी कई बातों का खुलासा होता है, जैसे आपका कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम सही काम कर रहा है या नहीं और कॉग्निटिव फंक्शन में सुधार की जरूरत तो नहीं?

यह बात तो आप जानते ही हैं कि वॉक करना समग्र स्वास्थ्य के लिए सही होता है। इससे फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है और हड्डियों से जुड़ी कई तरह की समस्याओं से भी राहत मिलती है। बहरहाल, क्या आप जानते हैं कि आपके चलने की स्पीड भी आपकी सेहत से जुड़ी कई बातों का खुलासा करती है? जी, हां! यह पूरी तरह सच है। अगर आप जानना चाहते हैं कि चलने की स्पीड से स्वास्थ्य के बारे में क्या पता चलता है, तो इस लेख को पूरा पढ़ें।

तेज गति से चलना आपके दिल और फेफड़े के स्वस्थ होने की निशानी है। अगर आप बिना हांफें या थके तेज चल पाते हैं, तो इसका साफ-साफ मतलब यह है कि आपका कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम बहुत अच्छी तरह से काम कर रहा है। वहीं अगर आप धीमी गति से चलने पर भी थकान महसूस करते हैं या हांफ रहे हैं, तो इसका अर्थ है कि आपका दिल कमजोर है या आर्टरीज ब्लॉक हैं।

## कॉग्निटिव फंक्शन

सामान्यतः लोगों को यही लगता है कि चलने का मतलब पैरों को अधिक मजबूत बनाना है। जबकि, हकीकत यह है कि वॉक करने के लिए मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के बीच सही तालमेल होना चाहिए। विशेषज्ञ बताते हैं कि उम्र बढ़ने के साथ लोगों में अचानक चलने की गति धीमी हो जाती है। ऐसा डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) या अल्जाइमर की वजह से हो सकता है। धीमी गति से चलना डिमेंशिया या अल्जाइमर का शुरूआती संकेत हो सकता है।

## मांसपेशियों की ताकत

आपकी चलने की गति मांसपेशियों की ताकत और हड्डियों की डेंसिटी की ओर भी इशारा करती है। विशेषज्ञों की मानें, तो जो लोग अधिक उम्र में भी तेज गति से चलते हैं, उनमें गिरने या फ्रैक्चर होने का खतरा बहुत कम होता है। इसके विपरीत अगर कोई कम उम्र में धीमी गति से चलता है, तो संभव है कि उनकी मांसपेशियां स्टिफ हो चुकी हों या हड्डियां कमजोर हो चुकी हों।

चलने की स्पीड आपके स्वास्थ्य से जुड़ी कई बातों का खुलासा करने लगती है। आप भी यह नोटिस करें कि कहीं आपकी स्पीड धीमी तो नहीं है? अगर हां, तो अपनी इस स्थिति को इग्नोर न करें। रोजाना वॉक करें और अपनी ओवरऑल हेल्थ में सुधार करें। खासकर, वॉक करके ब्लॉक की फ्लेक्सिबिलिटी को काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

# Sport

भारत की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत

# न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराया, मानव सुथार को 7 विकेट



एजेंसी ▸▸ न्यू चंडीगढ

भारत ने न्यू चंडीगढ़ में खेले गए टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हरा दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत की पिछली सबसे बड़ी जीत पारी और 272 रन के अंतर से थी। जो 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में मिली थी।

मैच के तीसरे दिन अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 564/8 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। इसके जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन खेलना पड़ा।

अफगानिस्तान की दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। डेब्यू मैच खेल रहे मानव सुथार और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। सुथार ने अफगानिस्तान की पहली पारी में 6 विकेट लिए थे। इस तरह उन्होंने मैच में 7 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में 599 मैचों में 186वीं जीत हासिल की है। भारत ने सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने के मामले में वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है। वेस्टइंडीज के नाम 592 मैचों में 185 जीत है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका भारत से आगे हैं।

भारत की पारी और 300 रन की जीत एशियाई टीमों में दूसरी सबसे बड़ी जीत बन गई। इससे बड़ी जीत केवल पाकिस्तान ने 2002 में लाहौर टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पारी और 324 रन से दर्ज की थी। अफगानिस्तान को टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी हार मिली। इससे पहले 2018 में भारत ने ही बेंगलुरु में पारी और 262 रन से हराया था। दूसरी पारी में अफगानिस्तान 112 रन पर सिमट गया।

# वैभव सूर्यवंशी पर फिदा कंगना, बोलीं-वर्ल्ड कप लेकर आओ यार



एजेंसी ▸▸ पटना

भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट टीम में चयन के बाद दुनिया भर से तारीफ मिल रही है। अब बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने भी वैभव की जमकर तारीफ की। उन्होंने वैभव से वर्ल्ड कप की डिमांड कर दी है।

कंगना ने कहा कि, ह्यहमारे पास क्रिकेट देखने का टाइम नहीं होता है, लेकिन मैं क्रिकेट में इस यंग मैन को बेस्ट विशेज देती हूं। वह भी सचिन और विराट की तरह अच्छा करें। उस पर प्रेशर नहीं है, मगर वर्ल्ड कप लेकर आओ यार ह्न दूसरी ओर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भारत के लिए डेब्यू की दहलीज पर खड़े स्टार युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर कहा कि, ह्यमेरा मानना है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी महज 15 साल का है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव की ज्यादा परवाह करेगा। आईपीएल में भी हमने यही देखा है ह्न गांगुली आगे कहा कि, ह्यनिश्चित रूप से भारत के लिए खेलना अलग बात है। वह ऐसे दौरे पर जाएगा, जहां विकेट थोड़े अलग होंगे। वहां गेंद अधिक सीम करेगी, उछाल ज्यादा होगा और नई गेंद से अधिक मूवमेंट मिलेगा। इसलिए खेल थोड़ा अलग होगा, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें अपार प्रतिभा है। इसलिए उसे समय दीजिए।

बिहार के वैभव सूर्यवंशी का सिलेक्शन इंडियन टीम में हो गया है। वह इंडियन क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

## ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श बाहर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। स्टार ओपनर ट्रैविस हेड को क्ढछ के लंबे सीजन के बाद पर्सनल लीव दी गई है, जबकि कप्तान मिचेल मार्श टखने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे। वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं, इसलिए वनडे मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

ए-वन मेरिज ब्यूरो
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### सहेली के साथ रहने की जिद पर युवती से मारपीट, डीसीपी से सुरक्षा की गुहार

**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र में दो युवतियों की दोस्ती और साथ रहने की इच्छा को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। एक युवती ने आरोप लगाया है कि उसकी सहेली के परिजनों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना रविवार देर रात की है। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार स्वाति नामक युवती की शिकायत पर नितेश, उमेश, कृष्णा और नेहा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। स्वाति का कहना है कि उसकी एक युवती से पिछले पांच सालों से दोस्ती है और दोनों साथ रहना चाहती हैं। शिकायत के मुताबिक दोनों युवतियां मार्च महीने में वैष्णो देवी, मथुरा, जम्मू-कश्मीर और हरिद्वार घूमने गई थीं। इसके बाद सहेली के पति और परिजनों को उनके रिश्ते पर आपत्ति होने लगी। आरोप है कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे सहेली के परिजन उसके घर पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उमेश ने उसका सिर दीवार से टकराया, जबकि अन्य आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बाद में उसे घर से बाहर सड़क पर लाकर भी पीटा गया। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद होने की बात कही गई है। स्वाति ने बताया कि वह और उसकी सहेली पहले भी पुलिस कमिश्नर से मिलकर साथ रहने और सुरक्षा की मांग कर चुकी हैं। उनकी शिकायत महिला थाने को भेजी गई थी। पीड़िता का आरोप है कि वहां उन्हें अलग होने की सलाह दी गई। बाद में सहेली को उसके परिजन अपने साथ ले गए थे, लेकिन वह फिर स्वाति के पास लौट आई। दोनों युवतियों का कहना है कि उन्हें अपने परिवारों से जान का खतरा है। मारपीट की घटना के बाद दोनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को वे अपनी शिकायत लेकर डीसीपी जोन-4 कार्यालय भी पहुंचीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाई ने मोबाइल पर कॉल कर ड्राइवर को बुलाया और चाकू से कर दिया हमला

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवती से बातचीत और दोस्ती को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि युवती के भाई ने एक ड्राइवर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया, जिसे उसके दोस्त निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा थाना पुलिस के मुताबिक अभिषेक पाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह पेशे से ड्राइवर है और उसकी दोस्ती आरोपी शिवम की बहन से थी। रविवार रात उसके



मोबाइल पर युवती का मिस कॉल आया था। बाद में जब उसने वापस कॉल किया तो शिवम फोन पर अपशब्द कहने लगा। अभिषेक के अनुसार देर रात शिवम उसके घर पहुंचा और बाहर बुलाकर बहन से बात करने को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद दोनों ने बातचीत के लिए नवचेतन स्कूल के पास मिलने का तय किया। अभिषेक अपने दोस्त प्रमोद साहू के साथ वहां पहुंचा था। शिकायत के मुताबिक बातचीत के दौरान अचानक शिवम ने चाकू निकालकर अभिषेक पर हमला कर दिया। इसके बाद उसने एक पत्थर उठाकर अभिषेक के चेहरे पर भी मार दिया। हमले में घायल अभिषेक को उसके दोस्त तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर आरोपी शिवम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

### ऑनलाइन पेमेंट को लेकर सीएनजी पंप पर विवाद, मैनेजर-गार्ड पर केस दर्ज

**इंदौर।** भंवरकुआ में अवंतिका कंपनी के सीएनजी पंप पर ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने के चलते कार सवार दो युवकों का स्टाफ से विवाद हो गया। इस दौरान मैनेजर ने मारपीट कर दी। वहीं, मौके पर मौजूद गार्ड ने बंदूक की बट से एक युवक के सिर पर हमला कर दिया। घायल युवक को उसका साथी निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस ने बयान के आधार पर मैनेजर और सुरक्षा गार्ड को आरोपी बनाया है। भंवरकुआ पुलिस ने अनिमेष पुत्र अर्जुन राठौर, निवासी सी-द्वारकापुरी की शिकायत पर राजीव गांधी चौराहे स्थित अवंतिका पेट्रोल पंप के मैनेजर और गार्ड के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 12.30 बजे अनिमेष अपने साथी भावेश कांटे के साथ कार में गैस भरवाने पंप पर पहुंचा था। गैस भराने के बाद ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने के कारण उसकी पंप के मैनेजर से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर मैनेजर ने अपशब्द कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान वहां मौजूद गार्ड भी विवाद में शामिल हो गया। उसने अपनी बंदूक की बट से अनिमेष के सिर पर वार कर दिया। हमले में अनिमेष के सिर से खून निकलने लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद भावेश अपने साथी को अन्नपूर्णा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। सूचना मिलने पर देर रात भंवरकुआ पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किए। बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस सोमवार को पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी। फिलहाल मैनेजर और गार्ड दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### आईपीएल सट्टे में 4.50 लाख रुपये हारे युवक ने खाया जहर

**इंदौर।** नालिया बाखल क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने आईपीएल सट्टे में लाखों रुपए हारने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें युवक ने आईपीएल सट्टे में करीब साढ़े चार लाख रुपए हारने का जिक्र किया है। सराफा थाना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अमन मकवाना (26) पुत्र दिलीप मकवाना रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अमन ने रविवार दोपहर घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। उस समय घर पर उसकी छोटी बहन मौजूद थी। बहन ने हालत बिगड़ती देख मामा को फोन किया, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को अमन के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। नोट में उसने अपनी मां और दोनों बहनों से माफी मांगते हुए लिखा है कि वह आईपीएल का सट्टा खेल रहा था और इसमें करीब साढ़े चार लाख रुपए हार गया था। इसी तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। परिजनों के अनुसार अमन एक निजी कंपनी में काम करता था। कुछ समय पहले ही उसके पिता की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी थी। परिवार में मां और दो बहनें हैं, जिनमें एक की शादी हो चुकी है। घटना के समय उसकी मां तीर्थ यात्रा पर गई हुई थीं। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### युवा किसान ने लगाई फांसी पंखे के हुक पर लटका मिला शव

**इंदौर।** पीथमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बोधगांव में युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना रविवार रात लगभग 11 बजे हुई। मृतक की पहचान बोधगांव निवासी बलराम (30) पिता सुरेश पटेल के रूप में हुई है। वह खेती-किसानी का काम करते थे। परिजनों के अनुसार, बलराम ने अपने कमरे में पंखे के हुक पर फंदे के सहारे फांसी लगाई। जब परिजन कमरे में पहुंचे, तो उन्होंने बलराम को फंदे पर लटका हुआ पाया। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा गया और तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मामले की जांच कर रहे अधिकारी आर. पी. मालवीया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राथमिक जांच में मृतक के कमरे से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।मृतक बलराम अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं।

---

वायरल वीडियो के बाद इंदौर एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने लिया बड़ा एक्शन

# बीमार बच्चे को लेकर भटक रहे थे माता-पिता, दो की सेवाएं समाप्त, डॉक्टरों का वेतन काटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल और सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के बीच भीषण गर्मी में बीमार बच्चे को स्ट्रेचर पर लिटाकर माता-पिता द्वारा पैदल धकेलते हुए सामने आए वीडियो के बाद सोमवार को अस्पताल प्रबंधन ने बड़ा एक्शन लिया है।

मामले में लापरवाही पाए जाने पर डीन अरविंद घनघोरिया सिक्योरिटी इंचार्ज और हेल्प डेस्क इंचार्ज की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

इसके अलावा मामले में जिम्मेदारी तय करते हुए डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव का 7 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए हैं। वहीं ड्यूटी में लापरवाही मिलने पर तीन नर्सों का एक-एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई भी की गई है।

अस्पताल प्रबंधन ने आउटसोर्स एजेंसी बीवीजी कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा भी शासन को भेजी गई है। मामले में अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉक्टर अशोक यादव और न्यूरो सर्जन डॉक्टर परेश सोंधिया को भी नोटिस जारी किया गया है। प्रबंधन ने शासन को पत्र लिखकर कहा है कि दोनों डॉक्टर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक तरीके से नहीं कर पा रहे हैं।

6 जून को एक वीडियो सामने आया था, जिसमें भीषण गर्मी के बीच बीमार बच्चे को स्ट्रेचर पर लिटाकर उसके माता-पिता अस्पताल परिसर में खुद धक्का देते हुए नजर आए थे। वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। वीडियो में दिखाई दे रहा दृश्य अब और भी संवेदनशील हो गया है। माता-पिता ने बताया कि आदर्श को सामान्य बच्चों की तुलना में अत्यधिक गर्मी लगती है। उसके शरीर में पसीना बहुत कम आता है, जिससे गर्मी सहन करने की क्षमता बेहद कम हो जाती है। यही कारण था कि रास्ते भर उसकी मां बार-बार अपना दुपट्टा पानी में भिगोकर बच्चे के शरीर पर रखती रही, ताकि उसे कुछ राहत मिल सके। परिजनों और उपलब्ध मेडिकल दस्तावेजों के अनुसार आदर्श हाइपोहाइड्रोटिक एक्टोडर्मल डिस्प्लेसिया नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है। इस बीमारी में शरीर की पसीना बनाने वाली ग्रंथियां सामान्य रूप से विकसित नहीं हो पाती। इसके कारण मरीज को बहुत कम या बिल्कुल पसीना नहीं आता। साथ ही बाल, दांत और त्वचा के विकास पर भी असर पड़ता है।

#### स्ट्रेचर पर ले जाया जा रहा बच्चा दुर्लभ बीमारी से पीड़ित

भीषण गर्मी में स्ट्रेचर पर एक बीमार बच्चे को ले जाते उसके माता-पिता का वीडियो वायरल होने के बाद इसके पीछे का एक दर्दभरा सच सामने आया है। स्ट्रेचर पर ले जाया जा रहा बच्चा कोई सामान्य मरीज नहीं, बल्कि एक दुर्लभ बीमारी और गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्या से जूझ रहा 11 वर्षीय आदर्श मलक है, जिसका इलाज पिछले कई दिनों से एमवाय अस्पताल में चल रहा है। जबरन कॉलोनी निवासी आदर्श के पिता गोलू मलक और मां ज्योति ने बताया कि उनका बेटा पिछले कुछ समय से चलने-फिरने में असमर्थ हो गया था। पहले उसे चेस्ट वार्ड में एडमिट कराया गया, जिसके बाद 20 मई से उसका उपचार एमवाय अस्पताल में चल रहा है।

#### एम्बुलेंस नहीं मिली तो दंपती खुदने धकेला स्ट्रेचर

माता-पिता ने बताया कि शनिवार को डॉक्टरों ने बच्चे की रीढ़ संबंधी बेल्ट के लिए सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल भेजने को कहा था। अस्पताल स्टाफ और एम्बुलेंस के आने में देरी हो रही थी, इसलिए मजबूरी में वे स्वयं ही बच्चे को स्ट्रेचर पर लेकर निकल पड़े। भीषण गर्मी के बीच वे करीब एक किलोमीटर दूर स्थित सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल पहुंचे। वहां कुछ औपचारिकताओं और दस्तावेजी प्रक्रिया के बाद उन्हें फिर एमवाय अस्पताल लौटने के लिए कहा गया। इसके बाद दंपती बच्चे को दोबारा स्ट्रेचर पर तपती धूप में धकेलते हुए एमवाय अस्पताल लेकर आए।

---

शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा दिया, निवेश के बाद आरोपी मोबाइल बंद कर हुआ फरार

# प्रॉपर्टी ब्रोकर से 17.84 लाख की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

- **मुनाफे का 15 प्रतिशत कमीशन देना होगा**
- **शुरूआत में 4 अप्रैल को नितेश से यूपीआई के माध्यम से 10 हजार रुपए निवेश कराए गए**

इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाले एक प्रॉपर्टी ब्रोकर के साथ शेयर मार्केट और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर 17.84 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों और संबंधित बैंक खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**फेसबुक विज्ञापन देखकर किया संपर्क-** एरोड्रम पुलिस के अनुसार, प्रॉपर्टी ब्रोकर नितेश दवे ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश से जुड़े एमईएक्ससी के विज्ञापन देखे थे। विज्ञापन में कम समय में अच्छा रिटर्न देने का दावा किया गया था।

इसके बाद उनकी बातचीत व्हाट्सएप पर एक महिला से हुई, जिसने अपना नाम आराध्या शर्मा बताया। उसने खुद को एमईएक्ससी कंपनी से जुड़ा बताते हुए कहा कि कंपनी क्रिप्टोकरेंसी और यूएसडीटी में निवेश कराती है और निवेशकों को अच्छा मुनाफा मिलता है। आराध्या शर्मा ने नितेश को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा और वहां हरीनी पटेल नाम की महिला को सीनियर अधिकारी बताकर परिचय कराया। इसके बाद ऑनलाइन एक एग्रीमेंट साइन कराया गया, जिसमें बताया गया कि कंपनी द्वारा दिलाए गए मुनाफे का 15 प्रतिशत कमीशन देना होगा। शुरूआत में 4 अप्रैल को नितेश से यूपीआई के माध्यम से 10 हजार रुपए निवेश कराए गए। कुछ समय बाद उन्हें करीब 13 हजार रुपए वापस मिले। इससे उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद सात दिन के निवेश प्लान का झांसा देकर लगातार रकम जमा कराई गई। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद एरोड्रम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों और संबंधित बैंक खाताधारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### पैसे मांगने पर बंद कर लिया मोबाइल

आरोपियों ने अलग-अलग खातों में कई बार पैसे ट्रांसफर करवाए। एक बार में करीब 21 और दूसरी बार में 7 ट्रांजेक्शन कराए गए। इस तरह कुल 17 लाख 84 हजार रुपए विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लिए गए। जब नितेश ने अपना निवेश और मुनाफे की राशि निकालने की बात कही तो आराध्या शर्मा ने फोन उठाना बंद कर दिया। कुछ समय बाद उसका मोबाइल नंबर बंद हो गया और पीड़ित को टेलीग्राम ग्रुप से भी हटा दिया गया। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

---

# जाम गेट पर चलती कार में लगी आग, धू-धूकर जली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महू



महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पर्यटक स्थल जाम गेट पर सोमवार दोपहर करीब 12 बजे चलती कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी कार लपटों की चपेट में आ गई। कार में सवार चार लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार महेश्वर से घाट चढ़कर जाम गेट की ओर आ रहे थे। जाम गेट के पास पहुंचते ही कार से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग भड़क उठी। स्थिति को भांपते हुए कार में सवार चारों लोग तुरंत वाहन से बाहर निकल गए। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी कार जलकर खाक हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें लगातार बढ़ती रहीं। घटना की सूचना संबंधित विभाग को दी गई। इस दौरान जाम गेट मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण तकनीकी खराबी बताया जा रहा है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

---

# पिता की फटकार के बाद युवक ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हीरानगर क्षेत्र में एक रोलिंग मिल कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक रविवार देर रात शराब पीकर घर पहुंचा था, जिसके बाद पिता ने उसे समझाइश दी थी। इसके कुछ देर बाद उसने कमरे में फांसी लगा ली। हीरानगर पुलिस के अनुसार सूरज नगर निवासी अनिल लोधी (26) पुत्र लक्ष्मण लोधी ने रविवार रात करीब 11 बजे अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी पत्नी अपनी ननद के साथ बाहर टहलने गई हुई थी। लौटने पर उसने अनिल को फंदे पर लटका देखा।

पिता लक्ष्मण लोधी ने पुलिस को बताया कि अनिल की शादी इसी साल 1 अप्रैल को हुई थी। रविवार रात वह ठेकेदार के साथ शराब पीकर घर आया था। इस पर उन्होंने उसे फटकार लगाते हुए कहा था कि अभी नई-नई शादी हुई है, इस तरह की आदतों से पत्नी भी उसे छोड़ सकती है। इसके बाद अनिल अपने कमरे में चला गया और आत्मघाती कदम उठा लिया। अनिल एक रोलिंग मिल में काम करता था। परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला है। परिवार में माता-पिता, एक छोटा भाई और दो बहनें हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उधर, इंदौर के खुड़ैल क्षेत्र में भी एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मूसाखेड़ी निवासी अनिल (50) पुत्र कश्मीर पेशे से मकान निर्माण का काम करता था।

---

निगम में अब यूनिपोल घोटाला

# 11 करोड़ के राजस्व नुकसान का आरोप, ईओडब्ल्यू को शिकायत



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में बेतरतीब तरीके से लगाए जा रहे यूनिपोल, लॉलीपॉप मीडिया यूनिट और अन्य आउटडोर विज्ञापनों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। अब इसकी शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) तक पहुंच गई है।

नगर निगम के विज्ञापन विभाग में कथित तौर पर 11 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान के आरोप हैं। मामले में जांच के लिए ईओडब्ल्यू ने निगम से आउटडोर मीडिया पॉलिसी-2017 की प्रति सहित विज्ञापन ठेकों से संबंधित पूरी फाइल, टेंडर प्रक्रिया, नियमों और संबंधित अधिकारियों की जानकारी तलब की है।

शिकायत है कि लॉलीपॉप मीडिया यूनिट (छोटे यूनिपोल) और यूनिपोल के माध्यम से विज्ञापन स्थलों के आवंटन में नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे निगम को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। हाल ही में निगम द्वारा सात वर्ष की अवधि के लिए किए गए विज्ञापन ठेकों को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

ईओडब्ल्यू ने निगम के मार्केट विभाग से दो प्रमुख निविदाओं से जुड़े सभी दस्तावेज मांगे हैं। इनमें प्रशासनिक स्वीकृति, निविदा शर्तें, नोटशीट, निविदाकारों द्वारा जमा किए गए दस्तावेज व स्वीकृत निविदा की संपूर्ण फाइल शामिल है। जांच एजेंसी यह भी पड़ताल कर रही है कि विज्ञापन स्थलों के आवंटन और संचालन में निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया गया था या नहीं।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com